CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,633.02
निफ्टी 24,833.60
सोना 98,160
चांदी 99,900

बरेली, शुक्रवार 30 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 2 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## बापू की भूमि भी दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाएगी: शशि थरूर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## आरसीबी पंजाब को 8 विकेट से हराकरफाइनल में पहुंची

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# एक दिन हमारा होकर रहेगा पीओके

# पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है: मोदी


## सिर्फ पीओके खाली कराने पर ही होगी बात: विदेश मंत्रालय



**कोलकाता।** पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी।

इससे 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पीएनजी उपलब्ध कराना है। योजना के तहत न्यूनतम कार्य कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुसार लगभग 19 सीएनजी स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे विश्वसनीय, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी ईंधन आपूर्ति की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के दुस्साहसों का जिक्र किया। कैसे भारत ने तीन बार पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता की, उसके बाद पश्चिम बंगाल में भी बहुत गुस्सा था। आपके भीतर जो आक्रोश था, आपका जो गुस्सा था, उसको मैं भलीभांति समझता था। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया, जिसकी पाकिस्तान ने कल्पना तक नहीं की थी।


**■ हमारी सेना ने पाक को सिंदूर की ताकत का अहसास कराया**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही बातचीत होगी।

पीओके के लोग हमारे अपने ही हैं। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि हम भारत का हिस्सा हैं। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को। करने को हम कुछ और भी कर सकते थे, लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो गया है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

**■ पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी**




**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज़ शरीफ के भारत के साथ आतंकवाद सहित हर मुद्दे पर बातचीत की खुली पेशकश पर अपना रुख और साफ करते हुए गुरुवार को कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत द्वारा सौंपी गई सूची के आधार पर आतंकवादियों को हमारे हवाले करने तथा जम्मू कश्मीर से उसके अवैध कब्जे वाला हिस्सा खाली करने के बारे में ही बात की जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री द्वारा उनके विदेश दौरे के दौरान भारत के साथ बातचीत की बार बार की जा रही पेशकश के बारे में भारत की प्रतिक्रया पूछे जाने पर कहा कि जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। हमारे बीच कोई भी संबंध या संपर्क द्विपक्षीय होना चाहिए। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। उन्हें भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा, जिनके रिकॉर्ड और सूची हमने कुछ साल पहले उन्हें सौंपी थी। जम्मू-कश्मीर पर बातचीत इस पर होगी कि जम्मू-कश्मीर के उसके अवैध कब्जे वाले इलाका पाकिस्तान खाली करके हमें कब सौंपेगा।

**■ हमारा रुख साफ, आतंकवाद व बातचीत साथ नहीं हो सकती**

# सुप्रीम कोर्ट के लिए तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को अपने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर तीनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना की जानकारी दी। तीनों न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण करने के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के लिए निर्धारित न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद के लिए इतनी ही स्वीकृत संख्या है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने सोमवार को तीनों न्यायाधीशों की पदोन्नति की सिफारिश की थी।

**■ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर हुई 34**

## यूपी में बिजली गिरने से दो बहनों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। वहीं राजस्थान के बूंदी में गर्मी के चलते एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हीटवेव बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिन में पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है। उत्तर प्रदेश में भी मौसम बदला है। यहां 50 जिलों में बादल छाए हैं और लखनऊ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। इससे पहले गुरुवार को मिर्जापुर में 8 लोगों पर बिजली गिरी। 2 सगी बहनों की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में 16 दिन पहले मानसून की एंट्री हो गई है। आमतौर पर बस्तर में मानसून 13 जून तक आता है, लेकिन इस बार 28 मई को ही पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में 5 दिन में 34.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य बारिश से 9 गुना ज्यादा है। मध्य प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में 3 दिन तक आंधी और भारी बारिश का अलर्ट है। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटा तक रहेगी। यहां नौतपा में टेम्परेचर में पारा 48 डिग्री तक पहुंच जाता है, लेकिन इस बार पारा 45 डिग्री भी नहीं पहुंचा। दिल्ली में गुरुवार को मौसम विभाग ने 31 मई तक 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं और गरज के साथ आंधी-बारिश की आशंका जाहिर की है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**हापुड़/लखनऊ।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शॉर्प शूटर नवीन कुमार मार गिराया गया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का निवासी बदमाश दिल्ली में व्यापारी की हत्या एवं मकोका में वांछित था। हापुड़ जिले में कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर तिराहा के पास बीती देर रात मुठभेड़ में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके कब्जे से एक पिस्टल और गोली-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस लंबे अरसे से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों की टोह ले रही थी। इस सम्बन्ध में पता चला कि दिल्ली में हत्या की घटना में शामिल नवीन कुमार अपने साथी के साथ मोटर साइकिल से हापुड़ की तरफ किसी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा है।

## वीजा नीति अमेरिका का संप्रभु फैसला

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका में छात्रों के वीजा आवेदनों को रोके जाने के फैसले को अमेरिकी प्रशासन का संप्रभु फैसला बताया और कहा कि अमेरिकी प्रशासन को गुणदोष के आधार पर इस मामले को देखना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत के तीन लाख 30 हजार छात्र अमेरिका में हैं। अमेरिकी प्रशासन के वीजा को लेकर नए दिशानिर्देश आए हैं। भारत सरकार इन पर पैनी नज़र रखे है। वीजा नीति किसी भी देश का संप्रभु निर्णय होता है। हमारा मानना है कि छात्रों के वीजा आवेदनों को मेरिट यानी गुणदोषों के आधार पर देखा जाना चाहिए।

## शांगरी-ला संवाद में भाग लेने सीडीएस सिंगापुर जाएंगे

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटजिक अफेयर्स द्वारा वार्षिक रूप से आयोजित शांगरी-ला संवाद के 22वें संस्करण में सम्मिलित होने के लिए 30 मई से एक जून तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। जनरल अनिल चौहान अपने दौरे में आस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कई देशों के रक्षा बलों के प्रमुखों और वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की है, जिसमें सभी संबद्ध मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के भव्य समारोह की तैयारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियों पर चर्चा और रणनीति बनाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठक हुई।

# विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सात साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डाक्टर को राहत देने से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने डाक्टर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं हैं। आरोपी डाक्टर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उसकी सजा माफ करने की अपील की थी।

डाक्टर का तर्क है कि उसकी बेटी को सिखाया गया था और उसने झूठी गवाही दी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपी डाक्टर को निचली अदालत ने दोषी माना है, ऐसे में उसे सजा माफी नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि बच्चे के साथ जो तुमने किया है, ऐसे में तुम राहत पाने के अधिकारी नहीं हो। बच्चे ने खुद बयान दिया है। वह एक विकृत व्यक्ति है और वह सजा माफी का हकदार नहीं है। पीठ ने कहा कि तुम अपनी बेटी के साथ ऐसा कैसे कर सकते हो। बच्ची भी अपने पिता के खिलाफ गवाही क्यों देगी। वह एक छोटी बच्ची है, जो बार-बार पूछने के बाद भी अपने बयान पर कायम रही है। व्यक्ति शराब के नशे में राक्षस बन जाता है। हमें ये बात नहीं कहनी चाहिए, लेकिन हम बहुत उदार पीठ है और अगर हम जमानत नहीं दे रहे हैं, तो इसकी कुछ वजह है।

**■ सात साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डाक्टर को राहत देने से किया इन्कार**

## अगस्ता वेस्टलैंड: सुप्रीम कोर्ट ने मिशेल को नहीं दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले के आरोपी ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को गुरुवार को कोई राहत नहीं दी और उच्च न्यायालय की जमानत की शर्तें पूरी करने को कहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय कुमार की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने मिशेल की जमानत पर रिहाई के लिए स्थानीय पता देने की शर्त हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सशर्त मिशेल को जमानत दी है और उन्हें पूरा करना होगा।

# दस साल से थानों में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों को मिलेगा प्रथम ग्रेड-पे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ललितपुर, झांसी, मऊ, आजमगढ़, भदोही, जौनपुर, कौशाम्बी, प्रयागराज, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, कानपुर नगर, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, वाराणसी, अलीगढ़, बुलन्दशहर एवं हापुड़ में कार्यरत 2014 बैच के कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए एवं वर्तमान समय में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को बड़ी राहत दी है।

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी की ट्रेनिंग की अवधि को सेवा में जोड़ा जाए। साथ ही कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पद पर नियुक्त हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवाएं 10 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, उन्हें प्रथम प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 4200 रुपये का देने के सम्बन्ध में तीन माह में कानून के तहत पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय उत्तर प्रदेश को स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायाधीश अजीत कुमार ने कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी विवेक राज मिश्रा व 84 अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। याचियों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को प्रथम प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है। जबकि वे इसके हकदार है। याचीगणों की नियुक्ति वर्ष 2014 में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पद पर हुई थी। तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2024 में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगण अपनी सेवाएं 10 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन उन्हें प्रथम वेतनमान ग्रेड पे 4200 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया है। शासनादेश दिनांक पांच नवम्बर 2014 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें प्रथम वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा।

**■ हाईकोर्ट ने दिए ग्रेड बी की ट्रेनिंग की अवधि को सेवा में जोड़ने के निर्देश**

# सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को गुरुवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से झटका लगा है। न्यायालय ने मामले में उन्हें राहत देने से इन्कार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है।

श्री गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में परिवाद दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। परिवाद पर सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत ने राहुल को तलब (समन) किया गया है। राहुल ने याचिका में इसी तलबी आदेश को चुनौती दी थी। न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने खुली अदालत में याचिका खारिज करने का आदेश दिया। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने याचिका का विरोध किया। शाही ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत आदेश सोमवार यानी दो जून को जारी किया जाएगा।

**■ भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करने का लगा है आरोप**

## शिशु देखभाल अवकाश की याचिका पर हाईकोर्ट को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की शिशु देखभाल अवकाश की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर गुरुवार को उच्च न्यायालय को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि झारखंड के स्थायी वकील को नोटिस देने की स्वतंत्रता है। उच्च न्यायालय को ईमेल के माध्यम से नोटिस भेजा जाए। (संबंधित) पक्षों को नोटिस दिया जाता है। हम अगली तारीख पर इस मामले का निपटारा करेंगे। शीर्ष अदालत के समक्ष संबंधित अधिवक्ता ने याचिकाकर्ता-न्यायाधीश के सेवा रिकॉर्ड और उनके कर्तव्यों के प्रति कुशलता का जिक्र करते हुए कहा कि कृपया उनके वार्षिक गोपनीय रिकॉर्ड देखें। वह अपने कार्य के प्रति बेहद गंभीर रहीं हैं।

# एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं: एयरफोर्स चीफ

## अमरप्रीत सिंह बोले: कॉन्ट्रैक्ट करते समय पता होता है, पूरा नहीं होगा, फिर ऐसे वादे क्यों करना

नई दिल्ली, वार्ता

**एयर चीफ** मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में हो रही देरी पर कहा कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। ये सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता।

कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है। यह पहला मौका है जब किसी सेना प्रमुख ने सिस्टम पर इस तरह से सवाल उठाया हो। सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है।

**फरवरी 2021 में एचएएल के साथ तेजस एमके1ए फाइटर जेट के लिए 48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया: -एयरचीफ मार्शल**



इससे पहले 8 जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं। जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। तेजस, एएमसीए और एमके-2 की डिलीवरी भी लेट है। एयर चीफ ने बताया कि फरवरी 2021 में एचएएल के साथ तेजस एमके1ए फाइटर जेट के लिए 48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया। तेजस एमके-2 का प्रोटोटाइप भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। एडवांस्ड स्टेल्थ फाइटर एएमसीए का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि हमें आज के लिए तैयार रहना होगा, तभी भविष्य के लिए भी तैयार हो सकेंगे। आने वाले 10 साल में इंडस्ट्री से ज्यादा आउटपुट मिलेगा, लेकिन जो जरूरत आज है, वो आज पूरी होनी चाहिए। हम सिर्फ भारत में मैन्युफैक्चरिंग के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें डिजाइनिंग के बारे में भी बात करनी होगी। हमें सेना और इंडस्ट्री के बीच भरोसे की जरूरत है। हमें बहुत खुलापन दिखाने की जरूरत है। एक बार जब हम किसी चीज के लिए प्रतिबद्ध हो जाते हैं, तो हमें उसे पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा युद्ध तब जीते जाते हैं जब हमारी सेनाएं मजबूत होती हैं। उन्हें मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करें
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के एजेंडे में नौकरी व रोजगार नहीं: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौजवान विरोधी है और उसके एजेंडे में नौकरी और रोजगार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी युवाओं और नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी रोजगार देने का वादा किया था। केंद्र की 11 और प्रदेश की 8 साल सरकार चलाने के बाद भी भाजपा पूरे कार्यकाल में नौजवानों को 2 करोड़ और रोजगार और नौकरी नहीं दे पाई। भाजपा ने युवाओं को सपने दिखाकर भावनात्मक रूप से छलने का काम किया है और अभी भी नौजवानों को छलने और झूठ बोलने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि सात सालों से डीएलएड की भर्ती न निकालकर भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि प्राथमिक शिक्षा उसकी प्राथमिकता ही नहीं है। सच्चाई तो ये है कि भाजपा शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी-रोजगार जैसे बुनियादी मोर्चों पर पूरी तरह फेल साबित हुई है। कुल मिलाकर भाजपा एक नाकामयाब सरकार है।

### ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विवि से यूपी ने किया एमओयू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुरुवार को राज्य सरकार और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं अध्यापनरत शिक्षकों के लिए शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की धुरी मानती है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी राज्य के शिक्षा तंत्र में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण का समावेश करेगी और युवाओं को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

### पीएम की सभा में बूंदाबांदी के आसार

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मई को कानपुर में प्रस्तावित सभा के दौरान मौसम राहत भरा और सुहावना रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार सभा के समय बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। इससे सभा में आने वाले श्रोताओं को गर्मी से राहत मिलेगी और वे अधिक सहज रूप से प्रधानमंत्री का संबोधन सुन सकेंगे। मौसम विशेषज्ञ डा. सुनील पांडेय ने बताया कि सभा के दौरान हल्की बूंदाबांदी या छिटपुट बारिश भी हो सकती है।

### आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों को एक संयुक्त दल ने घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया। यह अभियान आतंकवादियों के बारे में सूचना के आधार पर बसकुचन क्षेत्र में शुरू किया गया था।

# सिंदूर के नाम पर सियासत कर रही भाजपा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए सिंदूर को ढाल बनाकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के होर्डिंग लगाकर उसमें अपनी फोटो छपवा रहे हैं और अब घर-घर जाकर सिंदूर वितरण कार्यक्रम की घोषणा की गई है।

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर पहले ही जमकर राजनी. ति कर रही है और इसकी सफलता का श्रेय मोदी को देने में पूरी ताकत लगा चुकी है। इससे मन नहीं भरा तो अब घर-घर जाकर सिंदूर की डिब्बी बांटने की घोषणा की गई है। मोदी इसमें भी खेल करेंगे और

■ घर-घर जाकर सिंदूर वितरण की घोषणा की गई: रागिनी नायक

जिस डिब्बी में सिंदूर जाएगा, उसमें उनकी फोटो छपेगी। इससे पहले भी वह कोरोना सर्टिफिकेट में अपनी फोटो छपवा चुके हैं और सिंदूर की डिब्बी में उनकी फोटो होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू धर्म की 'स्वघोषित ठेकेदार' है और सिंदूर के नाम पर सियासत कर रही है, लेकिन वे यह भी नहीं जानते कि किसी हिन्दू सनातनी विवाहित महिला की मांग में सिंदूर उसका पति ही सजाता है या फिर उसे ससुराल या सौभाग्य के आशीर्वाद के रूप में शक्ति पीठ या मंदिर से मिलता है। आखिर किस मुंह से महिलाओं के बीच भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग सिंदूर बांटेंगे, जिन महिलाओं का सुहाग उजाड़ा गया, उन आतंकवादियों को तो मौत के घाट अभी तक नहीं उतारा गया है। इनके मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा कहते हैं कि वे महिलाएं वीरांगना नहीं थीं, इसलिए उनके पति गोली का शिकार हुए।

### विदेश में गांधी-नेहरू-पटेल की छवि दिखेगी, मोदी-शाह की नहीं: पवन खेड़ा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विदेश में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की छवि प्रस्तुत की जा रही है, लेकिन सच यह है कि दुनिया भारत को मोदी-शाह नहीं बल्कि गांधी-नेहरू- पटेल के रूप में जानती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा कि भारत की छवि को विदेशों में मोदी के छवि के रूप में पहचाने जाने की प्रयोगशाला बनाया जा रहा है, लेकिन भारत की पहचान दुनिया में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में जानी जाती है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपनी छवि को वैध बनाने के लिए आप कर्नल सोफिया कुरैशी को लाएंगे, उनके परिवार से आप पर फूल बरसवाएंगे, लेकिन आप कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान करने वाले अपने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे।

# निजीकरण के विरोध में उतरे बिजलीकर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर गुरुवार को देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने उत्तर प्रदेश में 42 जिलों के किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे और सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है, जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत छह माह से लगातार



आंदोलन कर रहे हैं, मगर सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे बात नहीं की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड रुपए का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10000 करोड रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों पर 14400 करोड़ रुपए का बिजली राजस्व का बकाया है। उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार किसानों को मुफ्त बिजली दी जाती है, गरीबी रेखा से नीचे के बिजली उपभोक्ताओं को 3 रुपए प्रति यूनिट की दर पर बिजली दी जाती है, जबकि बिजली की लागत रुपए 07.85 पैसे प्रति यूनिट है। बुनकरों आदि को भी सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी की धनराशि ही लगभग 22000 करोड रुपए है। उत्तर प्रदेश सरकार इन सबको घाटा बताती है और इसी आधार पर निजीकरण का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिली भगत है। वे लाखों करोड़ रुपए की बिजली की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल निजी घरानों को बेचना चाहते हैं। बिजली के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर भोजन अवकाश के दौरान सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

# गिग श्रमिकों को न्याय दे रही कांग्रेस सरकारें: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि गिग श्रमिकों की समस्या का निदान कांग्रेस की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून बनाए जा रहे हैं। गांधी ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि रेटिंग नहीं, हक़ चाहिए, इंसान हैं हम, ग़ुलाम नहीं-भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब मैं गिग वर्कर्स से मिला, तो ये शब्द मेरे दिल में उतर गए।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है, एक ऐसा अध्यादेश लाया है, जो गिग वर्कर्स को अधिकार, सुरक्षा और सम्मान देता है। ये वर्कर्स दिन-रात हमारे लिए खाना, ज़रूरी सामान और सेवाएं पहुंचाते हैं, गर्मी, सर्दी और बारिश तक की परवाह नहीं करते, लेकिन अक्सर उन्हें बिना किसी वजह ऐप से हटा दिया जाता है, बीमार होने पर छुट्टी नहीं मिलती और उनकी मेहनत की कमाई गुप्त तरीके से तय होती है। उन्होंने कहा है कि अब यह अन्याय खत्म होगा। इस नए कानून से सुनिश्चित होगी सामा. जिक सुरक्षा, न्यायसंगत कॉन्ट्रैक्ट, वेतन निर्धारण में पारदर्शिता, मनमानी ऐप ब्लॉकिंग का अंत, तकनीकी से तरक्की भी होनी चाहिए और इंसाफ़ भी मिलना चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राजस्थान ने शुरुआत की। कर्नाटक ने रास्ता दिखाया, अब तेलंगाना की बारी है। गिग और प्लेटफ़ॉर्म आधारित काम से नए अवसर बन रहे हैं और कामकाज के रिश्तों में बड़ा बदलाव आ रहा है।



### एमएसपी पर खरीद नहीं कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करके वाही-वाही लूटने के लिए बड़ी-बड़ी बातें तो करती है लेकिन सच यह है कि किसानों को ठगा जा रहा है और एमएसपी पर फसलों की खरीद नहीं की जा रही है। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीपसिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कहा कि सरकार किसानों को हर साल समर्थन मूल्य देने की घोषणा करके सिर्फ झूठ ही बोलती है।

## सीएम ने यूपी में कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की

# विकसित भारत की आधारशिला है कृषि

**लखनऊ।**

प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस अभिनव पहल के तहत वैज्ञानिक भौगोलिक, सामा. जिक स्थिति को भी देखेंगे और किसानों को अर्ली बीज व लेट वेरायटी के प्रोडक्शन पर क्या असर पड़ता है, इसकी भी जानकारी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान का शुभारंभ गुरुवार को राजधानी स्थित लोकभवन सभागार में किया। उन्होंने बताया कि यह विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस अभियान के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिव. राज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया। सीएम ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लैब, आईसीआर, कृषि विश्व. विद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैब के साथ ही लैंड पर भी जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखने चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।



■ कुशीनगर में बनेगा पांचवां कृषि विश्वविद्यालय

■ चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

### अहिल्याबाई होल्कर के रास्ते पर चल रहे मोदी

**लखनऊ।** जिस तरह से अहिल्याबाई होल्कर ने सभी लोगों का साथ लेते हुए समाज में विकास और संस्कृति के उदय के लिए काम किया, ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर रहे हैं। अहिल्याबाई के कार्य प्रेरणादायी हैं, वे आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का काम कर रहे हैं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहीं। सीएम ने हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में रानी अहिल्याबाई के जीवन, उनके शासन और समाज के लिए किए गए योगदान को दर्शाया गया है।

### गेहूं की तरह अब धान की भी करें सीधी बुआई

**लखनऊ।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने अब फसल की लागत घटाकर मुनाफा बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। इसी मकसद से केंद्र सरकार विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत कर रही है। यह अभियान खरीफ सीजन के दौरान किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश की योगी सरकार भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। खरीफ की प्रमुख फसल धान की खेती परंपरागत तरीकों से काफी खर्चीली साबित होती है। नर्सरी तैयार करने से लेकर पलेवा, रोपाई और फसल कटाई तक किसान को भारी मेहनत और लागत झेलनी पड़ती है। विशेषज्ञों की मानें तो धान को भी गेहूं की तरह सीधी लाइन से बोकर इन तमाम झंझटों और खर्चों से छुटकारा पाया जा सकता है। गोरखपुर के कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार के प्रभारी डा. एसके तोमर और कृषि वैज्ञानिक मनोज कुमार बताते हैं कि सीधी बुआई विधि से प्रति हेक्टेयर 12,500 रुपये तक की बचत होती है, जबकि उपज में कोई अंतर नहीं आता। तकनीक के सही इस्तेमाल से उपज में बढ़ोतरी भी देखी गई है। सरकार की मंशा है कि जहां संभव हो, वहां किसान लाइन से बुआई करें और जहां बेड प्लांटिंग उपयुक्त हो वहां उस तकनीक को अपनाएं।

### हदबंदी कानून के लिए आज भी देश याद करता है चौधरी चरण सिंह को: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होने विधानभवन परिसर के समक्ष किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि पूरा देश चौधरी साहब को भूमि सुधार, हदबंदी कानून को लागू करने, ग्रामीण विकास और अन्नदाता किसानों के मसीहा के रूप में याद करता है। यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि चौधरी साहब का सानिध्य उत्तर प्रदेश वासियों को एक लंबे समय तक प्राप्त हुआ।

## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ पर रोक से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी संघीय न्यायालय के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रस्तावित 'लिबरेशन डे' टैरिफ पर रोक लगाने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की गिरावट से उबरकर आज बढ़त के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 320.70 अंक की छलांग लगाकर 81,633.02 अक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.15 अंक चढ़कर 24833.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.48 प्रतिशत उछलकर 45,311.54 अंक और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 52,325.75 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4111 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2020 में लिवाली जबकि 1957 में बिकवाली हुई, वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में से 1510



में तेजी जबकि 1373 में गिरावट रही वहीं 64 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमे. रिकी न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक कर नीति को खारिज किए जाने के बाद वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। हालांकि घरेलू स्तर पर तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी 10.वर्षीय बॉन्ड यील्ड में उछाल के चलते बाजार दिन भर सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। सत्र के अंतिम घंटे में वायदा सौदा निपटान से प्रेरित लिवाली के चलते कुछ सुधार देखने को मिला। आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों ने व्यापार तनाव में नरमी की संभावनाओं के बीच बेहतर प्रदर्शन किया। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर मजबूत ट्रिगर्स की अनुपस्थिति और औद्योगिक उत्पादन के आठ महीने के निचले स्तर पर पहुंचने से बाजार में अल्पकालिक समेकन की संभावना जताई जा रही है। इससे विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.32, जापान का निक्केई 1.88, हांगकांग का हैंगसेंग 1.35 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत उछल गया। हालांकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। इसका असर घरेलू स्तर पर दिखा और बीएसई में एफएमसीजी की 0.05 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.53, सीडी 0.55, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.51, इंडस्ट्रियल्स 0.41, आईटी 0.71, दूरसंचार 0.40, यूटिलिटीज 0.34, ऑटो 0.42, बैंकिंग 0.37, कैपिटल गुड्स 0.31, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.23, धातु 0.89, तेल एवं गैस 0.07, पावर 0.23, रियल्टी 1.21, टेक 0.65, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 279 अंक की तेजी के साथ 81,591.03 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 81,816.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट की बढ़त के साथ 3939 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट चढ़कर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति



तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000- 6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# सांसद भी घूम रहे हैं और आतंकवादी भी: जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के न पकड़े जाने और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा की तुलना करते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। भाजपा ने रमेश के बयान की कड़ी निंदा की है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को दुनिया में बेनकाब करने में लगे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी इधर-उधर घूम रहे हैं, हमारे सांसद भी घूम रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि 25 और 26 जून को विशेष सत्र बुलाया जा सकता है, क्योंकि ये आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ है। हमारे देश में 2014 से अघोषित आपातकाल लागू है। 50 साल पहले जो हुआ उसके लिए विशेष सत्र बुलाना चाहते हैं? आज के सवालों से ध्यान हटाने के लिए सरकार इस बारे में बात कर रही है। जयराम रमेश ने आगे कहा कि हम आरएसएस की भूमिका को भी उजागर करेंगे। हम हकीकत को पूरे देश के सामने रखेंगे। पहलगाम के आतंकवादी चार हमलों में शामिल थे और फिर भी इधर-उधर घूम रहे हैं। हमारे सांसद भी घूम रहे हैं और आतंकवादी भी।

हम ये सवाल गंभीरता से पूछ रहे हैं, वो इन सवालों का जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाती है। उनका हमला कांग्रेस पार्टी पर है, आतंकवादियों पर होना चाहिए। पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हर दिन कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मिसा. इलें दागी जा रही हैं। जयराम के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि ये बहुत शर्मनाक, निंदनीय और बेबुनियाद बयान है।

# जनगणना से खुलेगा सामाजिक न्याय का रास्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्र सरकार ने देश की आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने का फैसला लिया है। इसे गेम चेंजर और आंखें खोलने वाला कदम बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इससे लोगों की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति मिलेगी। ये बात उन्होंने दिल्ली में भारतीय सांख्यिकी सेवा के 2024 और 2025 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उपराष्ट्रपति के अनुसार यह फैसला 1931 के बाद पहली बार जातिगत आंकड़ों के पुनर्संग्रह की ओर एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नीतिगत योजना के लिए सटीक आंकड़े जरूरी हैं। बिना ठोस डेटा के योजना बनाना अंधेरे में सर्जरी करने जैसा है। जाति आधारित गणना सामा. जिक न्याय सुनिश्चित करेगी।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सांख्यिकी अधिकारियों को संबोधित करते हुए उनकी भूमिका को निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि जातिगत आंकड़े अगर विचारपूर्वक एकत्र किए जाएं, तो वे समाज को विभाजित नहीं, बल्कि एकीकृत कर सकते हैं। जैसे एमआरआई शरीर की संपूर्ण स्थिति बताता है, वैसे ही यह डेटा सामाजिक संरचना की स्पष्ट तस्वीर देगा। 1931 के बाद पहली बार जातिगत गणना की जाएगी., यह ऐतिहासिक कदम होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी जानकारी का एकत्र करना समस्या कैसे हो सकता है? यह तो अपने शरीर की एमआरआई कराने जैसा है। आंकड़े कभी झूठ नहीं बोलते। भारत को विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि साक्ष्य-आधारित योजना पर आधारित है। हम विक. सित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, यह हमारा सपना नहीं, बल्कि उद्देश्य और लक्ष्य है। भारत संभावनाओं वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि उभरती हुई शक्ति है, जिसकी प्रगति अब रुकने वाली नहीं है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमें ऐसा राष्ट्र बनाना है जो अनुभवजन्य रूप से सोचता हो और ठोस प्रमाणों के आधार पर आगे बढ़े। नीति निर्धारण में आंकड़ों के उपयोग पर उन्होंने कहा कि सांख्यिकी सिर्फ संख्याओं की बात नहीं है, यह उससे कहीं अधिक है। यह पैटर्न की पहचान और नीतिगत समझ की दिशा में जानकारी देने वाली अंतर्दृष्टियों का माध्यम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगर डेटा समकालीन परिप्रेक्ष्य में न हो, तो वह बासी हो सकता है। सही समय पर लिए गए फैसले क्रांतिकारी प्रभाव डाल सकते हैं। संख्याएं हमारी सामूहिक आकांक्षाओं की गर्मजोशी से भरी गवाही हैं। भविष्य उन्हीं का है जो समाज को पढ़ना, सांख्यिकीय संकेतों को समझना जानते हैं। यह सटीक आंकड़ा विश्लेषण शासन को प्रतिक्रिया आधारित कार्यशैली से निकालकर दूरदर्शी नेतृत्व में बदल देता है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें जनसांख्यिकीय प्रवृत्तियों को आंकड़ों के माध्यम से समझना होगा। लोकतंत्र तभी सार्थक होता है जब कमजोरों की सहायता बिना कहे की जाए। भारत की प्रगति के इस विस्तृत फलक पर सिविल सेवक मूक, लेकिन दृढ़ शिल्पी के रूप में कार्य करते हैं। यह प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और मिशन के कारण संभव हो पाया है उपराष्ट्रपति ने भाषाई विविधता पर भी बात की।उन्होंने कहा कि भाषा के मामले में भारत की स्थिति विशिष्ट है। तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगला, संस्कृत, हिंदी, ओड़िया सहित अनेक भाषाएं हमारी ताकत हैं।



■ परिवीक्षाधीन अधिकारियों के समारोह में बोले जगदीप धनखड़

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ठेकेदार व चालक के शव ऑफिस परिसर में मिले

## दोनों के मुंह से निकल रहे थे झाग, परिजनों ने जताया हत्या का संदेह, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** सिंचाई विभाग में ठेकेदार और उनका चालक ऑफिस परिसर में मृतावस्था में मिले। दोनों के मुंह से झाग आ रहे थे। रात भर कई बार फोन करने के बाद भी रिसीव नहीं करने के कारण जब सुबह ठेकेदार के भांजे ने ऑफिस जाकर देखा तो घटना का पता चला। दोनों के शवों को सीएचसी लाया गया, परिजनों में चीख पुकार मच गई तो वहीं शहर के गणमान्य लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं एएसपी और सीओ ने भी घटनास्थल का मुआयना किया।


देवऋषि ( फाइल फोटो )


इंद्रपाल ( फाइल फोटो )

जानकारी के अनुसार गजरौला के मोहल्ला शुक्लपुरी निवासी ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह के पुत्र देवऋषि उर्फ दीपक जाटव (42) वर्तमान में सिंचाई विभाग में ठेकेदार थे। उनकी कार को इंद्रपाल सैनी (40) पुत्र जबर सिंह निवासी गांव चौबारा थाना गजरौला चलाता था। इस समय उनका संभल, बहजोई के साथ साथ अन्य स्थानों पर काम चल रहा था। बताते हैं कि बुधवार की शाम को ठेकेदार अपने घर से निकले थे। शाम के बाद उनका फोन रिसीव नहीं हो पा रहा था। जिसके चलते परिजन काफी चिंतित थे। गुरूवार की सुबह ठेकेदार की बहन हेमलता ने भांजे विवेक पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला बैंक कॉलोनी गजरौला से इस बारे में बताया कि देवऋषि का फोन रिसीव नहीं हो पा रहा है। जिसके बाद विवेक ने बस्ती स्थित पहुंचकर देखा तो यहां उनके मामा ठेकेदार देवऋषि और उनका चालक इंद्रपाल मृत पड़े थे। ठेकेदार के पैर बाथरूम में जबकि बाकी शरीर बाहर था। बराबर में ही इंद्रपाल का शव पड़ा था। निकट ही सेंट्रो कार स्टार्ट खड़ी थी। उसके ही पास में स्कार्पियो थी। परिसर में एलपीजी गैस की दुर्गंध फैली हुई थी, संभवत: वह सैंट्रो कार एलपीजी से ही संचालित होती थी। विवेक ने तुरंत परि. जनों को दोनों के मृत पड़े होने की जानक. ारी दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए और दोनों के शव सीएचसी में लेकर आए। चिकित्सक ने भी परीक्षण करके दोनों को मृत घोषित कर दिया। यहां पर दोनों के परिजन और नगर के गणमान्य लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि ठेकेदार व चालक के शव ऑफिस परिसर में पाए गए हैं। उनके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। जिनकी मृत्यु का सही कारण जानने के पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

### चालक के घर मचा कोहराम

**गजरौला।** ठेकेदार के कार चालक इंद्रपाल सैनी की मौत हो जाने से उसके परिवार में भी दुख पसरा हुआ है। उनके पिता जबर सिंह किसान हैं। घर में पत्नी राधिका और माता पिता सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ठेकेदार देवऋषि व चालक इंद्रपाल की मृत्यु के बाद उनके शवों को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने पाने की स्थिति में विसरा सुरक्षित रखा गया है।

### मृतक ठेकेदार का नजदीकी हिरासत में

**गजरौला।** ठेकेदार के ही नजदीकी एक युवक को परिजनों के संदेह के आधार पर पुलिस ने हिरासत में लिया है। परिजनों का आरोप है कि फोन पर उससे देवऋषि के बारे में पूछा गया तो उसने जानकारी होने से इंकार किया, उसके बाद उसने फोन नहीं उठाए, सुबह दूसरे नंबर से करने पर उसने पफोन उठाया तो उसने कहा कि एक बार बस्ती वाले ऑफिस पर देख लो। उसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ चल रही है। वहीं शाम के समय पोस्टमार्टम से शव आने के बाद ठेकेदार व चालक का तिगरी स्थित गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया। संवेदना व्यक्त करने के लिये राजनैतिक दलों के नेताओं सहित जनप्रतिनिधि व नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।


गजरौला। सीएचसी में ठेकेदार देवऋषि के शव के पास खड़े शोक संतृप्त परिजन।

### एएसपी व सीओ ने किया मौका मुआयना

**गजरौला। एएसपी व सीओ ने मौका मुआयना** ठेकेदार व उसके चालक के शव मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान पुलिस के साथ सीएचसी पहुंचे और परिजनों से जानकारी जुटाई। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, शिक्षक जयवीर सिंह, डॉ.पृथी सिंह, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा, देवेश शर्मा, वीर सिंह भगत, डॉ.राजीव शुक्ला, डॉ.रविंद्र शुक्ला, होरी सिंह, प्रीतम सिंह आदि लोग सीएचसी पहुंच गए। परिजनों को ढांढ़स बंधया। सूचना पाकर एएसपी अखिलेश भदौरिया व सीओ श्वेताभ भास्कर ने मौका मुआयना किया। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।


गजरौला। चालक के शव के पास खड़े शोक संतृप्त परिजन।


गजरौला। ठेकेदार की मौत के बाद दुखी बच्चे।

### ठेकेदार की मौत से टूटा परिवार

**गजरौला।** ठेकेदार की मृत्यु से उनके पिता सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह व माता चन्द्रकिरण के साथ साथ परिवार के सभी सदस्यों का रो रोकर हाल बेहाल है। वहीं उनकी पत्नी रेखा भी इस घटना से पूरी तरह से टूट चुकी हैं। ठेकेदार एक दस वर्षीय बेटी सृष्टि, पांच वर्षीय पुत्र युग और एक डेढ़ वर्ष की पुत्री काव्या के पिता थे।

---

# दो किसानों के घरों से लाखों की चोरी

### नकब लगाकर दिया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** चोरों ने दो किसानों के घरों को निशाना बनाकर दो लाख की नकदी समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

चोरी की पहली घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चुबका की है। यहां पर किसान मुकेश कुमार का परिवार रहता है। बीती 27 मई की रात मुकेश कुमार समेत परिवार के अन्य लोग आंगन में सोए हुए थे। रात्रि में किसी समय चोरों ने घर के पीछे की दीवार में नकब लगा लिया और सीधे कमरे में दाखिल हो गए। चोरों ने वहां रखे अल्मारी और संदूक खंगालते हुए उसमें रखी 48 हजार रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना अंजाम देने के बाद चोरी उसी रास्ते से फरार हो गए। मुकेश कुमार को घटना की जानकारी सुबह जागने पर हुई। कमरे के भीतर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं, दूसरी घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कैंच की है। चोरों ने यहां किसान इरशाद के घर को निशाना बनाया। दीवार में नकब लगाकर घर में दाखिल हुए चोर 1.40 लाख रुपये की नकदी व 30 हजार रुपये कीमत के बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चरण सिंह की पुण्यतिथि पर रालोद ने किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**रजबपुर।** राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यकारिणी ने गुरूवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी

**■ सपा विस कार्यालय पर मनाई गई पुण्यतिथि**

चरण सिंह की 38 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किसान भवन अतरासी में श्रद्धांजलि सभा एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 8:00 बजे हवन-पूजन हुआ, जिसके पश्चात वक्ताओं ने चौधरी साहब के जीवन, सिद्धांतों एवं किसानों के लिए उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में चौधरी साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और वर्तमान किसान हितों के मुद्दों पर भी चर्चा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि



चौधरी साहब ने हमेशा उसूलों की राजनीति की। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में सदैव कमजा. ेरों व वंचितो की लड़ाई लड़ी और किसानों की तकलीफ को सड़क से लेकर संसद तक उठाने का काम किया। आज पार्टी मुखिया व केन्द्रीय मंत्री जयंती चौधरी उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिये जुटे हैं। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि चौ.चरण सिंह का जीवन किसानों के अधिकार और स्वाभिमान के लिए संघर्ष से भरा रहा है। हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उमेद सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, सुमित शिवाच, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंदर्भ, मयंक चड्ढा, कर्मवीर सिंह, धर्म सिंह पहलवान,थान सिंह, सुमित छावी, बादशाह बेनीवाल, अंकित बेनीवाल, हरपाल सिंह, राजीव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर झूलकर युवक ने दी जान



**गजरौला।** थाना क्षेत्र के ग्राम खादगूजर में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार गुरूवार को सुबह सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव खादगूजर में एक आम के पेड़ से एक युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और शव को नीचे उतारा। उसकी पहचान थाना धनौरा के गांव मलेशिया निवासी भूपेन्द्र प्रजापति के रूप में हुई। पता चला कि भूपेन्द्र की बहन गीता की शादी खादगूजर गांव में ही चरण सिंह के यहां हुई थी। वह बीते दिन अपनी बहन के घर ही आया था।

### विवाहिता को पीटकर बच्चों समेत घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दहेज में एक लाख रूपये व बाइक न मिलने पर विवाहिता को पीटकर बच्चों समेत निकाल दिय गया। पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी में स्व.शरीफ अहमद का परिवार रहता है। उनकी बेटी आफरीन की शादी करीब नौ साल पूर्व शहर के मोहल्ला हयातनगर ( बेरियान ) के रहने वाले राकिब के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज में एक लाख रुपये और बाइक दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर आफरीन के साथ मारपीट करते थे। घटना बीती 21 मई की रात नौ बजे की है। ससुराल पक्ष के लोगों ने आफरीन की बेरहमी से पिटाई की और दो बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपियों की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। उनके आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मामले में पति राकिब के अलावा जेठ आसिफ आरिफ, जिठानी रूम व ननद राशि समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पूर्व जिपं अध्यक्षा के आवास पर मनी पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इन्द्रदेवी व बसपा के वरिष्ठ नेता चौ.बलवीर सिंह ने टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौ.चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई और उन्हें श्रद्धांजलि दी। चौ.बलवीर सिंह ने कहा कि चौधरी साहब किसान हितैषी थे। उन्होंने हमेशा किसान, मजदूर व गरीबों के अधिकारों की आवाज बुलंद की। पूर्व जिपं अध्यक्षा इंद्रवती ने कहा कि चौ.साहब ने समाज से जातिवाद को समाप्त करने काम किया। इस मौके पर जिपं सदस्य मीनाक्षी चौधरी, राविन्द्र सिंह, समीक्षा चौधरी, विपिन कुमार, रिंकु सागर, जगपाल सिंह, वसरूद्दीन, धर्मेश चंद्रा, दिनेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

---

# राजस्थान से फरार प्रेमी युगल नौगावां में पकड़ा

### शादी के पांच दिन बाद ही प्रेमी के साथ फरार हो गई थी दुल्हन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शादी के बाद भी युवती प्रेमी का मोह नहीं छोड़ पायी। वह मौका पाकर उसके साथ फरार हो गयी। राजस्थान पुलिस ने नौगांवा के सरकारी अस्पताल से प्रेमी युगल को बरामद कर लिया है। शोर शराबे से अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के मुताबिक राजस्थान की तहसील अतरूह के एक गांव में रहने वाले किसान ने अपनी बेटी की शादी बीती 5 मई को तहसील क्षेत्र के ही एक गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी लेकिन युवती का गांव के ही एक युवक के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि युवती इस शादी के खिलाफ थी। उसने परिजनों से मना भी किया था लेकिन ऐनवक्त पर रिश्ता टूटने से बिरादरी में बदनामी होने की बात कहते हुए परिजनों ने अपनी पसंद के युवक से जबरदस्ती उसकी शादी करा दी थी। इसके बाद पांच दिन तक तो युवती ससुराल में ठीक-ठाक रही

**■ नौगांवा के सरकारी अस्पताल में छिपकर रह रहा था प्रेमी युगल**

लेकिन प्रेमी को धोखा देने के मलाल ने सुसराल में उसका साथ नहीं छोड़ा। लिहाजा, बीती 11/12 मई की रात नवविवाहिता प्रेमी को बुलाने के बाद ससुराल से उसके साथ फरार हो गई। परिजनों ने अगले दिन थाने पहुंचकर विवाहिता की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने प्रेमी युगल का मोबाइल फोन सर्विलांस पर लगा दिया। गुरुवार को मोबाइल की लोकेशन हरिद्वार में मिली तो पुलिस ने पीछा करना शुरू कर दिया लेकिन इसी बीच प्रेमीयुगल को पुलिस के अपने पीछे पड़े होने की भनक लग गई लिहाजा ठिकाना बदलने के लिए दोनों नौगावां सादात सीएचसी में नौकरी करने वाले अपने रिश्तेदार के पास पहुंच गए और यहां आवासीय परिसर में बने एक कमरे में पनाह ले ली लेकिन पीछा करते हुए राजस्थान पुलिस गुरुवार सुबह सीएचसी पहुंच गई और एक कमरे में छापा मारकर प्रेमीयुगल को बरामद कर लिया। इसके बाद नवविवाहिता और उसके प्रेमी ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। शोर-शराबे के चलते मरीजों के बीच भी काफी देर अफरातफरी मची रही। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने राजस्थान पुलिस द्वारा सीएचसी से प्रेमीयुगल को बरामद करने की पुष्टि की। बताया कि सूचना देने के बाद पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई है।

# वंदे मातरम् गीत वायरल करने पर घर पर पथराव

### पुलिस ने पीड़िता के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** महिला द्वारा वंदे मातरम गीत का वीडियो वायरल करने पर पड़ौसी भड़क गये तथा उन्होंने महिला के साथ गाली गलौच व अभद्र व्यवहार किया। जबकि घर पर पथराव भी किया। शिकायत करने पर पुलिस ने पीड़िता के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर ली। मामले की शिकायत डीएम से कर निष्पक्ष जांच की मांग की गयी है।

मामला शहर के मोहल्ला दरबारे कलां का है। यहां मोहम्मद हुसैन का परिवार रहता है। उनकी पत्नी शादमानी खानम के मुताबिक बीती 13 मई को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो अपलोड की थी। जिसमें वंदे मातरम का गीत था। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले मोनू, अन्नू, फैजू व कोनिया वीडियो पर एतराज जताते हुए उनके साथ गाली-गलौज की। शादमानी ने जब इसका विरोध जताया तो 14 मई को मारपीट की। आरोपियों ने घर पर पथराव भी किया। पीड़िता ने पथराव करते हुए

**■ डीएम से की निष्पक्ष जांच की मांग**

वीडियो बना लिया। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीडिता का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरो. पियों पर कार्रवाई नहीं की बल्कि पीड़िता के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर ली। लिहाजा, गुरुवार को पीड़िता ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर का कहना है कि शुरुआती जांच में दोनों पक्षों के बीच विवाद आपसी रंजिश से जुड़ा सामने आया है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पटाखा छोड़ते युवक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** हाथ में लेकर पटाखा छोड़ना एक युवक को भारी पड़ गया। अचानक फटे पटाखे से वह बुरी तरह झुलस गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर गुर्जर निवासी विवेक कुमार पुत्र रोहताश समीप के गांव देहरी गुर्जर के रहने वाले अजय की बारात में बिजनौर जनपद के थाना चांदपुर के गांव बेड़ी खेड़ा गया था। चढ़त के दौरान आतिशबा. जी की जा रही थी। इस बीच विवेक ने हाथ में लेकर पटाखा जलाया। जो कुछ ही सेंकेंड में फट गया। जिससे विवेक गंभीर रूप से झुलस गया। रात में ही वह अन्य युवकों के साथ वापस लौटा। झुलसे विवेक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# घायल अधिवक्ता की मेरठ में मौत

### सोमवार के दिन छत से गिरकर हुआ था घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** छत से गिरकर घायल हुए अधिवक्ता की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अधिवक्ता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई भूड़ में सोमवार की रात करीब 10 बजे पेशाब करने के लिए उठे अधिवक्ता सुरेशपाल पुत्र तेजपाल 39 वर्ष अचानक अपने मकान की छत से गिर गये थे तथा बुरी तरह घायल हो गये थे।परिजनों के द्वारा घायल अधिवक्ता को तुरंत नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल अधिवक्ता की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया था। दो दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बुधवार की देर शाम मेरठ में उपचार के दौरान अधिवक्ता की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह जैसे ही मृतक अधिवक्ता का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव को देखने के लिए भारी भीड़ जुट गई।मृतक अधिवक्ता अपने पीछे पत्नी किरन देवी, एक बेटी और एक बेटे को रोते-बिलखते छोड़ गए हैं। मृतक अधिवक्ता एक मेहनती, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ अधिवक्ता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से अधिवक्ताओं और परिचितों में गहरा दुख है।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों ने किया विरोध

### पालिका ने फड़ विक्रेताओं का सामान किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** पालिका प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर फैले हुए अतिक्रमण के दौरान तीन दुकानदारों का सामान भी जब्त कर लिया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान से व्यापारियों में हड़कंप का माहौल बना रहा। मंडल आयुक्त के निर्देश पर गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम के साथ अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिह के नेतृत्व में नगर के अंबेडकर पार्क से लेकर पचपेड़ी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों द्वारा नाली से दो फिट तक निशान लगाये गये। इसी के साथ पालिका स्टाफ द्वारा सभी व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गई। कुछ जगह अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान टीम को व्यापारियों का भी विरोध झेलना पड़ा। अभियान के दौरान टीम द्वारा तीन दुकानदारों का सामान भी जप्त किया गया। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा बताया गया कि मंडल आयुक्त के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया है। और यह प्रतिदिन चलाया जायेगा। अभियान के दौरान कानूनगो अरविंद शर्मा, लेखपाल हरीश, पालिका लिपिक दिनेश कुमार,करन सिंह,मनी कुमार, रतन, नवीन सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।



# शिव शक्तिमहायज्ञ में गूंजे मंत्रोच्चारण, सत्संग में बताया भक्ति का महत्व



गजरौला। यज्ञ में पूजा अर्चना करते पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, चौ.वेदपाल सिंह व अन्य भक्तगण।

## पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल बने प्रमुख यजमान, सत्संग सुनने उमड़े लोग, आज से प्रारंभ होगी श्री रामकथा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहे चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं श्री राम कथा कार्यक्रम के अर्न्तगत गुरूवार को सुबह से दोपहर तक यज्ञ एवं शाम को गुरू जी का सत्संग आयोजित किया गया। सत्संग में प्रवचन देते जल वाले गुरू जी के नाम से विख्यात ब्रजघाट पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज ने कहा कि शास्त्रों के मुताबिक परमात्मा की पहली कृपा मानव जीवन मिलना है। उसके बाद मानव को साधु संतो का सानिध्य मिलना दूसरी बड़ी कृपा है और तीसरी कृपा होती है तो मानव को सत्संग में जाने का, भागवत कथा, रामकथा, तीर्थयात्रा, पूजा पाठ आदि करने और कराने का सौभाग्य प्राप्त होता है। जब चौथी कृपा होती है तो मनुष्य वह देशसेवा, समाजसेवा के लिये अग्रसर होता है और जब पांचवी कृपा होती है तो मनुष्य को सद्गुरू की प्राप्ति होती है। कहा कि हमें भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिये, क्योंकि परमात्मा की कृपा से ही मानव के बिगड़े कार्य सही होते हैं। मानव को सदैव अपना आचरण अच्छा रखना चाहिये और अपने मन में कभी भी अहंकार नहीं लाना चाहिये, क्योंकि अहंकार कभी किसी का नहीं रहता। सदैव अच्छा कार्य करें और एक दूसरे के सुख दुख में काम आएं। यज्ञ में प्रमुख यजमान के रूप में पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व पूर्व चेयरपर्सन अंशु नागपाल और आयोजन के संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह के साथ साथ आयोजन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

**■ साधु संतो का सानिध्य मिलना सौभाग्य की बात**

नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो रहे इस भव्य कार्यक्रम में गुरूवार की भोर से ही यज्ञशाला में यज्ञ की तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। यज्ञाचार्य श्री सतीश भारद्वाज व यज्ञब्रह्म श्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में यज्ञ प्रारंभ हुए। यज्ञशाला से वैदिक मंत्रोच्चारणों की ध्वनि गुंजित होती रही और पूरा वातावरण पूजन सामग्री से सुगंधित हो उठा। सभी ने मां भगवती से मानव जाति के कल्याण की कामना की। दोपहर तक यज्ञ में सम्मिलित होने के बाद पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल, पूर्व चेयरपर्सन अंशु नागपाल व जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह ने महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने कहा कि यह हम सभी क्षेत्रवासियों का सौभाग्य है कि हमें महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के साथ ही साथ देश के अन्य वरिष्ठ साधु संतो का सानिध्य प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्री रामकथा का श्रवण करें और प्रभु की भक्ति के साक्षी बनें। साधु संतो का दर्शन व सानिध्य सौभाग्य से मिलता है।

# 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ

## 29 मई से 12 जून तक जनपद के 134 गांवो में आयोजित होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गुरूवार को अमरोहा जनपद में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ गजरौला ब्लॉक के ग्राम मीरपुर, बल्दाना असगर अली एवं यकबगड़ी, अमरोहा विकासखंड के ग्राम ललूनगला, नोहरान एवं कासिमपुर मेव तथा हसनपुर विकासखंड के ग्राम गौसीपुर, तुगलकाबाद एवं पीठखेडा में शुभारंभ में हुआ। विधायक ने बलदाना असगर अली व यक बगड़ी ने विधायक राजीव तरारा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ.एके मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि, इन कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान के केंद्रीय गौ पशु अनुसंधान संस्थान, मेरठ के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने गांव-गांव में जाकर किसानों को खरीफ फसलों के बारे में, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती फसल सुरक्षा, पशुपालन एवं अनुवांशिक संबंधी समस्याओं के बारे में किसानों को जागरूक किया जाएगा। इस अवर मेरठ के निदेशक डॉ.अशोक कुमार मोहंती तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.सुरेश कुमार डबास, डॉ.नरेश प्रसाद, डॉ.राजीव रंजन कुमार, सभासद पति अशोक उर्फ दिले चौधरी, डॉ.अमित तोमर, डॉ.हादी हुसैन खान तथा कृषि विभाग से उपनिदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश वर्मा आदि समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# ईओ से शिकायत के बाद भी नहीं हटी गंदगी

## प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** नगर के मोहल्ला चौधरियान में गंदगी नियमित साफ सफाई न होने से परेशान लोगो ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया उन्होंने कहा नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत के बाद भी जब सुनवाई नहीं हुई तो लोग एकत्रित होकर तहसील मुख्यालय पर पहुंचे और यहां प्रदर्शन कर एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए मोहल्ले में नियमित सफाई न होने का आरोप लगाया कहा पशु चिकित्सालय के पास बने बड़े नालों मोहल्ले की नालियों की सफाई नही होती जिससे मोहल्ले में गंदगी फैल रही है। अब बीमारियों का खतरा भी बना हुआ ह लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सुनने को तैयार नही है। शिकायती पत्र पर मनवीर, कामरान, सदफ, रउफ, नोशाद, अनीस, आस मोहम्मद, गुड्डन, नूर मोहम्मद, फजल खान, महताब आदि के हस्ताक्षर थे। एसडीएम ने बताया मामले में पालिका ईओ को नियमित साफ कराने के निर्देश दिए हैं।

# युवक को गोली मारने में चार पर मुकदमा

## कोर्ट से लौटते समय की थी फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नेशनल हाईवे पर कार सवार युवक पर अंधाधुंध फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने चार हमलवारों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। वहीं, गोली लगने से घायल युवक का हायर सेंटर में उपचार चल रहा है। उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। वारदात अंजाम देने के बाद फरार हुए स्कॉर्पियो सवार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

बुधवार शाम की वारदात रजबपुर थाना क्षेत्र की सीमा में नेशनल हाईवे पर झनकपुरी में हुई थी। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अभिजित उर्फ अमन सिद्दू अपने छोटे भाई लकी सिंह व निपेंद्र के साथ कार में सवार होकर अमरोहा कचहरी में एक मुकदमे की तारीख पर आया था। अदालत में पेशी के बाद शाम में करीब पांच बजे तीनों कार में सवार होकर वापस गजरौला लौट रहे थे। झनकपुरी के पास काले रंग की एक स्कॉर्पियो में सवार होकर आए लोगों ने ओवरटेक कर इनकी कार को रोक लिया था। इसके बाद आठ से दस युवकों ने डंडे से हमला करते हुए कार के शीशे तोड़ दिए थे। इतना ही नहीं अंधाधुंध 12 राउंड फायरिंग की थी। पेट व बाएं हाथ में गोली लगने से अभिजीत लहूलुहान हो गया था जबकि लकी सिंह और निपेंद्र भी हमले में गंभीर घायल हुए थे। फायरिंग से दहशत फैलाने के बाद हमलावर स्कार्पियो में सवार होकर दिल्ली की ओर भाग गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को गजरौला सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां से चिकित्सकों ने अभिजीत की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में घायल अभिजीत के भाई दिपेंद्र की तहरीर पर रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव निपनिया निवासी सगे भाई हिमांशू नागरे, सौरभ नागरे व आदित्य नागरे के अलावा गजरौला क्षेत्र निवासी सगुन ढिल्लो तथा अज्ञात हमलवारों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाकियू शंकर ने ग्रामीण बैंक पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने गुरूवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय अल्लीपुर पर किसान समस्याओं को लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया। वहीं समस्याओं को लेकर एक 14 सूत्रीय मांग पत्र डिप्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार को सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. दिवाकर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्डों पर दूसरी बैंकों के सापेक्ष तमाम तरह के अतिरिक्त चार्ज लगाकर किसानों का आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। कुछ शाखाओं के द्वारा केसीसी ऋण नहीं दिए जा रहे हैं। किसान को यह कहकर टाल दिया जाता है कि हमारी बैंक में भूलेख पोर्टल पर बंधक प्रक्रिया नहीं है, जोकि सरासर गलत है। पुराने केसीसी कार्ड पर नवीनीकरण के समय चार्ज वसूल किया जा रहे हैं, जबकि किसानों से पहले ही कार्ड बनते वक्त चार्ज वसूल लिए गए थे, इस तरह की प्रथा को बंद किया जाना चाहिए। इस मौके पर चौ.धर्मवीर सिंह, नेमपाल सिंह, विक्रम पंवार, राहुल यादव, हरप्रीत सिंह, मोनू चौधरी, शेर सिंह राणा, सत्येंद्र सिंह, राजवीर गुर्जर, नरेंद्र सिंह, हरि सिंह, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार, खेमपाल सिंह, नरेश गुर्जर आदि मौजूद रहे।

**■ समस्याओं को लेकर गरजे कार्यकर्ता, सौंपा ज्ञापन**



# बिजली दरों में वृद्धि पर लगाई जाए रोक

## भाकियू किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज बिजली दरों में वृद्धि न किये जाने की मांग की। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा बिजली की दरों में वृद्धि कर लोगों को झटका देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से ही मंहगाई की मार झेल रही जनता के लिये मंहगी बिजली और परेशान करेगी। उन्होंने कहा कि निजी कम्पनी सस्ती बिजली खरीद कर लोगों को मंहगें दामों पर बेच रही है। आम जनता की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली निजीकरण व्यवहारिक समस्या है। पुलिस विभाग कभी मुनाफा कमाकर नहीं देता। इसी तरह पीडब्लूडी व अन्य विभागों को भी निजी हाथों में सौंप दिया जाना चाहिये। ज्ञापन पर चन्द्रपाल सिंह, छोटू भाटी, महकार सिंह, चरण सिंह, आरिफ, अरूण कुमार आदि के हस्ताक्षर है।

# हादसे में घायल मदरसा छात्रों की हालत गंभीर

## ऑपरेशन के लिए चाहिए दस युनिट ब्लड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क हादसे में घायल हुए दो मदरसा छात्र की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे एक छात्र को ऑपरेशन के लिए दस यूनिट खून की जरूरत बताई गई है। इस हादसे में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों की ओर से मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी।

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर चार मदरसा छात्र शहर में बड़े हादसे का शिकार हो गए थे। गर्मी से राहत पाने के लिए बाग में ट्यूबवेल पर नहाने के लिए जाते समय धनौरा रोड से गुजरते में अनियंत्रित हुई इनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी थी। हादसे में शहर के मोहल्ला तलवार शाह नई बस्ती निवासी नासिर अली के बेटे मोहम्मद फैज तथा मोहल्ला अफगानान निवासी अनीस के बेटे अरसलान की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि मोहल्ला हक्कानी निवासी अफजल का बेटा अब्दुल समद तथा मोहल्ला सराय कोहना निवासी अमीर अहमद का बेटा अबुजर गंभीर घायल हो गए थे। चारों जामा मस्जिद में संचालित मदरसे के छात्र होने के अलावा आपस में करीबी दोस्त भी थे। हादसे के बाद परिजनों के साथ ही शहर में कोहराम मच गया था। परिजनों ने मामले में कार्रवाई से इंकार कर मोहम्मद फैज और अरसलान को सुपुर्दे खाक कर दिया था जबकि अब्दुल समद और अबुजर की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। गंभीर घायल अब्दुल समद की हालत अभी भी गंभीर बनी है। परिजन पाकबड़ा के एक निजी मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार करा रहे हैं। उसका ऑपरेशन करने के लिए चिकित्सक ने दस यूनिट खून की जरूरत बताई है। वहीं, घायल अबुजर का भी निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे में दो दोस्तों को खोने से वह गहरे सदमे में है।

# गांव में अराजकता फैलाने वालों पर हो कार्रवाई

## ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ग्रामीणों ने गांव की शांति व्यवस्था बाधित करने वालो पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर दादालाई जमीन को पीड़ित को सौंपने के आदेश पारित करने की गुहार लगाई।

तहसील क्षेत्र के गांव जलालपुर नरायन के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि गांव के कुछ असमाजिक तत्व माहौल खराब करने में लगे है। उन्होंने बताया कि एक प्रकरण मुकेश व विजय, ध्यान सिंह के बीच चल रहा है। जिसे पंचायत के माध्यम से निपटा दिया गया। परन्तु गांव के कुछ दबंग लोगों ने मुनेश की दादालाई जमीन धन के आधार पर घरौनी में दिखाई है। या फिर उक्त खाली पड़ी जमीन पर लेखपाल ने गलती से आदेश कर दिये है। उन्होंने मांग करते कहा कि जो निर्णय गांव में पंचों द्वारा दिया गया है वह सब को मानना चाहिये। यदि ऐसा न हुआ तो गांव की शांति व्यवस्था भंग होने का खतरा है। ज्ञापन सौपने वालों में ऋषिपाल सिंह, रविराम कुमार, मुनेश कुमार, नरेश कुमार, परम सिंह, अंकुर कुमार, कमल सिंह, उपेन्द्र सिंह, जन्म सिंह शामिल रहे।



## पैसे लेकर भी प्रधान ने नहीं बनवाया शौचालय

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** युवक ने ग्राम प्रधान पर रिश्वत लेकर भी शौचालय न बनवाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई है। गंगेश्वरी ब्लाक के गांव सिरसा कलां निवासी सिराज ने वीडियो वायल कर बताया कि उसके घर में शौचालय नहीं है। परिवार को खुले में शौच को जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। युवक ने ग्राम प्रधान से शौचालय निर्माण की मांग की। आरोप है कि प्रधान ने दो हजार रूपये मांगे। एक हजार रूपये युवक ने दे दिये। लेकिन काफी समय बाद भी उसके घर शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया। पीड़ित ने खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार से शिकायत की है।

## एक नजर

### पालिका लिपिक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के एक बैंकट हॉल के बाहर से पालिका लिपिक की अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं पीड़ित लिपिक द्वारा कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर 300वीं जयंती के अवसर पर नगर के बैंकट हॉल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसकी तैयारी को लेकर पालिका कार्यालय में तैनात लिपिक कौशल गुप्ता गये हुए थे।

### महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** महान समाज सुधारक अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म शताब्दी पर नगर पालिका में महिला सफाई कर्मियों के सम्मान के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मियों को सम्मान पत्र और सुरक्षा किट देकर सम्मानित किया गया और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। गुरुवार को नगर पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, रामेन्द्र यादव, निशांत युध्वंशी, लज्जावती , सरिता, कृष्णा, चांद, आराधना, डोली, प्रवेश, सुमन, अनीता , आदि मौजूद रहे।

### चोरियों का खुलासा करने में सैदनगली पुलिस फेल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव में हुई चोरियों का पुलिस खुलासा करने में नाकाम हो चुकी है। चोरियों का खुलासा न होने से लोगों में खौफ फैला हुआ है। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी जयपाल सिंह सिंह के घर चोरों ने सोने चांदी के जेवरात कीमती सामान नगदी समेत लाखों के माल को चोरी कर लिया था। तीन दिन पहले चोरों ने गांव कुकरुवा गुर्जर में तीन मकानो में घुस कर लाखों रुपये के माल को चोरी कर लिया था। चोरों ने रामपाल सिंह के घर से पांच तोले सोना 15000 की नगदी 1 किलो चांदी को चोरी कर लिया था। उसके बाद चोरों ने उनके भतीजे अंकित के घर से भी पांच तोले सोना चांदी नगदी समेत लाखों के माल को चोरी किया था। तो चोरों ने शिवकुमार के घर में घुसकर यहां से भी लाखों रुपए के माल को चोरी कर लिया था। बताया जाता है कि चोरों ने इन तीन घरों से 15 लाख से अधिक के माल को चोरी किया था। जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। थाना सैदनगली इलाके के गांव इकोंदा में भी चोरों ने सत्तार हुसैन के घर की दीवार काटकर दो बकरी तीन बकरो को चोरी कर लिया था। थाना सैदनगली क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोग दहशत में है।

### दो लाख न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

**अमरोहा।** दो बेटियों के जन्म के बाद ससुरालियों द्वारा दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न किया जाने लगा। पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया है। शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी तहसीन ने करीब नौ साल पूर्व बेटी तमन्ना की शादी मोहल्ले के रहने वाले गुलफाम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले तमन्ना को कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। उस पर मायके से दो लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। इस प्रताड़ना के बीच तमन्ना ने दो बेटियों को भी जन्म दिया लेकिन बावजूद इसके ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। बेटी को परेशान देख तहसीन ने समूह से लोन लेकर दामाद को 50 हजार रुपये भी दे दिए लेकिन फिर भी ससुराल वाले दहेज की अपनी मांग पर अड़े रहे। घटना बीती 17 फरवरी की है। आरोपियों ने मारपीट करने के बाद तमन्ना को बेटियों समेत घर से निकाल दिया, पति गुलफाम ने तीन तलाक देते हुए हमेशा के लिए रिश्ता खत्म कर लिया। मायके में रह रही पीड़िता ने शिकायत सीओ सिटी से की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में गुलफाम समेत रुखसाना, शाहरुख, गुलशन तथा नईम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### राशन डीलर के चयन पर भड़की महिलाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राशन डीलर के चुनाव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वरीयता नहीं दिए जाने व गलत तरीके से राशन डीलर का चयन करने का आरोप लगाते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया एसडीएम और खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर चुनाव को स्थगित कराने की मांग की। गुरुवार को विकास खंड की नसीरपुर शुमाली गांव के ग्रामीण और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तहसील और ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्र हुई। उनका आरोप था भी ग्राम पंचायत में राशन डीलर चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित हुई थी जिसमे महिलाओं को कोई वरीयता नहीं दी गई। इस दौरान सविता, मुकेश, ममता, सुनीता, नवनीत, पुनीत, योगराज, रामफल, मोहित, महेश चंद, शशि, मिथलेश, मीना, सोनम, प्रवेश, मोहित, हिमांशु, गंगाशरण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली विभाग की मनमानी पर रोक लगाई जाए

## फुंके ट्रांसफार्मर बदलने में किसानों का शोषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू टिकैत गुट ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि आंधी वर्षा से गिरे पोल को बदलने में विभाग के अधिकारी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते।

गुरूवार को भाकियू(टिकैत) ने कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि किसानों के जो ट्रांसफार्मर फुंक रहे है विभाग उन्हें नहीं बदल रहा। किसानों पर प्राईवेट मिस्त्री से बदलवाने का दवाब बनाया जा रहा है। आंधी–वर्षा के दौरान गिरे पोलों को ठीक नहीं कराया जाता। विभाग के पास हर समय पोल उपलब्ध रहते है लेकिन बदलने में आनाकानी करता है। बिजली घर के ट्रांसफार्मर जो सप्लाई देते है वह बहुत ज्यादा ओवरलोड हो चुके है। विभाग कटौती कर किस्तों में सप्लाई कर रहा है। इस समस्या को दूर कराया जाये। पूरा क्षेत्र गन्ने की खेती पर निर्भर है। ओटीएस योजना में किसान बिलों का भुगतान कर देते है परन्तु इसके बाद भी उनके घरों के कनेक्शन काट दिया जाते है। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदेश अध्यक्ष दानवीर सिंह, जिलाध्यक्ष डा. चन्द्रपाल सिंह, मोहन बेनीवाल, कमल सिंह, राहुल पुनिया, मुकेश चौधरी, भूपेन्द्र चौधरी, सुभाष चीमा, गुरमीत सिंह आदि शामिल थे।



अमरोहा। मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता।

# संस्कृति व विरासत को समर्पित थीं अहिल्या बाई

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** गुरुवार को विकासखंड सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्र ने किया उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। रानी अहिल्याबाई के जीवन संघर्षों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने कभी हार नहीं मानी वह हमारी संस्कृति और विरासत के लिए समर्पित रही। हम सभी को समाज सुधारक महिलाओं से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए तथा सर्व समाज विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए, कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री कुसुम गोयल ने कहा कि समाज की मुख्य धारा में आने के लिए महिलाओं का घर से निकलना बहुत ही जरूरी है आज के समय में महिलाएं जमीन से लेकर आसमान तक झंडे गाड़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मनोज सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित संधू, कुसुम देवी, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रभान भाटी, कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार की नीतियों के बारे में बताया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा हाई कमान के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

गुरुवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत नगर के एक मैरिज हॉल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा पूरे जिले में 21 मई से 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद रामपुर के जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि मोहनलाल सैनी ने अहिल्याबाई होल्कर के विषय में विस्तार से बताते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं एवं नीति के विषय में विस्तार से बताया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एक बहादुर महिला थी। उन्होंने अपना ससुर अपना पति वह बेटा को खो देने के बाद भी अपनी प्रजा की सेवा की थी और किसी से डरी नहीं थी। इस दौरान महिलाओं को पालिका द्वारा सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, मयंक अग्रवाल, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, सभासद हमजा अली, राहुल सैनी,नितिन सैनी,राजपाल सैनी, नौशाद, मोहसिन, संजय सहदेव, अतुल अग्रवाल, विक्रांत शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

# मंदिर के समीप शराब की दुकान हटाई जाए

## ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** मंदिर समीप स्थित शराब की दुकान हटाने की मांग को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शराबी आये दिन मंदिर आने वाली महिलाओं के साथ नशे में अभद्रता करते है।

मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर का है। यहां स्थित मंदिर के निकट शराब की दुकान है। प्रतिदिन मंदिर में पूजा पाठ के लिये महिलाएं एवं युवतियां सुबह और सांय के समय आती है। परन्तु नशे में धुत शराबी उनके ऊपर फब्तियां कसते है। जब कोई इसका विरोध करता है तो शराबी मारपीट पर आमदा हो जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार दुकान को हटाने की मांग कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप था कि इस दुकान पर हर समय प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की जाती है। सैल्समेन लोगों के साथ अभद्रता करता है। ग्रामीणों ने जल्द दुकान हटाने की मांग को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालो में ओम प्रकाश, गेंदालाल, दाताराम, डालचंद, राजाराम, चौखे सिंह, नरेश, शाह आदि शमिल थे।

## एक नजर

### पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। गुरूवार की सुबह नगर पालिका द्वारा गांधी प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गयी। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के मौके पर पूरे देश में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ कोरिडोर से लेकर सोमनाथ तक अनेको मन्दिरों का जीर्णोद्धार किया गया। आज पालिका द्वारा गांधी प्रतिमा के आसपास क्षेत्र में स्वच्छता अभियान पर सफाई की गयी। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने स्वयं सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इसके बाद प्रतिमा स्थल से स्वच्छता रैली भी निकाली गयी।

### बालक हत्याकांड में एसपी ने की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** छह माह पूर्व हुई 11 वर्षीय बालक की हत्या में एसपी अमित कुमार आनन्द व सीओ दीप कुमार पंत ने फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंच परिजनों के बयान लिये तथा तलाशी स्थल की जांच की। बताते चलें कि आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर मझरा शेरगढ़ निवासी नरेश कुमार के 11 वर्षीय बेटे मुकेश की पिछले वर्ष 26 दिसम्बर को हत्या कर दी गयी थी। बालक खेलते समय गायब हो गया था तथा उसका शव हरप्रसाद के खेत में पड़ा मिला था। गले में रस्सी बंधी थी, मामले में गांव के हरप्रसाद, विजयपाल, सरस्वती व वीरवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। डीआईजी मुनिराज के आदेश पर आज पुलिसअधीक्षक अमित कुमार आनन्द, सीओ दीप कुमार पंत, फारेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे तथा परिजनों से घटना की जानकारी ली। इसके अलावा जिस स्थान पर शव मिला था वहां का भी निरीक्षण किया।

### किसानों के मसीहा थे चरण सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। गांव औसामाफी में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि चौधरी साहेब ने अपना सारा जीवन किसानों के हितों की आवाज बुलंद करने में लगा दिया। उनके उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई तथा उनका हक दिलाया। हम सभी को इनके बताये रास्ते पर चलना चाहिये। कार्यक्रम में दयानंद सैनी, ओम प्रकाश सैनी, बुंदू बेगराज, वीर सिंह, सोमपाल सिंह, गुडडू सैनी, वीरबल, सतपाल सिंह, मुकेश सिंह, पूरन सैनी मौजूद रहे।

# किसानों के लिए समर्पित था चौधरी साहब का जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा कार्यालय में गुरूवार का किसानों के मसीहा एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि चौधरी साहब ने अपने संपूर्ण राजनैतिक जीवन में किसानों, गरीबों और ग्रामीण भारत के अधिकारों के लिये संघर्ष किया। उनका संकल्प था कि किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। उनके सिद्धान्त और जीवन मूल्य आज भी हमारे लिये प्रेरणादायक हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.जितेन्द्र यादव, नगराध्यक्ष कामिल मंसूरी, अनिल प्रधान, अशो चौधरी, भीष्म सिंह आर्य, अमित चौधरी, पवन गिल, सुरेन्द्र चौहान, खलील अहमद, अमन सिरोही, अरूण चौधरी, इतिश्याक मलिक, सुभाष ठेकेदार, सतेन्द्र प्रधान, नमन चौधरी, कुलद.ीप देवल, शुभम चड्ढ़ा, निशांत ठाकुर, सीतराम सिंह मौजूद रहे।

**सपा विस कार्यालय पर मनाई गई पुण्यतिथि**



# अहिल्याबाई की जयंती पर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

## आज 30 मई को महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम होगा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एंव नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर निकाय द्वारा गुरूवार को धर्मिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर नाले व चौराहों की सफाई करवायी गयी। इसी के साथ ही 30 मई 2025 को महिला सशक्तिकरण सम्मेलन कर महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य, नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह, वरि.लिपिक आदेश अग्रवाल, वन्दना अग्रवाल, अजय गोस्वामी, इरशाद खां, रविन्द्र पाल, अक्षय शुक्ला, कपिल कुमार, दीपू कुमार, योगेश कुमार, विभोर जिन्दल, ओमप्रकाश सिंह, जयचन्द, महेश कुमार, सुमित चौधरी, अमित गौतम, दिनेश सैनी, रितिक सिघंल, शुभम सिंघल, यशवीर, गौरव, योगेश एंव सभासदगण आदि लोग शामिल रहे।

# डायमंड सिटी मजार प्रकरण लंबी लड़ाई की तैयारी में शिकायतकर्ता अधिवक्ता

**पीलीभीत।** जजी परिसर के समीप टनकपुर रोड पर बनाई जा रही डायमंड सिटी कॉलोनी में मजार को गिरा कर दूसरी जगह मजार बनाए जाने के प्रकरण में शिकायतकर्ता अधिवक्ता अशहर हुसैन ख़ान, फैजान अली खान व अन्य दर्जनों अधिवक्ता अब लंबी लड़ाई की तैयारी में हैं उनका कहना है कि गलत तरीके से अधिकारियों की मिलीभगत से कॉलोनाइजर द्वारा दशकों से बनी मजार को गिरा कर हमारी भावनाओं ठेस पहुंचाई गई है। राजस्व अभिलेखों में भी जमीन पर दशकों से मजार दर्ज है आखिर किस अधिकारी के आदेश के तहत कॉलोनाइजर ने मजार पर ध्वस्त किया। सूत्रों के माने तो जिले भर में कॉलोनाइजर और अधिकारियों के बीच दोस्ती को लेकर चर्चा जोरों पर है कॉलोनाइजर की सहायता करने के बदले कुछ अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों के नाम प्लॉट भी बुक कराए हैं।

# नशे के विरोध में युवकों ने चाकू से गोदकर की महिला की निर्मम हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** महिला द्वारा खेत में नशा करने के विरोध में युवकों ने चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। काफी देर तक घायल मौके पर तड़पती रही। सूचना मिलने के बावजूद काफी देर बाद एंबुलेंस पहुंची। अस्पताल से पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। एसपी ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली है। पूरनपुर के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया की रहने वाली ऊषा देवी 45 वर्ष पत्नी हरिशंकर गुरुवार सुवह 10 बजे महिला कारगिल पेट्रोल पंप के पास में स्थित खेत पर गई थी। तभी वहां मौजूद दो युवक नाश कर रहे थे। विरोध करने पर दोनों उससे गाली गलौज करने लगे। इसके बाद नशेड़ियों ने महिला के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए। लहूलुहान अवस्था में वह खेत पर ही गिर गई। घटना को लेकर खलबली मच गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना देने के बावजूद काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। इससे घायल मौके पर तड़पती रही। अस्पताल में भर्ती महिला की उपचार की कुछ देर बाद मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तारी के लिए एसओजी, क्राइम ब्रांच की टीमें लगाई गई हैं। सूचना पर एसपी अभिषेक यादव, सीओ प्रगति चौहान, कोतवाल सत्येंद्र कुमार अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जल्द पालिका खाली करा सकती है जिला सपा कार्यालय, डीएम ने सपाइयों को बताया अवैध कब्जेदार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** नकटादाना चौराहे पर पालिका ईओ आवास में स्थित जिला सपा कार्यालय को लेकर लंबे समय से चल रही उठा थमने का नाम नहीं ले रही पिछले दिनों नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पालिका की संपत्ति पर संचालित हो रहे समा. जवादी पार्टी के जिला कार्यालय को खाली कराए जाने हेतु मांग की थी जिसके बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में आया और पूर्व में हुई जांच के आधार सपा नेताओं को 3 दिन के भीतर सपा कार्यालय खाली करने का आदेश दिया था। ईओ आवास को वर्ष 2005 में समाजवादी पार्टी के मुख्यालय हेतु आवंटित किया गया था, जिसे वर्ष 2020 में तत्कालीन ईओ द्वारा निरस्त कर दिया गया है। नगर पालिका द्वारा जल्द कार्यालय खाली कराए जाने की सूचना पाकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, एडवोकेट अमित पाठक सही कई अन्य नेताओं ने जिला. धिकारी से मिलकर अभी तक उनके द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया और कहा कि समाजवादी पार्टी कार्यालय को लेकर उन्होंने जिला न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट वाद दायर किया है जिसपर अभी कोई फैसला नहीं आया है इसलिए कार्यालय खाली नहीं कराया जा सकता। सपा नेताओं की बात सुनकर जिला. धिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने नगर पालिका से किराए पर लिए गए भवन की समय अवधि समाप्त होने पर भी सपा नेताओं द्वारा कार्यालय खाली नहीं किए जाने पर सपा नेताओं को अवैध कब्जेदार कहकर विधिक राय लेकर आगे की कार्यवाही करने की बात कही। सूत्रों के माने तो मुख्यमंत्री कार्यालय से आए दिशा निर्देशों के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यालय का खाली कराया जाना लगभग तय माना जा रहा

# ब्राह्मण कल्याण समिति के संरक्षक एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पं राघवेंद्र नाथ मिश्रा का निधन



**पीलीभीत।** ब्राह्मण कल्याण समिति के संरक्षक केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ मिश्रा का लंबी बीमारी के चलते बुधवार रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में मुक्तिधाम पर किया गया। इस दौरान मुक्ति धाम पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डा. योगेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ देवेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ नरेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ उपेंद्रनाथ मिश्रा, डॉ शैलेंद्र नाथ मिश्रा, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक वाजपेई एडवोकेट, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र एडवोकेट, अमर नाथ मिश्रा, रतन नाथ मिश्रा, डीजीसी सिविल हर्षवर्धन पांडे आदि थे। उनके निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, महामंत्री शैली अग्रवाल, उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, सतीश जायसवाल, मझोला चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, प्रेमपाल गंग. वार, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अमरोहा जनपद-अमरोहा**

पत्रांक: 286/का.अ./2025 दिनांक: 29.5.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना सं0-912/नौ- 1-9-2024-85/05, टी०सी०-01 लखनऊ, दिनांक-28.06.2024 के द्वारा नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अंतिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी, जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद, अमरोहा द्वारा उक्त नियमावली का प्रकाशन दिनांक 05.02.2025 को समाचार पत्र दैनिक जागरण व शाह टाईम्स एवं विधान केसरी में कराया गया था, जिस पर निर्धारित समय (15 कार्य दिवस) अन्तर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरोहा को कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

अत: उपरोक्त अनुसार नियमावली को अन्तिम रूप से लागू कर दिया गया है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रभावी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमरोहा

# बेनहर समर कैम्प: पांचवीं शाम फैशन शो के नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में पांचवी शाम फैशन शो के नाम रही। देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता था कि छोटे–छोटे बच्चों को भी फैशन की कितनी समझ है। वे जिस अंदाज में पूरे भरोसे के साथ रैम्प पर कैटवॉक कर रहे थे। उससे भविष्य में उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व का पूरा संकेत मिल रहा था। फैशन शो प्रतियोगिता ब्वॉयज तथा गर्ल्स के तीन–तीन ग्रुपों में हुई। इसके अतिरिक्त खेल कूल गति. विधियों में छात्राओं की थ्रो बॉल प्रतियोगिता में टेरा हाउस प्रथम एवं पायरा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। छात्राओं की हैण्डवॉल प्रतियोगिताओं में पायरा हाउस प्रथम एवं टेरा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। छात्रों की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हैण्डबॉल में एक्वा हाउस प्रथम व टेरा हाउस द्वितीय, वॉलीबॉल में पायरा हाउस प्रथम व जैफ्रा हाउस द्वितीय, सेपक टॉकरा में टेरा हाउस प्रथम व पायरा हाउस द्वितीय एवं कक्षा 10 से 12 के छात्रों की काउण्टर स्ट्राईक प्रतियोगिता में एक्वा हाउस प्रथम एवं पायरा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। समरकैम्प के पांचवे दिन की गतिविधियों में कक्षा 11 व 12 के छात्र–छात्राओं के लिए 'जोन ट्रेनर' नेहा पाण्डेय एवं शक्तिरीश अग्रवाल द्वारा 'स्पीच क्राफ्ट' ट्रेनिंग के अंतिम सत्र में छात्रों को माईक का प्रयोग किया गया।

# ड्रापआउट की समस्या पर ध्यान दें अधिकारी: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने विगत दिवस देर सायं बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में की। बैठक में डीएम ने कहा कि सरकार बजट का बहुत बड़ा हिस्सा शिक्षा पर व्यय करती है, फिर भी ड्रापआउट की समस्या क्यों है, इस समस्या का निदान किया जाए, और इस कार्य में समस्त एबीएसए व शिक्षकगण भी ध्यान दें।



बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के प्राइमरी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति को विशेष रूप से देखा जाए, और सुधार करने के प्रयास किए जाएं। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले दूध की गुणवत्ता की जांच हेतु लैक्टोमीटर की उपलब्धता करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव के स्वयं सहायता समूहों को पशुपालन हेतु प्रेरित करें, और उन्हीं से विद्यालयों में दूध की आपूर्ति कराई जाए, जिससे स्वयं सहायता समूह भी सशक्त होंगे, और बच्चों को भी पौष्टिक आहार मिलेगा। जनपद के कस्तूरबा विद्यालयों में भोजन बनता है, उसमें मसालों आदि का क्रय किया जाता है, वह भी स्वयं सहायता समूहों से क्रय किया जाए। बैठक में डीएम ने रसोईयों के मानदेय दिए जाने के सम्बन्ध में जानकारी की, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद में 6101 रसोईया कार्यरत हैं, जिनका मार्च 2025 तक का भुगतान हो गया है। परिधान के रुप में साड़ी की धनरा. शि भी दे दी गयी है। जिसपर डीएम ने निर्देश दिए कि समस्त एबीएसए विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान रसोईयों का हाल-चाल भी पूछें, और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लें, मानदेय समय से मिल रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी लें। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, समस्त एबीएसए सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किशोरी को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक युवक अपने साथ मजदूरी करने वाले एक ग्रामीण की नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। घटना की रिपोर्ट पिता की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला एक ग्रामीण उत्तराखंड के सितारगंज के सिडकुल की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है, और अपने परिवार के साथ वहीं रहता था। उसके पास में ही अलीगंज थाना क्षेत्र के हाफिजगंज गांव का पुष्पेन्द्र भी रहता था। दोनों के पास-पास रहने के कारण मजदूर की नाबालिग बेटी से उसकी जान पहचान हो गयी। एक सप्ताह पूर्व किशोरी नवाबगंज थाना क्षेत्र के चमरौआ गांव में स्थित अपनी ननिहाल गयी थी। जिसकी जानकारी मिलने पर पुष्पेन्द्र उसे वहां से बहला फुसलाकर भगा ले गया।

## अतिक्रमण पर नगर पालिका का गरजा हंटर

**फरीदपुर नगर पालि. का की कार्यवाही से बाजार में मचा हड़कंप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नगर पालिका परिषद फरीदपुर क्षेत्र में व्याप्त भीषण अतिक्रमण के कारण आवागमन एवं रोड जाम की गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का आगाज कर दिया। इस दौरान कई अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अधिग्रहण हटाओ अभियान इसी तरह जारी रहेगा।

फरीदपुर क्षेत्र वासी काफी लंबे अरसे से एवं भीषण जाम की समस्या झेलते आ रहे हैं। सैकड़ों शिकायतों एवं भीषण जाम की समस्या से निजात पाने के लिए नगर पालिका परिषद ने एक सप्ताह पूर्व पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने की घोषणा की थी। गुरुवार की दोपहर फरीदपुर की मुख्य बाजार पर फरीदपुर कोतवाली के पास के इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा की गैर मौजूदगी में शुरू किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के पास व्याप्त अवैध अतिक्रमण पर पालिका का हंटर गरजा।

इस दौरान बाजार में हड़कंप मच गया। रोड किनारे अतिक्रमण कर अवैध तरीके से रोड को घेरे हुए अतिक्रमणकारी अपनी-अपनी दुकान लेकर भागते हुए दिखाई दिए। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने कई अवैध अतिक्रमण पर हथौड़े बरसाए, और रोड पर व्याप्त आक्रमण से संबंधित सामग्री को पालिका वाहन में भरकर ले गए।

अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## एक नजर

### पहले युवक को पीटा, जब इसकी शिकायत की तो फिर परिजनों ने घर पर किया पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नवाबगंज।** कस्बे में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी ने अपने पड़ोसी के घर पर ईंट पत्थर फेंके, और घर में घुसकर पिटाई कर डाली, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

कस्बे की कहारान बस्ती के रहने वाले इकरार का पुत्र मो० अनस दो दिन पहले शाम करीब 6 बजे घूमने जा रहा था कि उसके पड़ोसी इकबाल के पुत्र सोहेल ने उसे रोकते हुए इधर से न निकलने की हिदायत देते हुए उसके साथ मारपीट कर डाली। उसने घटना अपने पिता को बताई तो उन्होंने इसकी शिकायत सोहेल के पिता से की। आरोप है कि शिकायत सुनने के बजाए उन्होंने उसके घर पर ईंट पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर अनस के पिता इकरार, मां आसमां, बहन कहकशा के साथ मारपीट कर डाली, जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया, और तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवा जागरण मंच द्वारा आयोजित 30वां दुर्गा जागरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** युवा जागरण मंच द्वारा आयोजित 30वें विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन रामलीला मैदान में बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर ज्वाला देवी की प्रचंड जोत प्रज्वलित की गई, और विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ जागरण का शुभारंभ हुआ।

वृंदावन के अमन मिश्रा और पूजा बावरी ने माता रानी के भजनों से सभी का मन मोह लिया, और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। राधा कृष्ण के मनमो. हक स्वरूप ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जागरण का पूजन पंडित मोहन महाराज द्वारा मुख्य यजमान शुभम रस्तोगी के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें भाजपा नेता राहुल गुप्ता, सभासद दिनकर गुप्ता, अशोक गुप्ता और अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा नेता राहुल गुप्ता, सभासद दिनकर गुप्ता, अशोक गुप्ता, सोनी रजत गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, सनी गुप्ता, सुमित गुप्ता, अजय रस्तोगी, पंडित सोनू दीक्षित, डॉ. सुशील रस्तोगी, कौशल गुप्ता और सुंदर रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

### बारादरी में साइबर ठगों ने युवक के खाते से उठाए 3.36 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी क्षेत्र में एक नई साइबर ठगी का मामला सामने आया है। कटरा चांद के मौर्य मंदिर निवासी कौशल मौर्य के क्रेडिट कार्ड से ठगों ने 3.36 लाख रुपये निकाल लिए। कौशल ने 15 दिन पहले इंडसइंड बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवाया था। 28 मई को उन्हें एक कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने कहा कि कार्ड का इस्तेमाल न करने पर 450 रुपये का चार्ज लगेगा। कौशल ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बैंक ने पहले कोई चार्ज न लगने की बात कही थी। इस पर कॉलर ने फोन काट दिया। अगले दिन 29 मई को कौशल के मोबाइल पर लगातार ट्रांजेक्शन मैसेज आने लगे। दोपहर में तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन हुए। पहला 99,600 रुपये का, दूसरा 9,966 रुपये का और तीसरा 34,000 रुपये का था। इसके बाद उनका मोबाइल कुछ देर के लिए बंद हो गया। जब मोबाइल चालू हुआ तो क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट खाली हो चुकी थी। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कॉल रिकॉर्डिंग, बैंक मैसेज और अन्य जरूरी दस्तावेज भी जमा किए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर टीम को भी अलर्ट कर दिया गया है।

### दवा लेने जा रही महिला को डीसीएम ने मारी टक्कर, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना भुता क्षेत्र के गांव अठाना निवासी 50 वर्षीय महिला महिमा को सड़क पार करते समय डीसीएम ने टक्कर मार दी, महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।परिजनों ने बताया कि महिला महिमा घर से दवा लेने के लिए गांव अटकोना जा रही थी, गांव में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिसमें महिमा की घटना स्थल पर मौत हो गई। टक्कर मारने वाली डीसीएम को वहां मौजूद पब्लिक में पकड़ लिया, और डीसीएम को पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचे, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा और पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आंवला के थाना सिरौली में एक युवक छत पर चढ़ गया, और छत से कूदने का प्रयास करने लगा। वहीं पुलिस ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद सफलता पाई। थाना सिरौली पर तैनात पीआरबी द्वारा सूचना दी गई कि एक लड़का जिसका नाम गुरुदेव पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम चकरपुर गई दो मंजिला छत पर चढ़ गया है। सूचना पर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, और मामले की जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त गुरुदेव का विवाह लगभग 40 दिन पूर्व हुआ है, एवं गांव के लोग तथा उसके परिजन उसे पागल मंदबुद्धि कहते हैं। जिससे आहत व दुखी होकर छत से कूद कर आत्महत्या का प्रयास कर रहा था। पुलिस द्वारा करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद चारों तरफ तिरपाल लगवाकर रेस्क्यू सेटअप किया गया, और जनता की मदद से सकुशल नीचे उतारा।

## जमानत कराकर कोर्ट से बाहर निकलते ही पत्नी ने पति को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गुरुवार को नगर की मुंसिफ कोर्ट में उस समय हंगामा मच गया, जब दहेज उत्पीड़न के एक मामले में अपनी जमानत कराकर कोर्ट से बाहर निकलते ही एक पत्नी ने अपने परिजनों की मदद से अपने पति की पिटाई कर डाली। घटना की तहरीर पति की मां ने पुलिस को दी है।

थाना हाफिजगंज के गांव मुड़िया भीकमपुर की रहने वाली अलका गंगवार ने बीते वर्ष दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट अपने पति मुकेश कुमार सहित कई लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी। गुरुवार को आरोपी मुकेश कुमार, उसकी मां शान्ति देवी, पिता मोहन स्वरूप अपने अधिवक्ता कुंवर सेन के साथ मुंसिफ कोर्ट में हाजिर हुए, और जमानत कराए जाने के बाद वह अपराह्न करीब 4 बजे जैसे ही कोर्ट से बाहर निकले, वैसे ही पहले से ही घात लगाए बैठी पत्नी अलका गंगवार और उसके परिजनों ने पति मुकेश कुमार, सास शान्ति देवी और ससुर मोहन स्वरूप की पिटाई करनी शुरू कर दी। कोर्ट के बाहर हुई इस मारपीट से कोर्ट में खलवली मच गई, इसे देखने को आसपास लोगों की भारी भीड़ भी जुट गई। बताया जाता है कि मारपीट होता देख कोर्ट के बाहर बैठे पुलिस सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी लोगों ने मारपीट कर दी।

## संगठन सृजन अभियान के तहत हुई जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की गई। इस मौके पर कोर्डिनेटर (प्रभारी) ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत नए संगठन का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन का सृजन किया जाएगा। इसके लिये पार्टी की आगामी 100 दिन की कार्य योजना तैयार हो चुकी है। 100 दिन के अंतर्गत हम सब लोग मिलकर कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करेंगे।





बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नगर में संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि जिले का संगठन तैयार है, और बहुत जल्द ब्लॉक से न्याय पंचायत व मंडल अध्यक्ष तक संगठन पूर्ण कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन में जब तक अनुशासन नहीं होगा, तब तक संगठन मजबूत और सशक्त नहीं होगा। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अयाज खान ने कहा कि जो 100 दिन का संगठन सृजन अभियान का कार्यक्रम दिया गया है, उस लक्ष्य को हमें पूरी मजबूती के साथ पूरा करना है। उन्होंने ब्लॉक और वार्ड लेवल पर संगठन को नई ताकत देने के लिए लोगों से ज्यादा से ज्यादा सम्पर्क करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश गंवार, जिला कोषाध्यक्ष सैफी, जिला सचिव उरूज फात्मा, जिला महासचिव सुखविंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला सचिव रमेश पंडित, तकी सकलैनी, रियाज खां, रिजवान खान सकलैनी, तौसीफ सकलैनी, शादाब खान, शोएब मियां, शादाब सकलैनी, मो0 आमिर, अनीस सकलैनी, दिलीप गंवार आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी के प्रभारी डॉक्टर निर्मोज यादव का बरेली आगमन पर जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के 124 शहर विधानसभा बरेली के प्रभारी डॉक्टर निर्मोज यादव का बरेली आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने बरेली के शहर 124 विधानसभा से चुनाव लड़ने हेतु नेताओं से मुलाकात की।



डॉक्टर निर्मोज यादव ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ० अमित सक्सेना के निवास स्थान पर जाकर उनसे मुलाक. ात की। डॉ० अमित सक्सेना और उनकी टीम ने प्रभारी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान आगामी विधानसभा को लेकर चर्चा हुई और विधानसभा का जातीय समीकरण भी जाना गया।

इस दौरान पार्टी को जीताने का संकल्प लिया गया। स्वागत करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता कदीर अहमद, आदेश यादव गुड्डू, भुवनेश यादव, डा. ज्ञान सिंह, मयंक यादव, वेशपाल यादव, मोहित सक्सेना, ऋषभ सक्सेना, आदित्य सक्सेना, अजय सक्सेना, शिव सक्सेना, प्रतीक गुप्ता, डा. दिलीप सिंह, डा. दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान विधानसभा चुनाव की रणनीति और पार्टी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, आगामी चुनाव में पार्टी की जीत के लिए आवश्यक कदमों पर भी चर्चा हुई।

## रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताबदी वर्ष पर सौंपी आवासों की चाबियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रानी अहिल्यावाई होलकर की त्रिशताब्दी पर गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें महिला शशक्तिकरण का जन्म दाता बताया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने इस दौरान रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने रानी अहिल्याबाई होलकर को महिला शशक्तिकरण का जन्म दाता बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने साढ़े तीन सौ से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया था। इस दौरान कई महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें आवासों की चाबियां सौंपी गईं। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉ० मीनाक्षी गंगवार, पूजा गंगवार, नीतीश उपाध्याय, रामप्रकाश गंगवार, शशि कपूर एड, मनोज दिवाकर, मनोज शर्मा, स्वाति उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य सहित भाजपा मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।



## कुर्बानी की तश्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं डालें: मौलाना शाहबुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बकरा ईद को लेकर महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज 7 जून को होगी। कुर्बानी 7,8 और 9 जून को की जा सकेगी।



मौलाना ने कहा कि कुर्बानी एक इबादत है। इसका मकसद अल्लाह की रजा हासिल करना है, दिखावा नहीं। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें न डालने की अपील की है। साथ ही कोई नई परंपरा न डालने और विवादों से बचने का आग्रह किया है। मौलाना ने कुर्बानी के लिए कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। कुर्बानी घर या बंद जगहों पर ही करें। खुले में, सड़कों या चौराहों पर कुर्बानी न करें। कुर्बानी के बाद खून और अवशेष को साफ तरीके से दफन करें। जानवरों को सार्वजनिक रास्तों पर न बांधें।

उन्होंने प्रशासन से कुर्बानी के जानवर ले जा रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे दूसरे धर्मों की भावनाओं का सम्मान करें। बकरा ईद को अमन, भाईचारे और सफाई के साथ मनाएं।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई संपन्न

**नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग किए जाने की ट्रेनिंग कराये जाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।



बैठक में पोषाहार वितरण, बच्चों के वजन की फीडिंग, हॉट कुक्ड मील तथा एनआरसी में बच्चों की भर्ती आदि के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि पोषाहार वितरण की कार्यवाही लगातार की जा है।

बैठक में डीएम ने फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग किस प्रकार की जाए आदि की ट्रेनिंग नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि हाटकुक योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूल के 200 मीटर के क्षेत्र में चलने वाले आंगनबाड़ियों को स्कूल में बनने वाले मीड डे मील से आपूर्ति की जाती है, इससे अधिक दूर रहने वाले केन्द्रों पर भोजन बनाया जाता है।

बैठक में डीएम ने विद्यालयों में बाला पेंटिंग की जानकारी भी ली।

बैठक में अवगत कराया गया कि 468 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पानी की टंकी लगाने हेतु धनराशि दे दी गयी है, जिससे 1000 लीटर पानी की टंकी और पाइप लाइन का कार्य होना है, जिसपर अधिशासी अभियंता आरईडी ने बताया कि उक्त कार्य एक माह में करा दिया जायेगा।बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं द्वारा आमजन मानस को कुपोषण के प्रति जागरूक किया जाए, जिसपर बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं द्वारा जागरूक करने का कार्य किया जाता है, तथा वर्तमान में एनआरसी क्षमता के अनुरूप फुल चल रही है।

बैठक में बताया गया कि 18 इंडीकेटर्स के अन्तर्गत विभिन्न मानकों को पूर्ण करने हेतु बजट की मांग की गयी है।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि बैंको द्वारा सीएसआर का पैसा व्यय नहीं किया जा रहा है, इसपर ध्यान दिया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, समस्त सीडीपीओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता के जनसेवा केंद्र पर बनाए जा रहे थे फर्जी आधार-पैन कार्ड

**पुलिस ने मारा छापा तो हुआ खुलासा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भाजपा के सीबीगंज मंडल महामंत्री एवं अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष मुकेश देवल के जनसेवा केंद्र पर फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी, सीबीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। भाजपा नेता अपने भाई के साथ मिलकर जनसेवा केंद्र की आड़ में फर्जीवाड़ा कर रहा था। आरोपी मुक. ेश देवल ने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर खुद को भाजपा के सीबीगंज मंडल का महामंत्री लिख रखा है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



सीबीगंज के गांव महेशपुर में भाजपा नेता मुकेश देवल व उसका भाई दीपक देवल मकान में दुकान खोलकर जनसेवा केंद्र चलाता है। इतना ही नहीं, उसने बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की सीबीगंज शाखा के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अपना सिस्टम लगाकर आधार कार्ड बनाने का काम ले रखा है, जो काफी समय से संचा. लित है।

घर पर संचालित जनसेवा केंद्र में फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हाई स्कूल व इंटरमीडिएट मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का धंधा चल रहा था। यह फर्जी कागजात सेना की अग्निवीर भर्ती, रेलवे आदि में प्रयोग किए जाते थे। मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ (बरेली इकाई) की जांच में यह फर्जीवाड़ा सामने आया तो एसओजी व सीबीगंज पुलिस को साथ लेकर बुधवार को जनसेवा केंद्र पर छापा मारा गया।

पुलिस ने मौके से दो लैपटॉप, 50 से अधिक आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, रेलवे अधिकारियों व पार्षदों की मोहरें आदि सामान बरामद किया है। हालांकि आरोपी फरार हो गया है। वहीं भाजपा नेता मुकेश देवल को भाजपा कार्यकर्ता भी मानने से इनकार कर रहे हैं, जबकि उसकी भाजपा के कार्यक्रमों में भूमिका रहती थी। कई नेताओं के साथ उसके फोटो भी सामने आए हैं।

भाजपा के सीबीगंज मंडल अध्यक्ष अजय मौर्य का कहना है कि भाजपा के सीबीगंज संगठन में मुकेश देवल पर कोई पद नहीं है, और न ही भाजपा कार्यकर्ता है। अगर कोई अपने आप किसी कार्यक्रम में आकर खड़ा हो जाता है तो उसे रोक थोड़े ही सकते हैं।

## स्कूल के सामने मकान में हो रहा था ऑनलाइन सट्टा

**पुलिस ने मारा छापा, एक आरोपी गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रेमनगर थाने के पॉश इलाके राजेंद्र नगर में ऑनलाइन सट्टा की खाईबाड़ी करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मौके से चार लाख रुपये, चार मोबाइल फोन, दो डायरी व अन्य सामान मिला है। सात आरोपी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि राजेंद्र नगर में सूरजभान स्कूल के सामने एक मकान में काफी समय से ऑनलाइन सट्टा का धंधा हो रहा है। यहां रोजाना लाखों रुपये का खेल हो रहा है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम के निदेशों पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा। यहां से राजेंद्र नगर निवासी विपिन को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से चार लाख रुपये, दो डायरी और चार मोबाइल फोन भी मिले।



गिरफ्तार आरोपी ने मौके से भागने वाले सटोरियों के नाम पटेल नगर निवासी सुधांशु, लल्ला उर्फ हिमांशु अग्रवाल, जनकपुरी निवासी विपिन आनंद, सावरकर नगर निवासी युसुफ, सुभाषनगर निवासी सुमित गंगवार, मिनी बाइपास निवासी विजेंद्र पाहुजा और बीडीए कॉलोनी धर्मकांटा निवासी सजल बताए हैं।

आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीओ प्रथम ने बताया कि अन्य आरो. पियों की तलाश की जा रही है। बरामद डायरी में कई और नाम भी लिखे हैं। इसके अलावा रुपयों के लेन देन का जिक्र भी है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# डीएम और एसपी ने उप खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में खनिज कार्यों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी (पुलिस) सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी दशा में उनके क्षेत्र के अन्तर्गत उप खनिजों का अवैध परिवहन न होने पाये। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में उप खनिज की ओवरलोडिंग न होने दें और जो वाहन ओवरलोडिंग में पकडे़ जाये या उनके द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर परिवहन किया जा रहा हो तो ऐसे मामलों में दोषियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने खान अधिकारी व खान निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उप खनिज ले जाने वाले वाहनों व उनके आवश्यक अभिलेखों की जॉच करना सुनिश्चित करें।



नो एंट्री के समय उप खनिज लदे वाहनों का प्रवेश नगरीय क्षेत्र में न हो, इसका सख्ती से पालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड से जनपद की सीमा में आने वाले वाहनों का आईएसटीपी अवश्य चेक किया जाये।

जनपद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 51.85 करोड़ की राजस्व प्राप्ति के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उप खनिज, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध भारी जुर्माना एवं कठोर कार्यवाही के परिणामस्वरूप 131.63 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है, जोकि निर्धारित लक्ष्य का 341.89 प्रतिशत है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. अमरीश कुमार बिन्द, समस्त एसडीएम, समस्त सीओ, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं खान अधिकारी मौजूद रहे।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर मारपीट में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा में संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को लेकर परिजन थाना परिसर पहुंचे जहां घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा निवासी वीर सिंह व फकीर सिंह दो सगे भाइयों में संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। जिसके चलते गुरुवार को दोनों परिवारों में मारपीट हो गई।

मारपीट में एक पक्ष से वीर सिंह,वीर सिंह का बेटा सुनील और वीर सिंह का दामाद यशपाल जख्मी हो गए।

उधर दूसरे पक्ष से फकीर सिंह के बेटे अमरपाल की पत्नी राजेश्वरी जख्मी हो गई। घायल को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद भेजा।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के दृष्टिगत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे तंबाकू निषेध पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ रामपुर द्वारा किया गया। इसमें सर्वप्रथम हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह द्वारा हस्ताक्षर करके किया गया। यह अभियान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय में चलाया गया। इस अभियान में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

इसके अतिरिक्त कोटपा अधिनियम के अनुपालन हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में एक जुर्माना अभियान चलाया गया, जिसमें धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों पर सुसंगत धारा के आधार पर जुर्माना लगाया गया। इस अभियान में कुल 26 व्यक्ति तंबाकू का उपयोग करते हुए पाए गए, जिनसे कुल 2620 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस जुर्माना अभियान में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि तथा तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय पटवाई में मनाया गया माहवारी दिवस




**( सतीश कुमार लोधी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** गुरुवार को पटवाई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में माहवारी दिवस मनाया गया जहां विद्यालय कि छात्रों को माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया इस मौके पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्रा कुमारी सेजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कक्षा 8 की छात्रा निशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 8 की छात्रा निशु व कक्षा 7 की छात्रा कुमारी निर्मला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अर्चना सक्सेना ने छात्राओं को महावारी के दौरान साफ सफाई न रखने पर होने वाले इन्फेक्शन की विस्तार से जानकारी दी और साथ ही इन दिनों में अपने खाने में विशेष चीजों को शामिल करने व आयरन की नीली गोली नियमित रूप से खाने की सलाह दी। इस दौरान आरबीएस के टीम में डॉक्टर रुमा खान ने भी किशोरियों को माहवारी से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य किरन बाला तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्रीन वुड स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को ग्रीन वुड स्कूल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ग्रीनवुड स्कूल रामपुर में आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। यह रक्तदान शिविर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा शहीद किए गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए लगाया गया। इसी संदर्भ में स्कूल की ओर से वर्धमान चौरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा स्कूल में स्कूल स्टाफ द्वारा रक्तदान किया गया। इस शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार एमबीबीएस चिकित्सा प्रभारी, मो. रेहान तकनीकी प्रभारी, श्याम सिंह तकनीकी पर्यवेक्षक, हरप्रीत सिंह तथा राजविंदर कौर स्टाफ नर्स ने रक्तदाताओं को संबोधित किया। उन्होने रक्तदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उनके इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने बताया रक्तदान करने से दिल के दौरे का जोखिम कम हो सकता है इसके अलावा रक्तचाप भी सामान्य रहता है। इसके पश्चात स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, प्रधानाचार्य एन. के. तिवारी के नेतृत्व में स्कूल के टीचर्स और स्टाफ नें रक्तदान किया। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और



प्रधानाचार्य एन. के. तिवारी नें कहा कि रक्तदान जैसा मानवीय कार्य इस संसार में कोई और नहीं है। इस महादान से हम एक यूनिट खून से मरते हुए अनेक व्यक्तियों का जीवन बचा सकते हैं। इससे बड़ा मानवीय कार्य और कुछ हो ही नही सकता। उन्होंने कहा रक्तदान करना एक संतुष्टिदायक अनुभव होता है, जो भावनात्मक कल्याण और संतुष्टि की भावना लाता है। इस अवसर पर ब्लड सैंटर द्वारा रक्त दाताओं को डोनर कार्ड और प्रमाण पत्र दिए गए। अंत में स्कूल की ओर से वर्धमान चौरिटेबल ब्लड सेंटर के सभी सदस्यों और डॉ. प्रदीप कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और टीम का आभार प्रकट किया गया । शिविर में रक्तदान करने वाले एन. के. तिवारी (प्रधानाचार्य) (उपप्रधानाचार्य), शकील अहमद, मंदीप सिंह सीनियर, मंदीप सिंह जूनियर, शादाब खान, मोहसिन खान आदिल खान, आसिम उर रहमान, एहतेराम अली, फैजान खान, सुमित राय, आतिफ खान, नैना खत्री, हफसा कबीर, सायमा जूनियर, अल्फिशा नूर, अरीबा खान, विधि कालरा, ममता चौरसिया, मिस्बाह असलम आदि ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, मंदीप सिंह, फिरोज हैदर, मो. नाजिम, विक्रांत गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## एक नजर

### एएसपी ने किया थाना सैफनी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने पर गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा थाना सैफनी पर आदेश कक्ष आयोजित किया गया। जिसमें थाने पर उपस्थित विवेचनाओं से संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए उसके उपरांत थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीड़ भाड़ वाले स्थान पर पैदल गश्त की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह शाहाबाद उपस्थित रही।

### सैफनी नगर पंचायत में रानी अहिल्याबाई होलकर की मनाई गई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत में गुरुवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने हेतू महिला सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वास्थ शिविर में हेल्थ चेकअप करवाया गया जिसमें उपस्थित अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर,वीरसिंह (लिपिक) मुख्यमंत्री फेलो अनुज कुमार, निर्भय कश्यप( कंप्यूटर ऑपरेटर) दिनेश कुमार, विजय सागर, मोहम्मद अरशद, विशाल( सुपरवाइजर) विनोद कुमार तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### बाइकों की भिड़ंत में एक घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** दो बाइकों की हुई भिड़ंत में एक युवक गंभीर घायल हो गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने किया जिला अस्पताल रेफर। जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सरफराज अपनी बाइक से काम पर जा रहा था। कि नगर के ढकिया चौराहे के पास पहुंचने पर सामने से आ रही बाइक से भिड़त हो गई। जिसमें सरफराज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया,जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नगर पालिका में अहिल्यादेवी होलकर की मनाई गई 300 वीं जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार कार्यालय नगर पालिका परिषद में रानी अहिल्यादेवी होलकर की 300 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता सैनी सदस्य राज्य महिला आयोग। इस दौरान रानी अहिल्यादेवी होलकर के जीवन पर प्रकाश डाल महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंकज सैनी, महताब खां लिपिक नगर पालिका परिषद, चंचल प्रधान, डॉ. प्रेमपाल, अतर सिंह, सतीश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में तेज तूफान और बारिश के बीच बिजली व्यवस्था हुई धड़ाम, मुरादाबाद बाजपुर मार्ग भी हुआ बन्द

**( मो. फारूख अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** तेज तूफान और बारिश के बीच मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर हाई टेंशन लाइन पर पेड़ टूट कर गिर जाने से बिजली व्यवस्था चौपट हो गई है वही घरों पर भी पानी की टंकियां और तीनशेड उड़कर दूर पहुंच गए हैं। मुरादाबाद बाजपुर मार्ग भी पेड़ गिरने से बन्द हो गया जिसकी वजहा से यात्रीगण को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे तेज हवाओं के बीच तूफान का आगाज हुआ और साथ में तेज बारिश भी हुई तेज हवाओं के बीच टांडा बाजपुर मार्ग पर 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई वही मुरादाबाद बाजपुर मार्ग भी बन्द होगया बिजारखाता में वीर सिंह का दो मंजिल मकान का लिन्टर भी खिसक गया जिससे घटना होते-होते बाल बाल बच गई। तूफान में टीन शेड और पानी की टंकियां उड़ कर दूर पहुंच गई मार्ग पर जो वाहन था वहीं थम गया। मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए पेड़ हटाने के लिए वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है भारी तादाद में पेड़ों के गिर जाने से कुछ देर वाहनों का काफिला थमा रहा। तेज तूफान से मसवासी बिजार खाता चाउपुरा भूबरा सीतारामपुर रहमतगंज मंसूरपुर खुशहालपुर सेमरा लाडपुर किशनपुर मौलागढ़ हसनपुर उत्तरी घोसीपुरा पट्टी कला कुंदनपुर अलीगंज धर्मपुर उत्तरी लोहार इनायत गंज शिवनगर लोहरी मजरा हसन आर्सल पार्सल खोदशरीफ मोतीपुरा। गागन नागली समेत 32 गांव की बिजली व्यवस्था 24 घंटे के लिए बाधित हो गई है टूटे तारों को जोड़ने के लिए बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है लेकिन शुक्रवार तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त होने का अंदेशा जताया जा रहा है।



### दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** थाना शहजाद नगर क्षेत्र के मिल्क मोहम्मद बक्स गांव निवासी प्राथमिक के परिवार वालों ने अपनी हैसियत के मुताबिक दंहे ज देकर 3 वर्ष पहले पटवाही थाना क्षेत्र के ग्राम आकर निवासी तौफीक पुत्र नन्हे से हिंदू मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार विवाह किया था। विवाह के कुछ भी दिनों बाद दहेज लोभियों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने मायके वालों को दे मायके वालों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की वहां से भी कोई समाधान न होने पर पीड़िता नगमा ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगे पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार थाना शहजादनगर पुलिस ने मामले में प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# महावारी दिवस पर हुआ कला प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शाहबाद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में महावारी दिवस के अवसर पर कला प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

इस दौरान ब्लैक कोऑर्डिनेटर अर्चना सक्सेना को जानकारी देकर जागरूक किया उन्होंने बताया कि महावारी में साफ सफाई न रखने पर होने वाले इन्फेक्शन और सेनेटरी नैपकिन को किस तरह से प्रयोग किया जाता है। साथ ही इस अवसर पर छात्राओं को नीली नैपकिन आयरन की गोलियों का वितरण किया गया।

अर्चना सक्सेना ने बताया कि महामारी दिवस को सभी ब्लॉक में सभी केंद्र पर एएनएम आशा को व पीयर एजुकेटर के साथ धूमधाम के




साथ मनाया गया। महावारी दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मेहंदी पोस्टर पर माहवारी से संबंधित कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर आर वी एस के टीम में डॉक्टर आसिफ डॉक्टर वतन कौर व प्रधानाचार्य वंदना शर्मा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मां के साथ जा रही युवती को दबंगों ने रोक कर पीटा वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मानपुर उत्तरी में तीन दबंग भाइयों ने सरेराह एक युवती को रोककर उसके साथ मारपीट की और उसके गुप्तांग से भी छेड़खानी की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है पुलिस ने आरोपी भाइयों को पकड़ने के लिए दविश दी है। लेकिन तीनों फरार बताए जा रहे हैं। गुरुवार को मानपुर उत्तरी में गांव की ही एक युवती मां के साथ किसी काम से घर से निकल रही थी तभी रास्ते में तीन सगे भाई आलिम, शहजी, व आदिल पुत्र अली मोहम्मद ने उसका रास्ता रोककर गाली गलौज शुरू कर दी गलियों का विरोध किया तब तीनों भाई हमलावर हो गए और युवती के साथ मारपीट शुरू कर दी मां ने बचाने का प्रयास किया तो एक भाई ने उसके गुप्तांग और उसके अंगों से छेड़खानी की मारपीट का मामला बढ़ता देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई और युवती को किसी तरह तीनों भाइयों से बचाया उसे गंभीर अवस्था में 108 एंबुलेंस से स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती



कराया गया है जहां युवती की हालत नाजुक बताई जा रही है इस मामले में युवती की मां समीना पत्नी खुर्शीद ने तीन भाइयों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को सौंपी है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभी घटना को दर्ज नहीं किया है जिससे पीड़ित पक्ष में आक्रोश है। उधर चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की आरोपी भाइयों के खिलाफ शीघ्र दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी उधर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# विकास खण्ड चमरौआ में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का हुआ आयोजन

( मो.आसिफ अली )
शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगर/रामपुर।** उप कृषि निद.ेशक राम किशन सिंह ने बताया गया कि 29 मई, 2025 को विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का आयोजन विकास खण्ड-चमरौआ के ग्राम-कलरख, राजारामपुर हरयाल तथा विकास खण्ड सैदनगर के ग्राम बैजनी, सूरत सिंहपुर उर्फ नयागांव, सराबां एवं विकास खण्ड-बिलासपुर के ग्राम खण्डिया, पजइया, दनकरी सहित कुल 09 ग्रामों में किया गया। गुरुवार को ग्राम-कलरख विकास खण्ड -चमरौआ में अध्यक्ष जिला पंचायत ख्यालीराम लोधी ग्राम-राजा रामपुर विकास खण्ड-चमरौआ में मा राज्य पिछडा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल तथा ग्राम-बैजनी विकास खण्ड सैदनगर में अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मोहनलाल सैनी व ग्राम-सूरत सिहपुर उर्फ नयागाँव विकास खण्ड सैदनगर में निवर्तमान विधानसभा प्रत्याशी चमरौआ मोहन कुमार लोधी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अतिथि द्वारा कृषि वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों द्वारा बतायी




गयी पद्धति से अपनी खेती करने पर जोर देते हुए सभी से अपने खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य की जाँच कराकर मृदा परीक्षण परिणाम के हिसाब से उर्वरकों का प्रयोग करने की कृषकों को सलाह दी गयी, जिससे खेती में लागत कम आयेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही विभिन्न विभागों में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इन ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में आई.वी. आर.आई., बरेली एवं कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा के कृषि वैज्ञानिकगण ने कृषि की आधुनिक तकनीकों एवं कृषि पद्धतियों (इन्टीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम एप्रोच) की जानकारी दी तथा कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विभाग में संचा.लित विभिन्न योजनाओं एवं उनमें देय सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी।

आयोजित कार्यक्रमों में जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता गणेश गुप्ता एवं अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि 30 मई, 2025 को विकास खण्ड बिलासपुर के ग्राम अफसरनगर, कमुआ नगला, मुण्डिया कला तथा विकास खण्ड-चमरौआ के ग्राम मेहन्दीनगर, मिलक सिकरौल, घनश्यामपुर एवं विकास खण्ड-सैदनगर के ग्राम कुम्हरिया, परचई, मुण्डिया में भी कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में समस्त विकास खण्डों के 135 ग्रामों में कार्यक्रम अयोजित किये जायेंगे। विकास खण्ड स्वार, मिलक एवं शाहबाद में कार्यक्रम 05 जून, 2025 से आयोजित कराये जायेंगे।

# अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों से क्षेत्र के रास्ते का पुल टूटा, ग्रामीणों में आक्रोश



( हामिद रज़ा खां )
शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा/रामपुर।** थाना शहजाद नगर क्षेत्र की चौकी क्षेत्र धमोरा के ग्राम शहीद नगर गांव के रास्ते पर महीने भर से चल रहे अवैध खनन से भरे ओवरलोड वाहनों से क्षेत्र के शहीद नगर गाँव को जाने बाले रास्ते का पुल टूट जाने से ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीणों ने अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों को रोक कर किया प्रदर्शन। ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान उच्च अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए रोड पर गुजर रहे अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों को रोककर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया कुछ देर बाद धमोरा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुच गई ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के ही अवैध खनन के ठेकेदार ने आश्वा.सन दिया था कि पुलिया बनवा देंगे उसके बावजूद भी समाधान न होने पर ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर प्रदर्शन करना शुरू किया। प्रदर्शन के बावजूद अवैध खनन कर रहे ठेकेदार ने कहा है कि तुम्हें जहां चाहे वहां शिकायत कर लो अब कोई समाधान नहीं होगा मैंने सब विभागों के अधिकारियों से साठगांठ कर ली हैं ग्रामीणों का घंटे तक चल प्रदर्शन के बावजूद मामले की सूचना सिंचाई विभाग तथा लोक निर्माण विभाग को होने के बावजूद भी विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी नहीं पहुंचता देख ग्रामीणों के पास घटना स्थल पर खनन ठेकेदार के समर्थकों द्वारा घंटे तक चल समझौते के प्रयास के बाद खान ठेकेदार द्वारा मंगवाई गई। पुलिया क्षतिग्रस्त को ठीक करने के लिए जेसीबी को देखकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली ग्रामीणों का खाना एन ठेकेदारों के समर्थकों से हाथों हाथ टूटी हुई पुलिया पर निर्माण कार्य शुरू करने का समझौता हुआ। इस पर ग्रामीणों में राहत की साँस ली ।

# अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लें महिलाएं: दीक्षा गंगवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** महिलाओं को देवी अहिल्याबाई होलकर से प्रेरणा लेनी चाहिए उक्त विचार भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश उपाध्यक्ष/पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने व्यक्त किये। वह गुरुवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के त्रिजन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित महिला सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि सभी को देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों, संघर्ष को जनता तक पहुंचना चाहिए जिससे जनता जागरुक हो। इस मौके पर बैंक सखी, समूह सखी, स्वास्थ्य सखी, बीसी सखी, मनरेगा योजना अंतर्गत 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने एवं महिला मेट द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण



के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंग.वार ने की इस कार्यक्रम के संयोजक के प्रेम शंकर पांडे रहे सहायक विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे। अंत में खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** काम से घर आ रहे चचेरे भाई को बुलाने जाते समय व्यक्ति की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम मधुकर निवासी दिलशाद को उसके चचेरे भाई अख्तियार ने फोन करते बताया कि वह काम से वापस आ रहा हैं,घर आते समय रात हो जाएगी। उसने दिलशाद से शाहबाद आने को कहा,जिस पर बुधवार को दिलशाद बाइक के द्वारा बुधवार की रात उसे शाहबाद लेने जा रहा था कि तुरखेड़ा गांव पहुंचने पर उसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दिलशाद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर जब इसकी सूचना परिजनों को लगी तो परिवार में कोहराम मच



मृतक का फाइल फोटो

गया। बताते चले कि दिलशाद की शादी 5 महीने पहले थाना सैफनी क्षेत्र के ग्राम बेरुआ से हुई थी। और दिलशाद के पिता की मृत्यु लगभग 12 वर्ष पहले हो चुकी हैं। परिवार में एक भाई और चार बहने हैं। खबर लेकर जाने तक दिलशाद को सुपुर्द ए खाक नहीं किया गया था तथा परिजन की ओर से कार्यवाही के लिए कोई तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई है।

## एक नजर

# बार एसोसिएशन शाहबाद ने किया शरबत का वितरण



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को बार एसोसिएशन शाहबाद की ओर से तहसील परिसर के गेट पर एक पंडाल लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम की तैयारी बार के पदाधिकारी ने गुरुवार के सुबह से ही शुरू कर दी थी। शरबत वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तकरीर रहमान ने फीता काटकर किया। तेज गर्मी के चलते हजारों लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर एडवोकेट अमर सिंह ताहिर खा, सुहैल खाँ, वसीम खाँ, पूर्व अध्यक्ष रामावतार सिंह यादव, आनंदपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव ,मुनेश यादव, रोहित कुमार, निधि गोपाल यादव, मासूम मियां बृजपाल सिंह यादव तालिब मलिक, तवक्कुल हुसैन ,जुबेर खान, अनोद शर्मा, रेहान खा, शहजान खा, गोसिया जमाल, नरेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, फहीम अकरम अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चोरी के समान व बाइकों के साथ तीन को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/खानम।** गुरुवार मुखबिर की सूचना पर मिलक खानम पुलिस के उप.नि. अनन्दवीर सिंह मय टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कि कुछ अज्ञात व्यक्ति पीपली वन जंगल से कलकत्ती को जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों में कुछ मोटरसाइकिल व सामान का बंटवारा कर रहे है।मुखबिर को साथ बताए स्थान पर चल दिये और दूर से देखा कि कुछ अज्ञात व्यक्ति माल का बटवारा कर रहे है।पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से तीन अभियुक्त गण 1 इमरान पुत्र इकराम,2 नुमान खां पुत्र परवेज खा, निवासी गण कचनाल व मोहल्ला भट्टी बिलासपुर 3 आसिफ पुत्र मुश्ताक नि वार्ड नं 2 लखनऊ कलोनी गदरपुर उत्तराखंड बरामद में चार मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट दोजोडी पायल दो जोड़ी बिछवे सफेद धातु गले का लाकिट 5 पीस पीली धातु व 4300 रुपये बरामद किए व कुछ सामान के साथ गिरफ्तार किया।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट में दो जख्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को शाहबाद थाना क्षेत्र के बंदार गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिससे दो लोग जख्मी हो गए। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे जहां पर पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों को उपनिरीक्षक आदेश कुमार और क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार घायलों में निरंजन और दुर्वेन्द्र निवासी बंदार शामिल हैं. इधर,निरंजन के परिवार वालो ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही उमेश चंद्र,जयवीर,जोगिन्द्र,मोर सिंह,दुर्वेन्द्र सिंह,ओमपाल और राजेश ने निरंजन के साथ मारपीट की हैं उधर दूसरे पक्ष के जख्मी दुर्वेन्द्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह खेत पर काम कर रहा था तभी हरपाल सिंह,मोहन सिंह, टिंकू,मित्रपाल,सोयम ने उसके साथ मारपीट की हैं वही बताया जा रहा है कि यह जमीनी विवाद काफी दिनों से चल रहा है।

# कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन का वीडियो हुआ वायरल

**प्रशासन सतर्क पुलिस व लेखपाल की भूमिका हुई संदिग्ध**



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** चौहद्दा कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन का वीडियो वायरल होने पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। उधर खनन अधिकारी ने अवैध खनन का वीडियो वायरल होने पर जांच की बात कही है। उधर स्वार तहसील की राजस्व टीम भी अवैध खनन को लेकर सतर्क हो गई है। गुरुवार को चौहद्दा कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन का वीडियो वायरल होने पर प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हल्का लेखपाल व पुलिस की भूमिका संदिग्ध होने से खनन माफिया के हौसले बुलंद है हल्का लेखपाल अवैध खनन की सूचना उच्च अधिकारियों को नहीं दे रहा है लेकिन गुरुवार को सोशल मीडिया पर कोसी नदी क्षेत्र का वीडियो वायरल हो गया तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। खनन अधिकारी अमित रंजन ने बताया की वायरल वीडियो की जांच की जा रही है शीघ्र ही छापेमार करवाई कर खनन माफिया को चिन्हित किया जाएगा। उधर तहसील की राजस्व टीम भी सक्रिय हो गई है। उपजिलाधिकारी अमन देओल ने बताया कि अवैध खनन की जांच की जा रही है जांच में अवैध खनन की पुष्टि होने पर खनन माफियाओ के साथ-साथ लेखपाल के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। कोसी नदी क्षेत्र में दिन-रात अवैध रूप से खनन को अंजाम दिया जा रहा है खनन माफिया दिन-रात सक्रिय है और प्रशासन को चकमा देकर अवैध खनन को अंजाम दे रहे हैं। वहीं नगर मे भी मिट्टी का खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है पुलिस इन खनन धंधेबाजो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर रही है।

# दुकान टूटने से सड़कों पर आ जाएंगे दुकानदार, खौफ

**पीडब्लूडी द्वारा चालीस दुकानों पर लगाए है लाल निशान**

( इकरार हुसैन )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** पीडब्लूडी द्वारा नगर के मैंन रोड़ पर चालीस दुकानों पर लगाए लाल निशान से व्यपारियों और दुकानदारो मे खौफ है दुक.ानदारो का कहना है की दुकान टूटने के बाद वह वेरोजगार हो जाएंगे और सड़को वह इन दुकानों पर अपने दादा परदादा के बक्त से रह रहे है पर आ जाएंगे कल पीडब्लूडी की जेई ओवामा रहमानी, तहसील और पालिका की टीम के साथ नगर के नेशनल हाईवे -24 पर तीन बत्ती चौराहा से तहसील तक लगभग 40 दुकानों की निशान देही करते हुए तीन दिन में अतिक्रमण अपने आप हटाने का आदेश देते हुए नोटिस जारी किया था और जालिफ नगला से नवदिया चौराहा तक नाप तोल कर अतिक्रमण हटाने को कहा नोटिस मिलने के बाद दुकानदारो में



हड़कम्प मच गया। दुकानदार गुरुवार को दिन भर व्यापार मंडल के नेताओं, तहसील से जिले तक के अधिकारियों और सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं के चक्कर काट कर इस कार्यवाही को रुकवाने की कोशिश में लग रहे हैं। उधर बिलासपुर रोड पर नर्सरी के पास बनीं दुकानों को जारी किए गए नोटिस की तारीख भी करीब आ रही है जिससे उस मार्केट के दुकानदारों की दिलों की धड़कन भी बढ़ चुकी है। उन दुक.ानदारों का भी कहना है कि उनके सामने रोजी-रोटी का संकट आ जाएगा उधर सूत्रों से पता चला है कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद रामपुर के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि बुद्धवार को हुई हल्की सी बारिश से प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर साप्ताहिक बाजार मिलक के सामने जलभराव हो गया, नालियां बन्द हैं, नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। नगर के कई बड़े नालों पर स्वयं ही नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा अवैध



रूप से कब्जा करके पक्का निर्माण कराया गया है।

जैसे कि मेन रोड़ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बने नाले को पूरी तरह से बन्द कर दिया गया है। कई नालों पर पक्की दुकानें बना ली गई हैं। जिस कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। लेकिन नगर पालिका परिषद मिलक के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करने में लगे हैं अति जिलाधिकारी को पूरे प्रकरण से अवगत कराया जाएगा।

# पति सब इंस्पेक्टर पत्नी बनी जजी में स्टेनो गांव में हर्ष का माहौल, ढोल नगाड़ों के बीच हुआ स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के मंसूरपुर में यूपी पुलिस के सब इंस्पेक्टर की पत्नी के स्टेनो बनने पर ग्रामीणों ने फूल मलाए पहनाकर कर उनका स्वागत किया और गांव में जुलूस निकाला।

चंदौसी जजी में तैनाती मिली है। गांव मंसूरपुर निवासी राहुल कुमार मौर्य का करीब एक वर्ष पूर्व यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनाती मिली है। उनकी शादी नगर के मोहल्ला भूबरा हरपाल मौर्य की पुत्री ज्योति के साथ चार माह पूर्व हुई थी।

ज्योति मौर्य ने ससुराल जाने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखी और स्टेनो की परीक्षा पास की स्टेनो की परीक्षा पास करने के बाद उन्हें चंदौसी की जजी में नियुक्ति मिली है जिससे परिवार में हर्ष का माहौल है। गुरुवार को गांव के तमाम ग्रामीणों ने एकत्र होकर ढोल नगाड़ों के साथ फूल मलाए पहनकर स्वागत किया और जुलूस निकाला।

जिस्से गांव में भी काफी हर्ष का माहौल है दंपति ने ग्रामीणों को मिष्ठान का वितरण किया उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन, नाम परिवर्तन, सम्बंध विच्छेद, खोया-पाया आदि सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं. 9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# आरसीबी 9 साल बाद आईपीएल के फाइनल में

## क्वालिफायर-1 में पंजाब को आठ विकेट से हराया

## सुयश-हेजलवुड को तीन-तीन विकेट मिले



**मुल्लांपुर, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 9 साल बाद आईपीएल फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया। ओपनर फिल साल्ट ने फिफ्टी लगाई। वहीं जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में गुरुवार को बेंगलुरु ने बालिंग चुनी। पंजाब किंग्स 14.1 ओवर 101 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोयनिस ने 26 रन बनाए। यश दयाल को 2 विकेट मिले। आरसीबी ने 10 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। बेंगलुरु ने चौथी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। टीम ने 2016 में आखिरी खिताबी मुकाबला खेला था, लेकिन रनर-अप रही। आरसीबी अब 3 जून अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। वहीं पंजाब किंग्स 1 जून को क्वालिफायर -2 में एलिमिनेटर की विजेता से भिड़ेगी। एलिमिनेटर शुक्रवार को मुंबई और गुजरात के बीच होगा। इससे पहलेपंजाब किंग्स आईपीएल के क्वालिफायर-1 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 101 रन पर ऑलआउट हो गई।बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने पंजाब को 14.1 ओवर में ही समेट दिया। पीबीकेएस ने प्लेऑफ में सबसे छोटे स्कोर की बराबरी की। उनसे पहले 2023 में लखनऊ ने मुंबई के खिलाफ 101 रन ही बनाए थे। पंजाब के लिए सबसे ज्यादा रन मार्कस स्टोयनिस (26 रन) ने बनाए। अजमतुल्लाह ओमरजई और प्रभसिमरन सिंह ने 18-18 रन बनाए। बाकी बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सके। पंजाब की ओर से पहला ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने पहले ओवर में 11 रन खर्च कर दिए। इस ओवर की दूसरी बाल पर विराट कोहली ने चौका लगाकर अपना खाता खोला।हेजलवुड को लगातार दो ओवर में विकेट, अय्यर-इंग्लिस को आउट किया। जोश हेजलवुड ने पावरप्ले में पंजाब को बैक फुट पर धकेल दिया। हेजलवुड ने चौथे ओवर की चौथी बाल पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। उन्होंने अय्यर को चौथी बार आउट किया। छठे ओवर की पहली बाल पर जोश इंग्लिस को भुवनेश्वर कुमार के हाथों कैच कराया। जोश 4 रन ही बना सके। पंजाब ने 27 रन के स्कोर पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। प्रियांश आर्या के बाद प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। भुवी ने प्रभसिमरन को 5वीं बार आउट किया।

# भारतीय निशानेबाजों ने ISSF जूनियर विश्व कप में जीते 11 पदक



**■ टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 57 सदस्यीय भारतीय दल गया था**

**जर्मनी, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने आईएसएसएफ 2025 जूनियर विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित कुल 11 पदक जीते। जर्मनी के सुहल में 19 से 27 मई तक आयोजित टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 57 सदस्यीय भारतीय दल गया था। टूर्नामेंट में नारायण ने 10 मी. एयर राइफल मिश्रित जूनियर टीम स्पर्धा और 10 मी. एयर राइफल जूनियर पुरुष इवेंट में क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीता, जबकि मुकेश ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष में कांस्य पदक जीता। एक अन्य एथलीट अनुष्का ठोकुर ने 50 मी. 3पी जूनियर महिला स्पर्धा के फाइनल में सफलतापूर्वक जगह बनाई, लेकिन फाइनल में 7वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अकादमी के सभी आठ एथलीटों ने जीएनएसपीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्राम प्रोजेक्ट लीप के तहत प्रशिक्षण लिया।

**खेल विशेष**

# बीसीसीआई ने की ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली सीरीज कार्यक्रम की घोषणा



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली सीरीजों के लिए कार्यक्रम की घोषणा की। बीसीसीआई ने आज बताया कि इस वर्ष के आखिरी में ऑस्ट्रेलिया की महिला और पुरुष 'ए' क्रिकेट टीमें तथा दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीम भारत दौरे पर आयेगी। इस वर्ष सितंबर में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ होने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज के सभी मैच चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मैच 14 और दूसरा 17 तथा सीरीज का अखिरी मुकाबला 20 सितंबर को होगा। यह सीरीज महिला क्रिकेट विश्व. कप 2025 के लिए तैयारी के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच एकदिवसीय सीरीज दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई थी। सीरीज में मेजबान टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की थी। बीसीसीआई के अनुसार आगामी दौरे के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया की पुरुष 'ए' टीम भी सितंबर-अक्टूबर में लखनऊ और कानपुर में खेले जाने वाले दो टेस्ट मैच और तीन सीमित ओवरों के मैचों की श्रृंखला के लिए भारत आयेगी। अक्टूबर-नवंबर में, दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीम भी बेंगलुरु में दो टेस्ट मैच और तीन सीमित ओवरों के मैच खेलने के लिए भारत दौरे पर आयेगी।

# पोंटिंग ने खोला पंजाब की सफलता का राज



**● मेगा नीलामी में टीम प्रबंधन ने जो रणनीति अपनाई वह सफल हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अनकैप्ड खिलाड़ियों को पंजाब किंग्स की आईपीएल 2025 में सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने बताया कि मेगा नीलामी में टीम प्रबंधन ने जो रणनीति अपनाई वह सफल हुई है। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। पंजाब की टीम लीग चरण में शीर्ष स्थान पर रही। आईपीएल प्लेऑफ से पहले पोंटिंग ने कहा कि टीम से जुड़ने के साथ ही उन्होंने सुनिश्चित कर लिया था कि इस बार चीजें अलग होंगी। उन्होंने कहा कि हमने नीलामी से ही शुरूआत कर दी थी जब सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को बरकरार रखा जिसके लिए काफी आलोचना भी हुई। लोगों को लगा कि हमने गलती कर दी लेकिन मैं काफी स्पष्ट था कि टीम को कहां ले जाना चाहता हूं और उसके लिए हमने सही खिलाड़ी चुने। पोंटिंग ने कहा, श्अभी तक सत्र अच्छा रहा है और मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में छह अनकैप्ड खिलाड़ी टीम में थे जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। हमने आपस में बात की थी कि हमें शीर्ष दो में रहना है और हम लीग चरण के बाद शीर्ष पर रहे। बहुत अच्छा लग रहा है। इस दौरान पोंटिंग ने पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारतीय कोर खिलाड़ियों और खासकर कप्तान श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने कहा, हमें वे सारे खिलाड़ी मिले जो हम चाहते हैं। युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी विदेशी खिलाड़ी। ग्लेन मैक्सवेल और लाकी फर्ग्युसन के जल्दी बाहर होने के बाद भी हमने लय नहीं खोई। भारतीय कोर खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा और बतौर कप्तान श्रेयस अय्यर ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान पोंटिंग ने अन्य भारतीय क्रिकेटरों के प्रदर्शन पर भी बात की। भारतीय क्रिकेटरों के बारे में उन्होंने कहा कि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेल सकते हैं।

## आज से शुरू होगा गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट

**नैनीताल, वार्ता।** उत्तराखंड के नैतीताल में शुक्रवार से शुरु होने वाला 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट एक जून तक चलेगा। उत्तराखंड राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने राजभवन में आयोजित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में गुरुवार को कहा कि कल से शुरु होने वाले गोल्फ टूर्नामेंट में छह वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के छह, वेटरन (65 से 75) आयु वर्ग में 32, सामान्य वर्ग के 95, महिला वर्ग के 11 खिलाघी, जूनियर गोल्फर्स 33, जिसमें 19 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फर प्रतिभाग करेंगे। इस वर्ष टूर्नामेंट में एशियाई खेलों के (गोल्फ) स्वर्ण पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अमित लूथरा तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफर इकबाल भी भाग ले रहे हैं।

# डीसीसीआई ने इंग्लैंड के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित की

**■ इस सीरीज के लिए रविन्द्र गोपीनाथ को टीम का कप्तान बनाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने 21 जून से इंग्लैंड के साथ होने वाली ऐतिहासिक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच सीरीज के लिए 16 सदस्यीय भारतीय पुरुष मिश्रित दिव्यांग टीम की गुरुवार को घोषणा की।

डीसीसीआई ने 21 जून से तीन जुलाई तक इंग्लैंड में होने वाली इस सीरीज के लिए रवीन्द्र गोपीनाथ सांते को भारतीय टीम का कप्तान बनाया है। अन्य खिलाडियों के नाम इस प्रकार है:- विक्रांत रवीन्द्र केनी, राधिका प्रसाद, राजेश इरप्पा कन्नूर, योगेन्द्र (विकेटकीपर), नरेन्द्र मंगोरे, साई आकाश, उमर अशरफ, वीरेंद्र सिंह (उपकप्तान), संजू शर्मा, अभिषेक सिंह, विवेक कुमार, विकास गणेशकुमार, प्रवीण नेलवाल, ऋषभ और तरुण है। इस सीरीज का आयोजन इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के सहयोग से किया जा रहा है। इस सीरीज में सात मैच खेले जायेंगे। इस अवसर पर डीसीसीआई के महासचिव रविकांत चौहान ने कहा कि यह श्रृंखला संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने के बारे में है। लॉर्ड्स 'क्रिकेट का घर' में खेलना किसी भी क्रिकेटर के लिए एक सपना होता है। हमारे खिलाड़ियों के लिए, यह गौरव का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि बीसीसीआई हमारी टीम को अपना समर्थन देगा, जैसे ईसीबी अपनी दिव्यांग टीम का समर्थन करता है। सीरीज से पहले जयपुर में सात से 14 जून तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए शारीरिक फिटनेस, रणनीति और टीम तालमेल पर ध्यान केंद्रित किया।

# पाक ने बांग्लादेश को दी मात

**■ आगा सलमान ने 56 शादाब ने 48 और हसन नवाज ने 44 रन बनाए**



**लाहौर, वार्ता।** कप्तान आगा सलमान (56), शादाब खान (48) और हसन नवाज (44) की शानदार पारियों के बाद हसन अली (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबा. जी के दम पर पाकिस्तान ने पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र पांच रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। सैम अयूब (शून्य) और फखर जमां (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोहम्मद हारिस और आगा सलमान ने तीसरे विकेट के लिए 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने मोहम्मद हारिस 18 गेंदों में (31) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बल्लेबाजी करने आये हसन नवाज ने सलमान के साथ चौथे विकेट के साथ 65 रन जोड़े। 12वें ओवर में हसन महमूद ने सलमान को आउटकर बांग्लादेश को चौथी सफलता दिलाई। सलमान ने 34 गें. दों में (56) रन बनाये। हसन नवाज 22 गेंदों में (44) और शादाब खान 25 गेंदों में (48) रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले।

# हॉकी इंडिया के उप प्रधान नितिन आप में शामिल

**जालंधर, वार्ता।** जालंधर शहर के एक प्रमुख खेल सामान के कारोबारी और हॉकी इंडिया के उप प्रधान नितिन कोहली गुरुवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। प्रेस सम्मेलन में पंजाब के पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया और प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने श्री नितिन कोहली का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर आप पंजाब के कार्यकारी प्रधान अमनशेर सिंह शैरी कलसी और अन्य पार्टी नेता भी उपस्थित रहें। पार्टी में शामिल होने के बाद कोहली ने कहा कि मैं आप सरकार द्वारा उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करने और पंजाब के विकास के प्रति प्रतिबद्धता से बेहद प्रभावित हूं। यह वह पार्टी है जो वास्तव में नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता देती है। मैं अरविंद केजरीवाल जी और भगवंत मान जी के नेतृत्व में राज्य के उद्योगों के विकास और जालंधर के कल्याण में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।




# हिकारू को हराकर गुकेश ने की वापसी

**नोर्वे, वार्ता।** विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू ने नोर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए हिकारू नाकामुरा को हराकर खिताब की अपनी दावेदारी को मजबूत कर लिया। इससे पहले गुक. श को पहले दो राउंड में मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा था। आज अपना 19वां जन्म दिन मना रहे डी गुकेश ने 42 चालों में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नाकामुरा को मात दी। अब चौथे राउंड में गुकेश का सामना फैबियानो कारूआना से ही होगा। गुकेश अभी पांचवें स्थान पर है जबकि शीर्ष पर अमेरिका के फैबियानो कारूआना है। नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में फिर से भारतीय स्टार हम्पी कोनेरू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सरसादत खादेमालशारीह के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की।

# सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाडियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए हुई रवाना



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के अपने यूरोपीय चरण के लिए कल रात केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अढे से नीदरलैंड के लिए रवाना हुई। यह टूर्नामेंट सात से 22 जून तक नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में आयोजित होगा। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो मुकाबलों के साथ करेगा, इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के मैच खेलें जायेंगे। ये सभी चारों मैच एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में होंगे। इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली चुनौती के लिए बेल्जियम के एंटवर्प जाएगी, जहां वे 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ दो मैचों के साथ अपने अभियान का समापन करेंगे। यूरोप के लिए रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह यूरोपीय चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करेंगे। भुवनेश्वर चरण में हमारे कुछ मिश्रित परिणाम रहे, लेकिन हम स्टैंडिग में अच्छी स्थिति में हैं और हम इसे और बेहतर बनाएंगे। हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट के माध्यम से अधिकतम अंक हासिल करने और आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर है। उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा

# सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमें बाहर

## आईपीएल प्रतिशत 2025 में 200+ स्कोर बढ़े, शतक कम लगे, बेस्ट रन रेट वाली पंजाब सूची में टॉप पर




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2024 में प्लेऑफ खेलने वाली 4 में से 3 टीमें 2025 के टॉप-4 में जगह नहीं बना सकीं। आरसीबी ही दोनों सीजन प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीम रही। पिछले साल जहां 6 बार टीमों ने पारी में 250 से ज्यादा रन बनाए थे, वहीं इस बार 2 ही बार टीमें इस आंकड़े को पार कर सकीं। दोनों बार यह कारनामा छठे स्थान पर रही एसआरएच ने किया। लीग स्टेज के 70 मैचों में पिछली बार 14 शतक लग गए थे, इस बार 9 ही सेंचुरी लगीं। हालांकि चौकों और छक्कों की संख्या लगभग बराबर ही रही। इस बार टास जीतने वाली टीमों ने ज्यादा मैच जीते। वहीं राइट हैंड बैटर्स के मुकाबले लेफ्ट हैंडर्स का ज्यादा दबदबा रहा। 2024 में लीग स्टेज के 70 में से 67 मुकाबलों के नतीजे निकले, 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे थे। इस बार भी यही ट्रेंड रहा। 10 टीमों ने 9.61 के रन रेट से स्कोर किया था, जो इस बार हल्का सा गिरकर 9.60 पर रहा। हालांकि, इस बार बैटिंग औसत 29.86 से बढ़कर 30. 50 पर पहुंच गया। यानी बैटर्स ने अपना विकेट देने से पहले ज्यादा रन बनाए। 2023 में पहली बार इम्पैक्ट प्लेयर रूल से 12 प्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया। 2024 में इस नियम के कारण 41 बार 200 से ज्यादा रन बन गए, जो एक सीजन का रिकार्ड था। 2025 में यह रिकार्ड भी टूट गया और टीमों ने 48 बार 200 प्लस रन बना दिए। हालांकि, इस बार 250 प्लस स्कोर 6 के मुक. ाबले 2 ही बार बने। पप. पंजाब ने सबसे तेज बैटिंग की पिछले साल केकेआर का रन रेट सबसे ज्यादा था, टीम ने 10.62 के रन रेट से बैटिंग करते हुए टाइटल भी उठाया था। बेस्ट रन रेट वाली 3 टीमों में एसआरएच और आरसीबी का नंबर भी था, दोनों टीमें प्लेऑफ में पहुंची थीं। इस बार च्ठझै ने सबसे तेज 10.10 के रन रेट से बैटिंग की और नंबर-1 पर रहकर लीग स्टेज फिनिश किया। हैदराबाद ने 10.04 और गुजरात ने 9.92 के रन रेट से बैटिंग की। गुजरात तो प्लेऑफ में पहुंच गई, लेकिन हैदराबाद बाहर हो गई। 2024 में गुजरात, लखनऊ और पंजाब ने सबसे धीमे रन रेट से बैटिंग की थी, तीनों ही प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकीं। इस बार चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली ने सबसे धीमे बैटिंग की, तीनों को प्लेऑफ में जगह नहीं मिली। 5 शतक कम लगे 2024 में 14 शतक लग गए थे, इस बार 9 ही खिलाड़ी सेंचुरी लगा पाए। हालांकि, 122 फिफ्टी के मुकाबले इस बार 138 हाफ सेंचुरी जरूर लग गईं। पिछली बार 83 खिलाड़ी खाता नहीं खोल सके थे, इस बार यह आंकड़ा गिरकर 72 ही रहा। इस सीजन हैदराबाद के सबसे ज्यादा 3 प्लेयर्स ने शतक लगाए। लखनऊ से 2 प्लेयर्स ने सेंचुरी लगाई। दोनों टीमें प्लेऑफ में एंट्री नहीं कर सकीं। 2025 के लीग स्टेज में चौकों और छक्कों की संख्या में हल्की बढ़ोतरी हुई। 1208 के मुकाबले इस बार 1217 छक्के लगे। वहीं 2070 चौकों के मुकाबले इस बार 2138 चौके लग गए। हैदराबाद ने पिछले साल सबसे ज्यादा 160 छक्के लगाए थे। इस बार प्लेऑफ से बाहर लखनऊ 152 और राजस्थान 146 सिक्स लगाकर टॉप-2 में रहीं। प्लेयर्स में हैदराबाद के अभिषेक शर्मा ने 41 छक्के लगाए थे, इस बार लखनऊ के निकोलस पूरन 40 सिक्स लगाकर टॉप पर रहे। फर्क बस इतना रहा कि पिछली बार सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीमों और प्लेयर्स ने प्लेऑफ में भी जगह बनाई थी। इस बार ये नहीं हो सका।

# पीओके नहीं छोड़ेंगे

पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारतीय सेना से पिटाई के बाद पूरी तरह बौखलाया हुआ है और उसकी समझ में नहीं आ रहा है कि भारत ने जो उसे सबक सिखाया है उससे कैसे उभरे। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इसलिए बार-बार भारत के साथ आतंकवाद से हर मुद्दे पर बातचीत की खुली पेशकश कर रहे हैं, जबकि भारत का स्टैंड बातचीत को लेकर पूरी तरह साफ है। भारत बातचीत से इन्कार नहीं कर रहा है, लेकिन जब तक आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता को पाक दूर नहीं करता, तब तक बातचीत कैसे संभव हो सकती है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित ब्रीफिंग में साफ किया कि आतंकवाद और बातचीत एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान को भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा जिनके रिकॉर्ड और सूची कुछ साल पहले भारत ने पाक को सौंपी थी। जहां तक जम्मू कश्मीर पर बातचीत का सवाल है, वह केवल पीओके पर होगी जो पाकिस्तान के कब्जे में है। जायसवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करके हमें सौंपना होगा। वह यह काम कब करेगा, यह उसको तय करना है। सिंधू जल संधि के बारे में भी उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाक आतंकवाद को अपना समर्थन पूरी तरह से बंद नहीं कर देता। उन्होंने पीएम मोदी का भी यह कहकर हवाला दिया कि हमारे पीएम भी कहते रहे हैं कि आतंक और बातचीत एकसाथ नहीं चल सकते। इसी तरह पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकते। भारत के रक्षा मंत्री ने भी भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करते हुए गुरुवार को दृढ़ता के साथ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू कश्मीर एकदिन हमारा होकर ही रहेगा और पाक से सिर्फ आतंकवाद और पीओके मुद्दे पर बातचीत होगी और यह भी कि अब आतंकवाद को भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब नहीं देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि इस समय पूरी दुनिया में अनिश्चतता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है और इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है। राजनाथ सिंह ने पीओके के लोगों को अपने ही लोग बताया और कहा कि वह हमारे परिवार का ही हिस्सा हैं। अभी यह तो पता नहीं कि भारत-पाक के बीच वार्ता कब होगी, लेकिन पाक के प्रधानमंत्री भारत के साथ बातचीत की कई बार पेशकश कर चुके हैं। विश्व के अन्य देश भी अपनी प्रतिक्रिया में दोनों देशों से आपसी विवादों को बातचीत से हल करने की सलाह दे रहे हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह कई तरह की और समस्याओं को जन्म दे देता है। जिससे कई तरह के मानवीय संकट व आर्थिक संकट खड़े हो जाते हैं, लेकिन यह बात सभी पर लागू होती है। आज सबसे बड़ी जरूरत जैसे कि राजनाथ सिंह ने कहा कि भरोसे की है और यह तभी पैदा होगा जब सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। पाक को यह समझना होगा।

## हमें बिना किसी डर के जीना चाहिए



हमारा देश अब दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाएगा, हमारा देश किसी भी हमले का करारा जवाब देगा, महात्मा गांधी ने आजादी के लिए हमारे संघर्ष में अपने साहसी नेतृत्व में हमें यह भी सिखाया कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए, हमें हमेशा उन मूल्यों के लिए खड़ा होना चाहिए, जिन पर हम विश्वास करते हैं, हमें बिना किसी डर के जीना चाहिए, डर से निजात ही वह चीज है, जिसके लिए हमें भारत में इन दिनों लड़ना पड़ रहा है, हमें उन दुष्ट लोगों के खिलाफ लड़ना है, हमें ऐसे नापाक लोगों के बुरे हमलों के खिलाफ लड़ना है, जिसे दुनिया आतंकी कहती है।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# झूठ व पाखंड को बेनकाब करने के लिए ईमानदार पत्रकारिता जरूरी





**निर्मल रानी**

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने पिछले दिनों अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अली खान के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज की थी, जिसमें उन पर ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना की महिला अधिकारियों के बारे में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था। अपनी शिकायत में रेनू भाटिया ने कहा कि प्रोफेसर खान ने अपनी पोस्ट में महिला सैन्य अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग को दिखावा करार दिया और यह सुझाव दिया कि सरकार मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध काम करती है, जिसे उन्होंने अपमानजनक और अस्वीकार्य माना। इस शिकायत के आधार पर, राई थाना पुलिस ने प्रोफेसर खान के विरुद्ध बीएनएस की धारा 353, 79, 152, और 169 (1) के तहत मुकदमा दर्ज किया, रेनू भाटिया की शिकायत के बाद ही 18 मई 2025 को प्रोफेसर खान की गिरफ्तारी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से हुई। हालांकि बाद में 21 मई को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें अंतरिम जमानत भी मिल गई। दरअसल डॉ. अली खान जोकि अशोका यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर के साथ साथ राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख भी हैं, ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में गत 8 मई एक सोशल मीडिया पोस्ट के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में शामिल महिला सैन्य अधिकारियों, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह, की सराहना की थी। डॉ. अली खान ने लिखा था कि दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों द्वारा इन अधिकारियों की तारीफ करना अच्छा है, लेकिन यह पाखंड होगा यदि यह जमीन पर हकीकत में नहीं बदला। उन्होंने यह भी कहा कि इन टिप्पणीकारों को मॉब लिंचिंग, अवैध बुलडोजिंग और बीजेपी की कथित नफरत फैलाने वाली राजनीति के शिकार लोगों के लिए भी समान रूप से सुरक्षा की मांग करनी चाहिए। इसी पोस्ट को हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भारतीय सेना की महिला अधिकारियों का अपमान करने और सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाला माना। आयोग ने इसे राष्ट्रीय सैन्य कार्रवाइयों को बदनाम करने की कोशिश करार दिया, जिसके बाद ही डॉ. अली खान के विरुद्ध प्राथमिकी व गिरफ्तारी जैसी त्वरित कार्रवाई हुई।

इस घटनाक्रम के बाद ही हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया से मीडिया ने जानना चाहा कि डॉ. अली खान के बयान में गलत क्या है? इत्तेफाक से उनका सामना इंडिया टुडे टेलीवीजन चैनल पर इंटरव्यू लेने वाली पत्रकार प्रीति चौधरी से हो गया। इस इंटरव्यू में जब एंकर प्रीति चौधरी ने रेनू भाटिया से पूछा कि अली खान ने सैन्य महिला अधिकारियों का अपमान कैसे किया? तो रेनू भाटिया बगलें झांकने लगीं और सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाईं। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति सिर्फ ऊपर और नीचे दो लाइनें आर्मी और देश के लिए लिखकर, उसके बाद सारा मीनिंग और फिर बात को अस्पष्ट छोड़ दिया। जब उनसे एंकर प्रीति चौधरी द्वारा बार बार पूछा गया कि अली खान की कथित आपत्तिजनक दो लाइनें क्या थीं, तो उन्होंने जवाब में कहा, आप प्लीज मुझे उसका मतलब बता दीजिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार ने ऐसा किया। उसका क्या मतलब है और किसके लिए कहा। इसके अलावा, रेनू भाटिया ने प्रोफेसर अली खान के परिवार के कथित पाकिस्तान फंडिंग कनेक्शन का जिक्र किया जोकि उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से बिलकुल भिन्न था।

बहरहाल इस इंटरव्यू में रेनू भाटिया की अस्पष्ट प्रतिक्रियाओं व उनके अस्पष्ट जवाब व अपनी ही शिकायत को न्यायसंगत न बता पाने के कारण सोशल मीडिया पर उनकी काफी आलोचना हुई इसके लिए वे ट्रोलिंग का शिकार भी हुईं। साक्षात्कार के दौरान उनकी असहजता व उनका लाजवाब हो जाना इस बात का सुबूत था कि उन्होंने जो भी किया था वह पूर्वाग्रह, विद्वेष व वैमनस्य से प्रेरित था, परन्तु इससे बड़ा सवाल यह है कि रेनू भाटिया को बेनकाब करने का काम किसने किया? निश्चित रूप से यह साहस इंडिया टुडे टेलीवीजन की पत्रकार प्रीति चौधरी ने ही दिखाया जिन्होंने बार-बार रेनू भाटिया को दर्पण दिखाया और उनसे यही पूछती रहीं कि बताइए डॉ खान के बयान में सेना या महिलाओं का अपमान कहां और किस पंक्ति में नजर आता है? दरअसल देश को आज ऐसी ही निष्पक्ष पत्रकारिता की जरूरत है।

गोदी मीडिया ने तो भारतीय मीडिया को केवल सनसनीखेज और पक्षपातपूर्ण बनाकर रख दिया है। आज दुनिया के बड़े अखबार,पत्रकार और विश्लेषक भारतीय न्यूज चैनल्स और कुछ समाचार पत्रों को हाइपर-नेशनलिस्ट या सरकार-समर्थक कवरेज करने वाला बताते हैं तथा इसकी आलोचना करते हैं। अनेक भारतीय चैनल्स पर चीख-चिल्लाकर बहस करने की शैली या अतिरंजित हेडलाइंस को पत्रकारिता जगत में अव्यवसायिक माना जाता है। भारतीय मीडिया को लेकर एक धारणा यह भी है कि भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता पर सरकारी और कॉरपोरेट दबाव बढ़ रहा है। इन्हीं कारणों से रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स RSF जैसे संगठनों ने भारत की प्रेस स्वतंत्रता रैंकिंग में गिरावट को उजागर किया है। 2025 में भारत विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 161 वें स्थान पर था। इतना ही नहीं बल्कि पश्चिमी मीडिया में अक्सर इस बात पर भी चर्चा होती है कि भारतीय पत्रकारों को धमकियां, कानूनी कार्रवाइयां या सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है।

13 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस के. एम. जोसेफ और जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने नफरती भाषणों Hate Speech से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान टेलीवीजन चैनल्स की भूमिका पर गंभीर टिप्पणी की थी। पीठ ने कहा था कि टीवी समाचार सामग्री पर नियामकीय नियंत्रण की कमी एक बड़ा खतरा है, क्योंकि चैनल टीआरपी की दौड़ में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। उसी समय जस्टिस जोसेफ ने न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी से पूछा था कि कितनी बार एंकरों को नफरती भाषण फैलाने के लिए उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाई गई है? जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि टीवी चैनल नफरती भाषण के प्रचार में शामिल होकर समाज में दरार डाल रहे हैं और यदि चैनल कार्यक्रम संहिता का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो उनके प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पीठ ने यह भी जोड़ा कि भारत को एक स्वतंत्र और संतुलित प्रेस की जरूरत है और टीवी की तुलना में अखबार पढ़ने वाले दर्शक कम प्रभावित होते हैं, क्योंकि खासकर युवाओं पर टीवी का प्रभाव तुरंत और गहरा होता है। मीडिया पर छाए ऐसे संकट में केवल एक जिम्मेदार व निष्पक्ष पत्रकारिता ही देश के लो. कतंत्र के लड़खड़ाते कथित चौथे स्तंभ की साख को बचा सकती है। इसके लिए मीडिया को सत्ता का मुखपत्र नहीं बनना चाहिए न ही नफरती एजेंडा चलाना चाहिए। बल्कि सत्ता हो या विपक्ष सभी से ईमानदारी से सवाल पूछना चाहिए। बेशक आज झूठ व पाखंड को बेनकाब करने के लिए ईमानदार पत्रकारिता बेहद जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# साहस के लिए अमर रहेंगे महाराणा प्रताप

**महाराणा प्रताप के लिए सिंहासन और राजमुकुट कंटकपथ सिद्ध हुआ, क्योंकि उस समय दिल्ली पर मुगल बादशाह अकबर का शासन था जो अपनी विस्तारवादी नीति के दृष्टिगत राजपूत राजाओं की शक्ति का उपयोग कर राजपूत राजाओं के राज्यों पर ही आधिपत्य करने में सन्नद्ध था। मेवाड़ विजय हेतु अकबर ने अनेक प्रयास किए। अजमेर को अपना केंद्र बनाकर अकबर ने प्रताप के विरुद्ध अनेक सैन्य अभियान चलाए तथा महाराणा प्रताप को समझाने हेतु चार बार दूतों के माध्यम से संधि-प्रस्ताव भेजे। एक बार आमेर नरेश, अकबर के प्रधान सेनापति मानसिंह भी संधि-प्रस्ताव लेकर महाराणा प्रताप के पास गए किन्तु महाराणा प्रताप ने प्रत्येक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जो उनकी देशभक्ति व स्वतंत्रता की उत्कट भावना को उद्घाटित करता है।**



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

आजादी के प्रेरक थे तुम,नायक बन जन-मन में छाए। प्राण पखे उड़ें भले ही, शीश कभी न झुकने पाए। रहना पड़े भले जंगल में, घास की रोटी क्यों न खाएं। दासत्व हमें स्वीकार नहीं, संधिपत्र सारे ठुकराए। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां बरबस मेरे मनोमस्तिक में सिसोदिया कुलभूषण, अप्रतिम योद्धा, दृढ़ निश्चई, स्वतंत्रता के प्रथम महानायक, गुरिल्ला युद्ध के जनक, नारी सम्मान के प्रतीक महाराणा प्रताप के चित्र को अंकित करती हैं जिनकी राष्ट्रभक्ति, साहस, शौर्य को देश का प्रत्येक बच्चा नमन व वंदन कर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता है। ऐसे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्म वीर भूमि राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया राजवंश के महाराणा उदय सिंह के घर महारानी जैवन्ताबाई की कोख से विक्रम संवत 1597 ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया रविवार को ज्येष्ठ पुत्र के रूप में हुआ, जिनके बचपन का नाम कीका था। बच्चे के गुण पालने में ही पता चल जाते हैं, कहावत के अनुसार बचपन से ही आप स्वाभिमानी, धार्मिक कार्यों में प्रवृत्त और बहादुर थे। आपकी रूचि खेलकूद के साथ हथियार चलाने व बनाने में अधिक थी। पंचांगानुसार आपकी जयंती इस वर्ष 29 मई 2025 को मनाई गई। आपका जीवन सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है क्योंकि आप अकेले ऐसे राजपूत वीर थे जिन्होंने अकबर की अधीनता और मैत्रीपूर्ण दासत्व को स्वीकार नहीं किया बल्कि आजीवन चलने वाले संघर्ष के मार्ग का चयन कर स्वतंत्रता की देवी का वरण किया। आपकी वीरता, साहस, शौर्य और सदाशयता से प्रभावित होकर समस्त सरदारों, दरबारियों व जनता ने इनके पिता महाराणा उदय सिंह द्वारा मृत्यु से पूर्व अपनी सबसे छोटी पत्नी के पुत्र जगमल को राजा घोषित करने के निर्णय को अस्वीकार करते हुए प्रताप को महाराणा बनाने का निर्णय लिया और वप्पा रावल के कुल गौरव और राणा सांगा के सुपौत्र प्रताप सभी की भावनाओं का आदर करते हुए 1मार्च 1572 को सिंहासनारुढ़ हुए। महाराणा प्रताप के लिए सिंहासन और राजमुकुट कंटकपथ सिद्ध हुआ, क्योंकि उस समय दिल्ली पर मुगल बादशाह अकबर का शासन था जो अपनी विस्तारवादी नीति के दृष्टिगत राजपूत राजाओं की शक्ति का उपयोग कर राजपूत राजाओं के राज्यों पर ही आधिपत्य करने में सन्नद्ध था। मेवाड़ विजय हेतु अकबर ने अनेक प्रयास किए। अजमेर को अपना केंद्र बनाकर अकबर ने प्रताप के विरुद्ध अनेक सैन्य अभियान चलाए तथा महाराणा प्रताप को समझाने हेतु चार बार दूतों के माध्यम से संधि-प्रस्ताव भेजे। एक बार आमेर नरेश, अकबर के प्रधान सेनापति मानसिंह भी संधि-प्रस्ताव लेकर महाराणा प्रताप के पास गए किन्तु महाराणा प्रताप ने प्रत्येक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जो उनकी देशभक्ति व स्वतंत्रता की उत्कट भावना को उद्घाटित करता है। फलत: अकबर व मान सिंह की रूष्टता के कारण 18 जून 1576 को मुगल सेना ने मेवाड़ पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध को इतिहास में हल्दीघाटी-युद्ध के नाम से जाना जाता है। हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप के साहस, वीरता और युद्ध कौशल के साथ उनके घोड़े चेतक व हाथी रामदास की स्वामी भक्ति के लिए भी इतिहास पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। इस युद्ध में मुगलों की 80,000 सेना का मुकाबला महाराणा प्रताप ने मात्र 20,000 सैनिकों के साथ किया। यह युद्ध मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर राजपूतों और मुगल आक्रांताओं के मध्य था। मुगल सेना में मुगल, राजपूत और पठान योद्धाओं के साथ जबरदस्त तोपखाना भी थी। अकबर की सेना का संचालन अकबर के प्रसिद्ध सेनापति मानसिंह, महावत खां, आसफ खां के साथ शाहजादा सलीम (जहांगीर) भी कर रहे थे। विकट परिस्थिति में झाला सरदार ने उनका मुकुट और छत्र अपने सिर पर धारण कर उनको युद्ध क्षेत्र से निकलने में मदद की, जिससे अकबर बहुत निराश-हताश व क्रोधित हुआ क्योंकि इस युद्ध में मुगलों ने अपने को विजई घोषित किया किन्तु वे प्रताप या उसके परिवार के किसी सदस्य को हताहत करने या बन्दी बनाने में असफल रहे, इसलिए हल्दी घाटी का युद्ध अकबर के लिए निष्फल सिद्ध हुआ, लेकिन प्रताप अपनी वीरता, शौर्य, पराक्रम व युद्ध कौशल की अमिट छाप अकबर और मुगल सेना के मनोमस्तिक पर अंकित करने में सफल रहे। वास्तव में महाराणा प्रताप अप्रतिम योद्धा थे जो 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला साथ में रखते थे। भाला, कवच, ढाल-तलवार का कुल वजन 208 किलो था। इतने वजन के साथ वे युद्ध-मैदान में उतरते थे, जो उनकी बलिष्ठता और शक्ति का परिचायक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा



**ललित गर्ग**

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नए बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुंचाता है और देशभर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर-दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में उदन्त मार्तण्ड के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

19वीं शताब्दी के अंत और 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नए बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का प्रताप समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थी जी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भुला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. रामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में राष्ट्रवाणी एवं परिवर्तन जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे रामनारायण चौधरी ने किया था। आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रका. रिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो। उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिए इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा। हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता कई संकटों का सामना कर रहे हैं। संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनी. तिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएं, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियां आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। पत्रकारिता लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिन्दी पत्रकारिता के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।

हिन्दी पत्रकारिता कभी मिशन था, आज व्यवसाय बन गया है। आजादी के आंदोलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। यह व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और डिबेट तमाशों ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकर्षित करन में लगे हैं। हिन्दी पत्रकारिता ऐसी अनेक चुनौतियों एवं विसंगतियों का सामना कर रही है। बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं पर पत्रकारिता एवं उसके मूल्य-मानक क्यों सिकुड़ रहे है? आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। टीवी पत्रकारिता का वर्चस्व बढ़ रहा है, बड़े एवं बहु-संस्करणों के दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर एवं हिन्दी पत्रकारिता की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का सम्मान घटा है। पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। पहले हिन्दी पत्रकारिता वैचारिक-क्रांति होती थी, आज खबर प्रधान बन गई है, विचार लुप्त है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब उसे व्यवसाय नहीं, मिशन के तौर पर नए व्यक्ति, नए समाज, नए राष्ट्र का प्रेरक बनाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बापू के प्रचलित अहिंसावादी संदेश, 'कोई आपके एक गाल पे...' के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने की टिप्पणी

# अब गया दूसरा गाल भी आगे करने वाला जमाना: शशि थरूर



■ बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद की पनामा से पाक को चेतावनी
■ जब हमने आतंकी मुख्यालय पर हमला किया तो कई खूंखार आतंकी मारे गए

**पनामा सिटी।** पनामा में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा देश अब दूसरा गाल आगे नहीं बढ़ाएगा। हमारा देश किसी भी हमले का करारा जवाब देगा।

भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए थरूर ने महात्मा गांधी की बिना किसी डर के जीने के संदेश का भी जिक्र किया। थरूर ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के लिए हमारे संघर्ष में अपने साहसी नेतृत्व में हमें यह भी सिखाया कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। हमें हमेशा उन मूल्यों के लिए खड़ा होना चाहिए, जिन पर हम विश्वास करते हैं। हमें बिना किसी डर के जीना चाहिए। डर से निजात ही वह चीज है, जिसके लिए हमें भारत में इन दिनों लड़ना पड़ रहा है। हमें उन दुष्ट लोगों के खिलाफ लड़ना है, हमें ऐसे नापाक लोगों के बुरे हमलों के खिलाफ लड़ना है, जिसे दुनिया आतंकवादी कहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुष्ट लोग मानते हैं कि हमारे देश में आकर निर्दोष लोगों को मारकर और फिर से भागकर वे बच जाएंगे। उन्हें लगता है कि इस तरह की हरकत करके वे किसी तरह किसी बड़े राजनीतिक या धार्मिक मकसद को हासिल कर लेंगे। थरूर ने कहा कि यह ऐसा कुछ नहीं है, जिसके आगे कोई भी स्वाभिमानी देश झुकेगा। यहां तक कि महात्मा गांधी की भूमि भी ऐसा होने पर दूसरा गाल नहीं आगे बढ़ाएगी, हम जवाब देंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आगे बोलते हुए शशि थरूर ने भारत के ऑपरेशन के दौरान मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे, सैन्य अधिकारी और नेताओं की उपस्थिति के लिए पड़ोसी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब हमने आतंकी मुख्यालय पर हमला किया तो कई खूंखार आतंकी मारे गए। निश्चित रूप से उनका अंतिम संस्कार भी किया गया। उस अंतिम संस्कार में कुछ बहुत ही प्रमुख लोग शामिल हुए। कम से कम एक व्यक्ति ऐसा था, जिसका नाम संयुक्त राष्ट्र प्रति. बंध समिति की ओर से सूचीबद्ध किया गया था। वे पाकिस्तानी सेना और पुलिस के लिए सबसे खतरनाक क्षेत्रों से वर्दीधारी लोग थे, जो नामित आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शोक मना रहे थे। यह वह देश है, जो अब कहता है कि हम निर्दोष हैं। हमने ऐसा नहीं किया। आप उन लोगों के लिए शोक नहीं मनाते, जिन्हें आप नहीं जानते। शशि थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि इसका उद्देश्य भारत को कमजोर करना और जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना था। यह आतंकी हरकत उन निंदनीय मकसदों के लिए थी, जो दुर्भाग्य से केवल पाकिस्तानी सेना ही हमारे देश को कमजोर करने, कश्मीरी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए हासिल करना चाहती है। देश और जम्मू-कश्मीर पर्यटन के साथ फल-फूल रही थी। मुझे मेरे मित्र, वाशिंगटन में भारतीय राजदूत ने बताया कि पहलगाम में कश्मीर के इस स्थान पर कोलोराडो के एस्पेन की तुलना में अधिक पर्यटक थे। इससे पहले दिन में शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में पनामा गणराज्य के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से मुलाकात की।

## मस्क ने की ट्रम्प के सलाहकार का पद छोड़ने की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय ऑटोमोटिव और स्वच्छ ऊर्जा कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार के रूप में अपनी सरक. ारी भूमिका छोड़ने की घोषणा की है। मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित समय समाप्त होने वाला है। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प को बेकार खर्च को कम करने के अवसर के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि डीओजीई (सरकारी दक्षता विभाग) मिशन समय के साथ और मजबूत होगा और यह सरकार में प्रक्रिया एक तरीका बन जाएगा। उधर, अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने बुधवार को मस्क को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में और अधिक खर्च में कटौती करने का वादा किया। उन्होंने एक्स पर कहा कि एलन मस्क और पूरी डीओजीई टीम ने संघीय सरकार में पैसों की बर्बादी, धोखाधड़ी और दुरुपयोग को उजागर करने में अविश्वसनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि सदन डीओजीई के निष्कर्षों पर कार्रवाई करने के लिए उत्सुक और तैयार है।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क पर चलते वाहन।

## हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या मात्र 15% हो: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्याय पर विदेशी छात्रों की सूची देने का दबाव बनाते हुए कहा है कि ऐसे छात्रों की संख्या 31 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर देना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा है कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या पर लगभग 15 प्रतिशत की सीमा होनी चाहिए। विश्वविद्याय अपने विदेशी छात्रों की सूची जारी करे जिससे यह पता चल सके कि छात्र कहां से आये हैं और उनकी गतिविधियां क्या हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि हार्वर्ड में 31 प्रतिशत छात्र विदेशी हैं और उनमें से कई 'कट्टरपंथी' हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कह कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्र हैं। करीब 31 प्रतिशत छात्र बाहर के देशों के हैं। हम यह जानना चाहते हैं कि ये छात्र किन-किन देशों के हैं। हमें जानना है कि वे कहां से आते हैं, वे उपद्रवी तो नहीं हैं। क्या वे परेशानी पैदा करने वाले हैं? उन्होंने कहा कि हार्वर्ड को अपनी सूची दिखानी होगी। हमें जानना होगा कि वे छात्र कहां से आते हैं और क्या वे परेशानी पैदा करने वाले हैं। उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी छात्र अमे. रिकी छात्रों के लिए उपलब्ध सीटों को ले लेते हैं।

# तुर्की जाकर शहबाज ने कबूला सच

■ कहा: पाकिस्तान ने नौ और 10 मई की रात को भारत को जवाब देने का फैसला किया था, उससे पहले भारत ने फिर से ब्रह्मोस मिसाइल से हमला कर दिया

**अंकारा।** ऑपरेशन सिंदूर में भारत से मुंह की खाने के बाद अपने मित्र देश तुर्की के दौरे पर गए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ अजीबोगरीब हरकतें कर रहे हैं।

तुर्की में भाषण के दौरान उन्होंने कबूला कि पाकिस्तान ने नौ और 10 मई की रात को भारत को जवाब देने का फैसला किया। हमने फज्र की नमाज के बाद जवाब देने की योजना बनाई थी, लेकिन उससे पहले भारत ने फिर से ब्रह्मोस मिसाइल से हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अपने प्यादे की तरह पेश करते हुए परिचय कराने की बात कहकर सबके सामने खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ इन दिनों तुर्की, अजरबैजान और तजाकिस्तान के दौरे पर हैं। अजरबैजान के लाचिन शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में शहबाज शरीफ ने अपने भाषण में तमाम बातें कबूलीं। शहबाज शरीफ जब भाषण दे रहे थे तो तुर्की के राष्ट्रपति रेसेन तैयेप एर्दोआन और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलिएव मौजूद थे। शहबाज बोले कि 9 और 10 मई की रात को हमने भारत को जवाब देने का फैसला किया। हमने तय किया था कि फजर की नमाज के बाद 4.30 बजे सुबह पाकिस्तान की सेना हमले करेगी। सेना का नेतृत्व हमारे फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर कर रहे थे। शहबाज ने कबूला कि जब तक यह समय आता, तब तक भारत ने हम पर ब्रह्मोस मिसाइल से हमला कर दिया और पाकिस्तान के कई राज्यों को हिट किया। शहबाज बोले कि हमारे फील्ड मार्शल यहां बैठे हुए हैं, मैं उनसे कहूंगा कि खड़े हो जाएं, ताकि मैं उनका सबसे परिचय करा दूं। शहबाज की बात सुनते ही कार्यक्रम में अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठे मुनीर एक स्कूली बच्चे की तरह उठकर खड़े हो गए। इसके बाद तुर्की और अजरबैजान के राष्ट्रपति तालियां बजाने लगे। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ यहीं नहीं रुके और बोल पड़े कि मुनीर ने मुझे बताया कि भारत ने फिर से हमला कर दिया है।

## चीन के राजदूत ने की गाजा में स्थाई युद्धविराम की अपील

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन एक दूत ने गाजा में स्थाई संघर्ष विराम और इस क्षेत्र में मानवीय तबाही को कम करने के प्रयासों का आह्वान किया। चीन के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि फू कोंग ने सुरक्षा परिषद को बताया कि इजरायल ने 16 मई से गाजा में सैन्य अभियान तेज कर दिया है, जिससे घनी आबादी वाले क्षेत्रों का पूर्ण विनाश हुआ है और पिछले दो हफ्तों में ही 1,000 से अधिक गाजा निवासियों की मौत हुई है। चीन ने दोहराया कि गाज़ा में स्थाई युद्धविराम में और देरी नहीं होनी चाहिए और इजरायल को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए। कांग ने कहा कि मानवीय संकट को कम करना तत्काल प्राथमिकता है।

# अमेरिकी कोर्ट ने ट्रम्प के कतरे पर, टेरिफ पर लगाई रोक

## कहा: राष्ट्रपति अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ रहे, इकोनॉमी का हवाला देकर कुछ भी करना गलत



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल 2025 को वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में टैरिफ का ऐलान किया था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ लगाने की कोशिश की।

मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रम्प के इस कदम को गैर-कानूनी ठहराया। कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने कहा कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ खास शक्तियां देता है, लेकिन कोर्ट ने माना कि ट्रम्प ने इसे बिना ठोस आधार के इस्तेमाल किया। कोर्ट ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स से इंपोर्ट पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाया है। अमेरिकी संविधान संसद को दूसरे देशों के साथ केवल व्यापार को रेगुलेट करने का विशेषाधिकार देता है। इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रपति इकोनामी का हवाला देकर अपने इमरजेंसी पावर से कुछ भी करें। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल 2025 को वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में टैरिफ का ऐलान किया था। दो मुकदमों के आधार पर फैसला दिया गया- लिबर्टी जस्टिस सेंटर ने 5 छोटे अमेरिकी बिजनेसेज की ओर से मुकदमा दायर किया, जो इन टैरिफ की वजह से प्रभावित हो रहे थे। 12 अमेरिकी आयातकों ने भी कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन दोनों ने तर्क दिया कि टैरिफ से छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान हो रहा है, क्योंकि आयातित सामान की कीमत बढ़ने से उनकी लागत बढ़ रही थी। कोर्ट ने इन दलीलों को सही माना और कहा कि राष्ट्रपति के पास इतने बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाने का संवैधानिक अधिकार नहीं है। ट्रम्प प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ तुरंत अपील करने की बात कही है।

## भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट का हकदार

■ पनामा ने खुलकर किया समर्थन, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

**पनामा सिटी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की जगह पक्की करने के लिए पनामा ने मदद के हाथ बढ़ाए हैं। पनामा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए भारत का समर्थन किया है।

पनामा के विदेश मंत्री जेवियर मार्टिनेज आचा ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होने का हकदार है। भारत और पनामा के बीच संबंध आपसी सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और समृद्धि, शांति और समावेशी विकास के लिए एक समान दृष्टिकोण पर आधारित हैं। इस दौरान कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पनामा के विदेश मंत्री जेवियर मार्टिनेज अचा के साथ बैठक के दौरान कहा कि आतंकवाद अंतर्राष्ट्रीय विवादों को सुलझाने का एक तरीका नहीं होना चाहिए। अगर कोई समस्या है, तो उससे निपटने के दूसरे तरीके भी हैं। आतंकवादियों को सीमा पार भेजना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और यह बात स्पष्ट होनी चाहिए। हमें अपराधियों, हत्यारों के पीछे जाना चाहिए और हम ऐसा करेंगे। जो लोग उन्हें सुरक्षित पनाह देते हैं, जो उन्हें सुरक्षा देते हैं, वित्तपोषित करते हैं, प्रशिक्षित करते हैं, हथियार देते हैं, भेजते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इससे पहले पनामा के विदेश मंत्री ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, जिसमें 26 लोग बेरहमी से मारे गए थे।

# पाकिस्तान पीएम की फिर जागी भारत से बातचीत करने की हसरत

## कहा: दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए।

शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान -तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही। यह एक हफ्ते में दूसरी बार है जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई है। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्की और ईरान जा चुके हैं। आज वो ताजिकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वो राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी शामिल होंगे। शरीफ ने अजरबैजान के लाचिन में कहा-हमें शांति के लिए एक साथ बैठकर बात करनी चाहिए। कुछ मुद्दों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है और इन्हें बातचीत से हल करना होगा। उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के मुता. बिक हल होना चाहिए। हालांकि भारत पहले ही साफ कर चुका है कि वह पाकिस्तान से सिर्फ पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। शरीफ ने आगे कहा-अगर भारत आतंकवाद के खिलाफ ईमानदारी से बात करना चाहता है, तो पाकिस्तान भी इसके लिए तैयार है। उन्होंने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की इच्छा भी जताई। उन्होंने पाकिस्तान को दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा शिकार बताया। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान में पिछले कई दशकों में आतंकवाद से 90,000 लोगों की जान गई है और 150 अरब डालर का नुकसान हुआ।

## ब्राजील-अमेरिका से संबंध बिना शर्त वाले नहीं है: विएरा

**रियो डी जनेरो।** ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा ने साफ किया है कि ब्राजील और अमेरिका के संबध 'बिना शर्त' वाले नहीं हैं। विएरा ने यहां चैंबर ऑफ डेप्युटीज के तहत एक समिति को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ब्राजील के साथ अमे. रिका के संबंध बिना शर्त के नहीं हैं। इस बीच ऐसी आशंकाएं जताई जा रही हैं कि नवीन अमेरिकी प्रतिबंध ब्राजील के नागरिकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विएरा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए नए वीजा निलंबित करने के अमे. रिकी सरकार के हाल के फैसले पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह एक चिंता. जनक स्थिति है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में ब्राजील के छात्र हैं और हमें इस पर नज़र रखनी होगी कि यह मामला कैसे सामने आता है। विएरा ने जोर देकर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत मेजबान देश बहुपक्षीय आयोजनों के लिए वीजा देने के लिए बाध्य हैं जिनमें संयुक्त राष्ट्र या अमेरिकी राज्यों के संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम भी शामिल हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी वीजा निलंबन के फैसले में शैक्षणिक संबंधों को बाधित करने की क्षमता होने के कारण यह ब्राजील में चिंता पैदा कर रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यह कदम प्रतिभा विनिमय में बाधा डाल सकता है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

# पाक को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में वापस लाया जाना चाहिए: असदुद्दीन ओवैसी



**रियाद।** सऊदी अरब के रियाद में भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एक के सदस्यों ने सऊदी अधिकारियों से मुलाकात की। जिसमें एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल थे। यह प्रतिनिधिमंडल भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में गया था।

इस बैठक में भारत और पाकिस्तान के संबंधों, आतंकवाद और मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बातचीत हुई। वहीं इस बैठक के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि सऊदी अरब में लगभग 27 लाख भारतीय काम करते हैं और वहां का भारतीय प्रवासी समुदाय मजबूत है। उन्होंने सऊदी अधिकारियों को बताया कि पाकिस्तान लगातार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहा है। ओवैसी ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2018 में सऊदी अरब ने भारत का समर्थन किया था।

## उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में हमला

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए हमले में एक सैन्य अधिकारी सहित चार सैनिक मारे गए। घटना बुधवार देर रात हुई, जब आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के शावल इलाके में सुरक्षा बलों की एक चौकी पर गोलीबारी की। सूत्रों के मुताबिक, हमले में एक लेफ्टिनेंट सहित चार सैनिक मारे गए। सेना के मीडिया सेल इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इसके अलावा प्रांत के मुसाखेल जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए अभियान में चार आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने उस समय मार गिराया, जब वे रारा शाम इलाके में एक राजमार्ग पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगा रहे थे।

## एमएएनयूू और यूनिसेफ ने आयोजित किया राष्ट्रीय मीडिया परामर्श



**हैदराबाद।** आपने बड़ी-छोटी गाड़ियों के पीछे ये लिखा हुआ देखा ही होगा, बेवजह हार्न न बजाएं, यह भी लिखा होता है कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी। लेकिन इन सबके बावजूद युवा पीढ़ी इन बातों पर कम ही ध्यान देती है।

नतीजा ये होता है कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाना न्यू नार्मल बन चुका है। इन्हीं सब बिंदूओं पर बच्चों और युवाओं के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में सरकार, शिक्षक, समुदाय और मीडिया के बीच मज़बूत साझेदारी की बात अक्सर की जा रही है। इसी साझेदारी को जमीन पर उतारते हुए हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया परामर्श चर्चा हुई जिसका आयोजन यूनिसेफ इंडिया और मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी (एमएएनयूू) के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग ने संयुक्त रूप से किया। इस दिनभर की चर्चा का उद्देश्य था सड़क सुरक्षा को बच्चों के अधिकार, जनस्वास्थ्य और विकास के मुद्दे के रूप में दोबारा स्थापित करना, और साथ ही यह समझना कि मीडिया कैसे व्यवहार में बदलाव, कानूनों के बेहतर पालन और सिस्टम सुधार में अपनी भूमिका और मज़बूत कर सकता है। स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन प्रो. मोहम्मद फरियाद ने यूनिसेफ के प्रतिनिधियों और हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, कोच्चि समेत कई शहरों से आए रेडियो जाकीज़ और पत्रकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# रुद्र महायज्ञ से पहले महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**अनुराग मिश्रा ,शाह टाइम्स**

**वजीरगंज।** ग्राम अमरोली में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्म दिवस के अवसर पर सातवां रुद्र महायज्ञ के आयोजन से पूर्व गांव की महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा पीत वस्त्र पहनकर ग्राम अमरोली से 4 किलोमीटर दूर वजीरगंज के भोलेनाथ धाम तक सर पर कलश रख भव्य कलश यात्रा निकल गई जहां भोलानाथ धाम पर हरिद्वार से लाये गए पवित्र गंगाजल की जल भरी की गई पुन: कलश यात्रा रुद्र महायज्ञ स्थल शांतिकुंज आश्रम स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां सह सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया रुद्र महायज्ञ के संचालक महंत श्री श्री 108 दिनेश भारती तथा सह आयोजन जनक भारती ने बताया की कल अरणी मंथन द्वारा हवन कुंड में अग्नि प्रवेश की जाएगी उसी के साथ रुद्र महायज्ञ की शुरुआत भी होगी बनारस से आयें आचार्य निलेश मिश्रा एवं अन्य सात आचार्य द्वारा रुद्र महायज्ञ संपन्न कराया जाएगा तथा रोज ही 3:00 बजे से लेकर 6:00 बजे तक पंडित सुखदेव शर्मा द्वारा भागवत कथा का आयोजन भी किया जाएगा 5 जून को रुद्र महायज्ञ की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# खेत तालाब योजना में 54 लघु तालाबों का होगा निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भूमि संरक्षण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूँ में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत ''पर ड्रॉप मोर कॉप अदर इंटरवेंशन'' घटक के अन्तर्गत खेत तालाब योजना में 54 लघु तालाब का निर्माण कराया जायेगा। जिसमें 48 तालाब सामान्य एवं 6 तालाब अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के खेत में बनाये जायेंगे। तालाब की लम्बाई 22 मी0, चौडाई 20 मी0, गहराई 3 मी0 निर्धारित है। जिसकी लागत 1.05 लाख रुपए निर्धारित की गयी है, जिसका 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में 52500 रुपए किसानो को दो किस्तो में किसान के खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 54 लघु तालाबों में से 33 लघु तालाब ऐसे लाभार्थियों के खेतों में खोदे जायेंगें, जिनको तालाब की खुदाई करवाने के बाद सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना करानी होगी। जिसके लिए उद्यान विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराने के पश्चात, उद्यान विभाग, किसान एवं फर्म का त्रिस्तरीय अनुबन्ध होने के बाद ही प्रथम किस्त 39375 रुपए का भुगतान किया जायेगा तथा पक्के कार्य के निर्माण के बाद दूसरी किस्त 13125 रुपए का भुगतान किया जायेगा, शेष 21 लघु तालाब ऐसे लाभार्थियों के खेत में खोदे जायेंगे जो पूर्व से ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग कर रहें है। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत तालाब खुदवाने वाले किसानों को पम्पसेट पर मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा 15000 रुपए अधिकतम अनुदान देय होगा। किसानों को तालाब खुदवाने के लिए अपना आवेदन कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन करना होगा। जिसमें लाभार्थी का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि चयन कन्फर्म हाने पर ऑनलाइन टोकन निकालकर निर्धारित धनराशि 1000 रुपए जमा करना होगा। तत्पश्चात अपने डॉक्यूमेंट आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक, खतौनी की फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी। योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में भूमि संरक्षण अधिकारी के कार्यालय में पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है। यह योजना जनपद के समस्त विकास खंडों में लागू की गयी है।

# लोकमाता अहिल्याबाई के जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर किया गया सम्मेलन



**शाह टाइम्स ,अनुराग मिश्रा**

**वजीरगंज ।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी के अंतर्गत कस्बे के विकासखंड कार्यालय पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता तथा अन्य वक्ताओं ने महारानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला वजीरगंज विकासखंड कार्यालय के सभागार में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भारतीय इतिहास की कुछ शख्सियतें ऐसी होती हैं जिनके आदर्श और कार्य आज के समय में भी उतनें प्रासंगिक है जितने अपने युग में थे महारानी अहिल्याबाई होलकर एक ऐसी शख्सियत है जिन्हें लो. कमाता और न्याय की देवी के रूप में जाना जाता है 18वीं शताब्दी मैं मालवा साम्राज्य की शासिका के रूप में उन्होंने न केवल अपने शासन को समृद्ध और सशक्त बनाया बल्कि समाज सुधार धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में भी ऐसे कार्य किया जो आज के भारत के लिए एक प्रेरणा का प्रतीक है 2025 में उनकी 300 बी जयंती के अवसर पर उनके जीवन को आधुनिक परिप्रेक्ष्य से देखें और समझे की शिक्षाएं आज पर कैसे लागू हो सकती हैं वही कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए। सविता शर्मा ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं को घर के बाहर निकलना भी दुश्वार था ऐसे दौर में माता अहिल्याबाई ने शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण और ज्ञान के साथ-साथ न्याय का भी आवरण ग्रहण किया जिसे उन्होंने पूरी दुनिया में अपना ही नहीं महिलाओं के नाम को भी ऊंचा किया ऐसी ही महान न्याय प्रिय धर्म प्रिया महारानी लोक माता अहिल्याबाई के 300 वी जन्म त्रिशताब्दी को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख गुड्डू देवी ने आए हुए सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त करते हुए माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही वहीं सम्मेलन में आयी समस्त महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर जयपाल दिवाकर सदस्य जिला पंचायत शशिकांत शर्मा राघव सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय नरेश चंद्र गुर्जर रिधि प्रताप सिंह जैकी वार्ष्णेय उपेंद्र सिंह मौर्य विद्या राम मौर्य रावेन्द्र शर्मा के साथ-साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# समर कैंप बच्चों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा: श्रीदत्त शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल्स समर कैंप के आठवां दिन के.डी. मोंटेसरी स्कूल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कैंप में बच्चों का दिन उत्साह, उमंग और रचनात्मकता से भरपूर रहा। सर्व प्रथम नगर के कवि श्रीदत्त शर्मा मुजतर बिसौलवी ने गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी ने गणेश वंदना की और जायंट्स प्रार्थना की। तत्पश्चात श्रीदत्त शर्मा ने बच्चों को वैदिक मैथ की उपयोगिता बताई और कुछ आसान ट्रिक्स भी सिखाई। फिर उन्होंने ग्रुप के अध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय की समर कैंप लगाकर बच्चों के कौशल विकास की पहल की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास समाज के लिए, बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होगा। राहुल वार्ष्णेय ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप के द्वारा यह साबित हो जाता है कि सीखना सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होता यह आनंद, जोश और सहभागिता से भी जुड़ा होता है। इस समय सभी विधाओं में बच्चों की भागीदारी और उत्साह देखने लायक है। इस अवसर पर ग्रुप के सचिव आदित्य वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ गौरव वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, क्षमा वार्ष्णेय, पिंकी वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, शैल कुमारी, कविता वार्ष्णेय, अंजलि वार्ष्णेय, नंदिनी वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी के पांच दिवसीय समर कैंप का समारोहपूर्वक समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी के पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने खेल, रचनात्मक और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया बल्कि प्रतिभा निखारने का मंच भी प्रदान किया। गुरुवार को समर कैंप के पांचवें दिन ब्ल्यू वर्ल्ड वाटर पार्क जाकर समापन हुआ। स्कूल के डायरेक्टर रवि जौहरी ने कहा कि यह समर कैंप एक सुरक्षित, संरक्षित और प्रेरक वातावरण में आयोजित किया गया है, जिसमें बच्चे नई गतिविधियों के माध्यम से सीखने के साथ-साथ नए मित्र भी बनाते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को ऐसे आयोजनों में प्रोत्साहित करने की अपील की। कैंप में बच्चों ने अलग अलग तरह की क्रियाकलापो जैसे नृत्य, संसार को जानना, योगा आदि की क्लास लीं। वाटर पार्क में स्विंग राइड्स की व स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर रवि जौहरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह पटेल, प्रतिभा, रोली, चिराग, वेंकटेश, अर्चना आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# शिविर में रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की : पंकज शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में एक दिवसीय रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। इस शि. विर में सीएचसी के अधिकारी कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 18 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। गुरुवार को सीएचसी एवं ब्लड बैंक जिला अस्पताल बदायूं की संयुक्त टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएचसी बिसौली के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पंकज शर्मा द्वारा रक्तदान कर किया गया। रक्तदान शिविर में सीएचसी बिसौली के अधिकारी व कर्मचारी एवं नगर के बुद्धिजीवी रक्तदाताओं द्वारा हर्ष के साथ रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। शिविर में मुख्य रूप से धीरेंद्र नाथ मिश्रा, राजकुमार सिंह, एड. अभीक्ष पाठक, मनोज कुमार टाटा, लखन शर्मा, बृजेश सिंह, मयंक शर्मा, जमाल अख्तर, विजय कुमार, रजत, सनी द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जिला अस्पताल बदायूं की बल्ड बैंक टीम द्वारा अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# कछला ब्रिज स्थल के चेतावनी व खतरे के स्तर में हुई बढ़ोत्तरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** गंगा नदी पर स्थित कछला ब्रिज स्थल के चेतावनी स्तर एवं खतरे के स्तर को पुनरीक्षित कराने हेतु केन्द्रीय जल आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में गत दिनों आहूत बैठक में वर्तमान चेतावनी स्तर एवं खतरे का स्तर जो कि क्रमश: 161.00 मी0 एवं 162.00 मी० है, को पुनरीक्षित करते हुए चेतावनी स्तर 161.80 मी0 एवं खतरे का स्तर 162.40 मी0 पर निर्धारित किया गया है।अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड उमेश चन्द्र ने बताया कि कछला ब्रिज स्थल के चेतावनी स्तर एवं खतरे के स्तर को काफी समय पूर्व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया था, जिसे केन्द्रीय जल आयोग लखनऊ द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में पुनरीक्षित किये जाने की आवश्यकता बतायी गयी थी। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति का आंकलन करने हेतु।

क्षेत्रीय अभियन्ताओं, केन्द्रीय जल आयोग के प्रतिनिधि, सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों (सहसवान, सदर एवं दातागंज) द्वारा बाढ़ के दौरान गंगा नदी के बाढ़ से प्रभावित स्थलों का समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय जल आयोग की के अनुसार चेतावनी स्तर 0.60 मीटर से 1.00 मीटर तक खतरे के स्तर से नीचे रखा जा सकता है साथ ही नदी का बाढ़ स्तर फसलों एवं प्रोपर्टीज को क्षतिग्रस्त करना प्रारम्भ कर दे, उस स्तर को खतरे का स्तर रखा जा सकता है, जोकि मध्यम बाढ़ का स्तर हो सकता है। उन्होंने बताया कि गत दिनों जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में वर्तमान स्थिति के अनुसार जनपद बदायूँ में गंगा नदी के कछला ब्रिज पर वर्तमान खतरे का स्तर 162.00 मी० एवं चेतावनी स्तर 161.00 को पुन. रीक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया। पुनरीक्षित खतरे का स्तर 162.40 मी0 एवं चेतावनी स्तर 161. 80 मी0 पर निर्धारित किया जाता है।

# रोडवेज बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मझिया गांव के अवधेश 27 वीती शाम अपने वहिनोई वीरपाल निवासी के घर गया था वहां से अपनी वाइक से भान्जें प्रेमसागर 17 और वहिनोई के साथ अपने घर मझिया आ रहे थे।

कि वह जैसे ही थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के बदायूं मुरादाबाद हाईवे दादी की रसोई के निकट पहुंचे। तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें अवधेश और प्रेम सागर की मौत हो गई जबकि वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है पुलिस ने पीतल नगरी रोडवेज बस को पकड़ लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है इस संबंध में चौकी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया मृतकों के सबों को कब्जे में लेकर पीएम कराया गया है रोडवेज बस पीतल नगरी डिपो को कब्जे में लिया गया।

# बिसौली में परिषदीय स्कूलों में बच्चों को रचनात्मकता विकास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में गुरुवार को विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, आत्म अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। गुरुवार को विकास क्षेत्र बिसौली की न्याय पंचायत सरेरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय छिबऊ कला, संविलियन विद्यालय गंदरोली, धरमपुर, चनी, ऐपुरा में संचा. लित समर कैम्प में प्रशिक्षक शिक्षक सुषमा रानी, प्रियंका, मुनेंद्र पाल सिंह, विजय कुमार, पुष्पा रानी, राजीव कुमार, सुधा रानी, संगीता आदि द्वारा योग व व्यायाम, क्राफ्ट, पेंटिंग, मेंहदी आदि आधारित रोचक गतिविधियां कराई गई जिसमें बच्चों द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया गया।

## एक नजर

# एसएसपी डा ब्रजेश कुमार सिंह एसपी देहात के के सरोज के इंसाफ से जनता में खुशी की लहर

**कामिल खान शाह ,शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूं पुलिस के लिए अपराधिक वारदातों को होने से रोकना सभव नहीं है क्योंकि कभी तो अपराधिक वारदातें मामूली सी बात के विवाद में हो जाती हैं जबकि कई मामलों में पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम देने की कहानी सामने आती है। यह बात पूरी तरह सत्य लगती है लेकिन एक बात है कि पुलिस द्वारा घटना को



एसएसपी डा ब्रजेश कुमार सिंह



एसपी देहात के के सरोज

अंजाम देने वालों तक पहुंचना और उनको अंजाम तक पहुंचाने की कार्रवाई जब होती है तो आगे से अपराधिक वारदातों को अंजाम देने से पहले योजना बनाने वाले दस बार सोचने को मजबूर हो जाते हैं और यही सोच पुलिस का मनोबल बढाती है जबकि अपराधियों का हौंसला तोड देने का काम किया करती है। बदायूं के एसएसपी के रूप में कमान सम्भालने के बाद डा ब्रजेश कुमार सिंह व एसपी देहात केके सरोज की कार्यप्रणाली इसी बात के चलते अपराधियों को भारी पड रही है क्योंकि अधिकांश अपराधिक वारदातों में उनके अधीनस्थ वर्दीधारियों की टीम ने कई बार 24 घंटे का समय बीतने से पूर्व अपराधियों तक पहुंचने और वारदात को अंजाम देने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम पूरी निष्ठा से किया है और यही कारण है कि आज बदायूं का आम आदमी एसएसपी डा ब्रजेश कुमार सिंह की कार्यप्रणाली और उनकी टीम को सैल्यूट कर रहा है। क्योंकि इसी से जनपद में नागरिकों को सुरक्षा और अपराधियों में पुलिस का खौफ नजर आ रहा है।

# 30 मई से 10 जून तक कार्डधारकों को होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आवंटित आवश्यक वस्तुयें का नि:शुल्क वितरण पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में 30 मई से 10 जून 2025 के मध्य कराया जाएगा। उन्होंने खाद्यान उठान, वितरण व सत्यापन के सम्बंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 21 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के मध्य 02 कि0ग्रा0 गेहूं तथा 03 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरित कराया जाएगा। ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जायेगा।

# 18 जुलाई तक पाण्डुलिपि मुद्रण अनुदान योजना हेतु कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाशन अनुदान योजना के अन्तर्गत ऐसे रचनाकारों को, जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय पांच लाख रुपये तक है, उनकी पाण्डुलिपि के मुद्रण के लिए अनावर्तक प्रकाशन अनुदान प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित हैं। (पुस्तक अधिकतम 200 पृष्ठों की हो) पाण्डुलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। प्रस्तुत पाण्डुलिपि वापस नहीं की जाएगी। स्वीकृत पाण्डुलिपि लेखक अथवा लेखक के उत्तराधिकारी द्वारा मुद्रित करायी जायेगी। निर्धारित तिथि तक संस्थान में मुद्रित पुस्तक की पाँच प्रतियाँ एवं मुद्रक का प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, तीन प्रेसों के कोटेशन, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। शोध ग्रंथों अथवा सम्पादित पाण्डुलिपि अनुदान हेतु स्वीकार नहीं की जायेगी। नियमानुसार अनुदान लेखक को स्वीकृत होगा। इस योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जुलाई, 2025 है। योजनाओं का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की osclkbV www-uphindisansthan-पद पर भी उपलब्ध है।

# 15 जून तक करे प्रशिक्षण एवं टूलकिट हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में देडवार लक्ष्य बढई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी अग्दि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक 15 जून 2025 तक वेबसाइट diupmsme-upsdc-gov-पद पर आनला. इन आवेदन कर सकते है। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तों के बारे में बताया कि इसके लिए आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०, ओ०बी०सी० वर्ग के, आधार कार्ड लिये) 5 आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पढे लिखे होने पर शौक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी जानकारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदन कर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए, आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में गाम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका व नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। उन्होंने बताया कि परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है।

# ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई ललित कुमार ने यात्रियों का रोडवेज बस में छूटा बैग दिलाया वापस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ट्रैफिक पुलिस ने रोडवेज बस में यात्रियों का छूटा हुआ बैग उन्हें वापस दिलाकर एक सराहनीय कार्य किया ट्रैफिक पुलिस में तैनात टीएसआई ललित कुमार ने मानवता की मिसाल पेश कर ट्रैफिक पुलिस का गौरव बढ़ाने का काम किया है। रजनीश निवासी घटबेटी थाना बिनावर अपनी बहन सीमा, ज्ञान देवी के साथ शेखूपुर से बरेली जाने के लिए रोडवेज बस का इंतजार कर रहे थे गलती से मथुरा जाने वाली बस में बैठ गए जब उन्हें पता चला तो आनन-फानन में तीनों सवारियां बस से पुलिस लाइन चौराहे पर उतर गई। मगर बैग उसी रोडवेज बस में छूट गया बस मथुरा की तरफ चली गई। पुलिस लाइन चौराहे पर तैनात टीएसआई ललित कुमार ड्यूटी कर रहे थे। यात्रियों उन्हें बताया कि मथुरा जाने वाली रोडवेज बस में हमारा बैग गलती से छूट गया है जिसमें कुछ जरुरी कागजात है उन्होंने अपनी चीता मोबाइल बस के पीछे दौड़ा दी और बस को मेडिकल कॉलेज के पास पकड़कर यात्रियों का बैग सही सलामत उन्हें वापस दिला दिया। बैग मिलने से यात्री मुस्कुराते नजर आए। ट्रैफिक पुलिस ने इस कार्य से एक मानवता की मिशाल पेश की है ललित कुमार ट्रैफिक पुलिस में टीएसआई के पद पर तैनात हैं, ऐसे कर्तव्यनिष्ठ पुलिस वाले ट्रैफिक पुलिस का मान बढ़ रहे है। उन्होंने यात्रियों को सहायता देकर एक सराहनीय कार्य किया है।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# 5 जून तक करें आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य एसके वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बदायूँ के 06 राजकीय (बदायूँ, दातागंज, बिसौली, बिल्सी, कादरचौक एवं दहगवां) व 07 निजी (ग्लोवल, विवेकानन्द, बगरैन, वी0के0, पोपसिंह एवं जी0जेएस0) औधौगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त 2025 प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेवसाइट www-scvtup-पद को खोलना होगा तथा उस पर बने लिंक ऑनलाइन सबमिशन ऑफ एप्लीकेशन फॉर सेशन 2025-26 फॉर गर्वमेंट/प्राईवेट आईटीआई पर क्लिक कर अपना फार्म भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून 2025 तक रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन से पूर्व ओटीपी से मोबाइल नम्बर का सत्यापन कराना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे प्रीव्यू वाले पृष्ठ पर अंकित प्रोसीड फॉर पेमेंट के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान करना होगा। ऑनलाइन भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग, डेविट कार्ड, क्रेडिट कार्ड अथवा यू0पी0आई0 के माध्यम से किया जा सकता है जिस हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया व स्टेटबैंक ऑफ इण्डिया के पैमेंट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यार्थी अपना फार्म का प्रिन्ट आउट ले सकेगा।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यार्थियों द्वारा की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु दो दिन (48) घण्टे का समय दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई-फार्म में वेवसाइट www-scvtup.पद पर उपलब्ध है ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 05 जून 2025 तक रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी, प्रशिक्षार्थी द्वारा आवे. दन करने की आयु 14 वर्ष से 40 वर्ष तक है, कक्षा-आठ उत्तीर्ण छात्राओं हेतु निम्न व्यवसायों ड्रेसमेंकिग, स्वीइंग टैक्नोलौली वर्ष-2025 अगस्त में प्रवेश हेतु सुनहरा मौका है वह उक्त व्यवसायों से आई0टी0आई0 करने पर रोजगार के भविष्य में अच्छे अवसर मिल सकते हैं, ऐसे ही कक्षा 10 पास छात्राओं हेतु व्यवसाय- फैशनटैक्नोलौजी, कास्टोमौलौजी, में प्रवेश का सुनहरा मौका है। उन्होंने बताया कि शुल्क का विवरण- सामान्य व पिछडा वर्ग हेतु 250 रूपये एवं अनुसूचित जाति व जनजाति हेतु शुल्क 150 रूपये है।

जनपद में संचालित व्यवसाय-इलैक्ट्रीशियन, फिटर ,कोपा, वायरमैन, इलैक्ट्री पावर डिस्ट्रीव्यूशन, मशीनिष्ट, फिजियोथरेपी, प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर मैकेनिक मोटर व्हीकल, वैल्डर, प्लम्बर, टर्नर, कास्टोमौलौजी, ड्रेसमेंकिग, स्वीइंग टैक्नोलौली, पेन्टर जनरल, आई0 सी0टी0 एस0एम0, आर0 ए0 सी0 ,फैशनटैक्नोलौजी, स्टैनो हिन्दी/ अंग्रेजी, मैकेनिक कन्ज्यूमर इलैक्ट्रानिक्स एपलाइन ,टाटा टैक्नोलौजी के अन्तर्गत आई0टी0ओ0टी0, रोवोटिक्स, इलैक्ट्रीक मोटर व्हीकल ,प्लम्बर आदि है।